राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
सत्य, निष्पक्ष भारत

नई दिल्ली, उत्तराखंड व हरियाणा से प्रकाशित

उत्तम भारत

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत् 2082 ▸▸ वर्ष: 10 ▸▸ अंक: 311 ▸▸ नई दिल्ली ▸▸ गुरुवार, 26 नवम्बर 2026 ▸▸ मूल्य: 3.00 ▸▸ पृष्ठ: 12, (www.uttambharatnews.com), RNI No. DELHIN/2017/75336



मोदी कैबिनेट के 5 बड़े फैसले, कहीं बनेगा नया एयरपोर्ट तो कहीं होगा पोर्ट का विस्तार

19,934 करोड़ खर्च करेगी सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को देश के इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और डाक सेवाओं को मजबूत करने के लिए पांच बड़े फैसले लिए गए। सरकार इन योजनाओं पर कुल 19,934 करोड़ खर्च करेगी। इन फैसलों में जहां असम के सिलचर में नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने को मंजूरी दी गई है, वहीं तमिलनाडु के कामराजार पोर्ट पर दूसरा कंटेनर टर्मिनल भी विकसित किया जाएगा। इसके अलावा निर्माण और बुनियादी ढांचे से जुड़े उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 11,000 करोड़ की योजना को मंजूरी मिली है। आइए जानते हैं कि आज की कैबिनेट मीटिंग में क्या-क्या बड़े फैसले लिए गए।



निर्माण उपकरणों के लिए 11,000 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी। कैबिनेट ने देश में कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट यानी निर्माण और बुनियादी ढांचे से जुड़े उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 11,000 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2033-34 तक आठ साल के लिए लागू होगी। प्रेस ब्रीफिंग में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत का उद्योग दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उद्योग है। वित्त वर्ष 2024-25 में इसका बाजार करीब 97,000 करोड़ का था। हालांकि, इस क्षेत्र की लगभग 45 फीसदी जरूरतें आयात से पूरी होती हैं। ऐसे में सरकार का लक्ष्य देश में ही आधुनिक उपकरणों के निर्माण की क्षमता विकसित करना और आयात पर निर्भरता कम करना है। इस योजना के तहत सात तरह के उपकरणों के घरेलू उत्पादन पर खास ध्यान दिया जाएगा। इनमें टनल बोरिंग मशीन, ऑफ-हाईवे ट्रक, एक्सकेवेटर, क्रेन, लोडर, पाइलिंग रिग और ड्रिलिंग मशीन शामिल हैं। इन उपकरणों का इस्तेमाल सड़क, सुरंग, पुल और अन्य बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में होता है।

कामराजार पोर्ट पर बनेगा दूसरा कंटेनर टर्मिनल

कैबिनेट ने तमिलनाडु के कामराजार पोर्ट लिमिटेड में दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना पर करीब 4,288 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत यानी डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और हस्तांतरण के आधार पर विकसित किया जाएगा। इस टर्मिनल को 111 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। इसकी सालाना क्षमता 20 लाख (ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट) होगी। टर्मिनल का बर्थ 900 मीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा होगा। यहां 24,346 तक क्षमता वाले और 400 मीटर तक लंबे बड़े कंटेनर जहाजों को संभाला जा सकेगा। परियोजना की रियायत अवधि 40 साल तय की गई है। इससे बंदरगाह की कंटेनर हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने और समुद्री व्यापार को मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है।



असम के सिलचर में बनेगा नया एयरपोर्ट

कैबिनेट ने असम के सिलचर में डोलू इलाके में नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 2,014 करोड़ खर्च होंगे। इसका पूरा खर्च एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने आंतरिक संसाधनों से उठाएगी। नए एयरपोर्ट में व्यस्त समय के दौरान एक घंटे में 800 यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। इसमें 400 यात्री आने और 400 यात्री जाने की क्षमता शामिल है। इसकी सालाना यात्री क्षमता 10.1 लाख होगी। फिलहाल सिलचर का मौजूदा एयरपोर्ट भारतीय वायुसेना के स्वामित्व में है, जहां करीब 70 एकड़ क्षेत्र में सिविल एन्क्लेव संचालित करती है। जगह की कमी के कारण मौजूदा एयरपोर्ट का विस्तार करना मुश्किल है। नया एयरपोर्ट बनने से बराक वैली और पूर्वोत्तर के आसपास के इलाकों की हवाई कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। इससे पर्यटन और क्षेत्रीय कारोबार को भी बढ़ावा मिल सकता है।

अब हाई-टेक पार्सल हब से लैस होगा इंडिया पोस्ट

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े डाक नेटवर्क इंडिया पोस्ट को आधुनिक और हाई-टेक बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग चक्र (वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31) के लिए 1,141 करोड़ रुपये के बजट के साथ केंद्रीय क्षेत्र की योजना पोस्टल ऑपरेशंस (डाक संचालन) को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। पांच साल तक चलने वाली इस योजना का मुख्य उद्देश्य डाक बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना, अंतिम छोर तक डिलीवरी (लास्ट-माइल डिलीवरी) को मजबूत बनाना और ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स व डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देना है।



केंद्रीय रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव कैबिनेट के फैसलों के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए। फोटो : अम्लान पालीवाल

वर्तमान में इंडिया पोस्ट के पास देशभर में 1.65 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 1,49,655 डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। दूर-दराज के इलाकों में यह नेटवर्क डाक और पार्सल के अलावा कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाएं उपलब्ध कराता है। इनमें पोस्ट ऑफिस सेविंग्स बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस, आधार नामांकन और अपडेट, पासपोर्ट सेवा केंद्र, केवाईसी सत्यापन और डाकघर निर्यात केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण कारीगरों को निर्यात सहायता शामिल है। यह नई योजना डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्यों को गति देगी।

मेल नेटवर्क ऑप्टिमाइजेशन (575 करोड़ रुपये) : सबसे बड़ा हिस्सा मेल संचालन के आधुनिकीकरण पर खर्च होगा। इसके तहत एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी, जीआईएस आधारित सेवाओं, मशीनीकरण और सेंट्रलाइज्ड डिलीवरी सिस्टम को लागू किया जाएगा।

कांग्रेस हिंसा के जरिए सत्ता बदलना चाहती है : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वह अपनी सत्ता परिवर्तन की योजना के जरिए अराजकता फैला रही है। कर्नाटक के कलबुर्गी में एक भाषण के दौरान, राजनाथ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को चेतावनी दी कि सड़कों पर उनकी पार्टी के हंगामे से भारत के लोकतंत्र को कमजोर नहीं किया जा सकता। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब, जब उनके सारे हथकंडे फेल हो गए हैं, तो कांग्रेस पार्टी और उसके कई सहयोगी कह रहे हैं कि 'मोदी ऐसे जाने वाले नहीं हैं; अब यहां सत्ता परिवर्तन होना चाहिए।' वे अराजकता फैलाकर, अशांति पैदा करके और खून-खराबा भड़काकर यहां की सरकार बदलना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे कई पड़ोसी देशों में इसी तरह से सत्ता परिवर्तन हुआ है; क्या वे वैसी ही अराजकता फैलाकर यहां सरकार बनाना चाहते हैं? मैं कांग्रेस के राहुल गांधी को साफ तौर पर बता देना चाहता हूं कि भारत का लोकतंत्र इतना कमजोर नहीं है कि आपकी पार्टी के लोग सड़कों पर हंगामा करके इसे कमजोर कर सकें।

राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर सवाल उठा रही है। क्या आपके समय में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें नहीं थीं? मैं कहना चाहता हूँ कि आप चाहे जिस तरीके से चुनाव करवा कर देख लें।

धामी सरकार का खेलों पर बड़ा दांव, मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी की इनामी राशि दोगुनी

50 खेलों में दिखेगा प्रतिभाओं का दम, हर ग्राम पंचायत में बनेगा मुख्यमंत्री खेल क्लब



उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। *मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी की पुरस्कार राशि बढ़ाने को मंजूरी दी है। प्रतियोगिता में शामिल खेलों की संख्या 32 से बढ़ाकर 50 करने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री खेल क्लब गठित करने का भी निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत न्याय पंचायत स्तर पर प्रथम पुरस्कार 400, द्वितीय 300 और तृतीय 200 रुपये होगा। विधानसभा स्तर पर पुरस्कार राशि क्रमशः 700, 500 और 400 रुपये निर्धारित की गई है। संसदीय क्षेत्र स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार 1000, 800 और 600 रुपये होंगे।*

राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 2000, द्वितीय 1500 और तृतीय 1000 रुपये किया गया है। वहीं, ओवरऑल विजेता जनपद को मिलने वाली मुख्यमंत्री कप की धनराशि पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। प्रतियोगिताओं में पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों को होमगार्ड जवानों की तर्ज पर मानदेय देने के लिए समिति गठित करने तथा विभिन्न विभागों में कार्यरत सफाई कर्मियों का मानदेय बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

इसके अलावा आमवाला में मिनी स्टेडियम और अग्निवीर प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिए भूमि हस्तांतरण को अनुमोदन दिया गया। चम्पावत की ग्राम पंचायत ढकना बडोला में श्री ऐड़ी ब्यानधुरा भूमिया मेला स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए 109.88 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

एडवांस्ड ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का नया हब बन रहा मेरठ : योगी

मेरठ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्रांति और वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे की कड़ी में बुधवार को एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर में वैश्विक दिग्गज बॉल कॉर्पोरेशन की नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का शिलान्यास किया।



मेरठ में दो हजार 900 करोड़ से अधिक के निवेश से स्थापित होने जा रही एल्युमिनियम बेवरेज कैन की इस विश्वस्तरीय इकाई के भूमिपूजन अवसर पर मुख्यमंत्री ने बुधवार को बॉल कॉर्पोरेशन की पूरी टीम का हृदय से आभार जताते हुए कहा कि यह प्लांट आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने प्रदेश में आ रहे निवेश की निरंतरता का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले सीएनएच इंडस्ट्रियल के एक हजार 200 करोड़ से अधिक के नए प्लांट का भूमिपूजन हुआ, दो दिन पूर्व ताइवान की क्रिएटिव सेंसर के साथ एक हजार 100 करोड़ से अधिक के निवेश पर सार्थक संवाद हुआ और आज मेरठ में बॉल कॉर्पोरेशन का शिलान्यास हो रहा है, जो उत्तर प्रदेश के प्रति बढ़ते वैश्विक विश्वास का जीवंत प्रमाण है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए एक एंकर यूनिट के रूप में कार्य करेगी। इससे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। स्थानीय एमएसएमई, पैकेजिंग सप्लायर्स, लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और रीसाइक्लिंग पार्टनर्स के लिए भी व्यापार के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ओडीओपी स्पोर्ट्स गुड्स के लिए विश्व प्रसिद्ध मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण भी हो रहा है और अब स्पोर्ट्स व पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ मेरठ एडवांस्ड ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का भी प्रमुख केंद्र बन रहा है।

मेरठ में दो हजार 900 करोड़ का निवेश

बॉल कॉर्पोरेशन द्वारा मेरठ के चयन को अत्यंत दूरदर्शी निर्णय बताते हुए उन्होंने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, दिल्ली-एनसीआर व 25 हजार हेक्टेयर के यीडा क्षेत्र, जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की निकटता तथा ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की पहुंच मेरठ को तेज, निर्बाध और वर्ल्ड-क्लास मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए उद्योग, निवेश और लॉजिस्टिक्स के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज भारत में सॉफ्ट ड्रिंक्स, जूस, एनर्जी ड्रिंक्स और रेडी-टू-ड्रिंक बेवरेज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है।

शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब के किसानों के सुझाव सुने



चंडीगढ़, एजेंसी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को पंजाब के तरनतारन जिले के ग्राम बूह हवेलियां में आयोजित किसान चौपाल में शिरकत कर अन्नदाताओं के साथ सीधा संवाद किया। खेतों के बीच किसानों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।

कहा, किसानों की सेवा सतगुरु की सच्ची पूजा

उन्होंने कहा कि वे कोई बड़ी राजनीतिक सभा करने नहीं, बल्कि एक सेवक के रूप में किसानों के बीच बैठकर उनकी बात समझने आए हैं। इस दौरान उन्होंने पंजाब सरकार से किसानों के हित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू करने का आग्रह किया और मोदी सरकार की किसान हितैषी नीतियों तथा एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद की प्रतिबद्धता को दोहराया।

किसान चौपाल को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने भावुक और आत्मीय अंदाज में कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके पूरे देश का पेट भरता है। उन्होंने कहा, मैं कोई नेता-वेता नहीं हूं, मैं तो किसानों का सेवक हूं। गुरु नानक देव जी ने भी यही संदेश दिया है कि अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष से दूर रहकर सेवा करनी चाहिए। मंत्री पद किसी अहंकार के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए मिला है और मेरे लिए किसानों की सेवा ही सतगुरु भगवान की पूजा है।

पंजाब के किसानों के ऐतिहासिक योगदान को नमन करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जब देश में अन्न का संकट था और बाहर से लाल गेहूं मंगाना पड़ता था, तब पंजाब के किसानों ने ही हरित क्रांति लाकर देश के अन्न के भंडार भरे थे। लेकिन आज अत्यधिक रासायनिक खाद, कीटनाशक और पराली जलाने के कारण हमारी धरती माता की सेहत बिगड़ रही है।

कश्मीर में बढ़ी ठंड, इस सीजन का सबसे कम तापमान

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में बुधवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गई। श्रीनगर में पारा माइनस 1.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश में 3 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। रात में आसमान साफ रहने के कारण आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस सीजन में अब तक का सबसे कम तापमान है। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री, जबकि



पहलगाम में माइनस 3.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

इस बीच, जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कटरा में यह 10.2 डिग्री, बटोटे में 10.6 डिग्री, बनिहाल में 8.9 डिग्री और भद्रवाह में 3.2 डिग्री सेल्सियस रहा। घाटी में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कश्मीरी लोगों ने अपना पारंपरिक ऊनी परिधान ह्यफेरनह्ल पहनना शुरू कर दिया है। यह ढीले गाउन जैसा होता है और इसका मोटा ऊनी कपड़ा ठंड से बचाव करता है। दफ्तर जाने वाले स्थानीय लोग आमतौर पर गर्म ऊनी कपड़े पहनते हैं, हालांकि अब फेरन की सिलाई और डिजाइन में भी बदलाव किए गए हैं, ताकि इसे दफ्तरों में भी पहना जा सके। अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों में शीतकालीन अवकाश का फैसला ठंड की तीव्रता को देखते हुए किया जाएगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम का धमाकेदार प्रदर्शन: चीन को 6-2 से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को भोपाल के इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चीन को 6-2 से रौंद दिया। सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना चुकी टीम ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की। यह चीन के खिलाफ टूर्नामेंट के इतिहास में भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत साबित हुई। इस शानदार प्रदर्शन के साथ भारतीय महिला टीम एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। अक्टूबर 2003 में रैंकिंग शुरू होने के बाद से यह भारतीय महिला टीम की अब तक की सबसे ऊंची रैंकिंग है। भारत ने पूरे मैच में चीन पर दबदबा बनाए रखा। आक्रामक खेल की कमान दीपिका ने संभाली, जिन्होंने पहले क्वार्टर में ही शानदार हैट्रिक लगाई। लालरेमसियामी, नेहा और साक्षी राणा ने भी एक-एक गोल करके इस बड़ी जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



मैच की शुरूआत तेज गति से हुई। पहले ही मिनट में दीपिका ने शानदार रिवर्स-हिट से खाता खोला। ऋतुजा दादासो पिसल और सलीमा टेटे के सटीक पास से मौका बना और दीपिका ने तीन डिफेंडरों को छकाते हुए गोल दाग दिया। छठे मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने दूसरा गोल किया, जबकि 14वें मिनट में हैट्रिक पूरी कर ली। दूसरे क्वार्टर में लालरेमसियामी ने 19वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-1 किया। इसके बाद 22वें मिनट में नेहा ने रिवर्स फ्लिक से गोल दागकर हाफ-टाइम तक भारत को 5-1 की मजबूत बढ़त दिला दी। चीन ने पहले क्वार्टर के अंत में फेंग किंगमियाओ के पेनाल्टी कॉर्नर से एक गोल किया था। हाफ-टाइम के बाद चीन ने आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन भारतीय डिफेंस ने डटकर मुकाबला किया। गोलकीपर बिचू देवी ने अहम बचाव किए। 33वें मिनट में साक्षी राणा ने हवा में आए पास को कंट्रोल करके जोरदार शॉट से गोल किया और स्कोर 6-1 कर दिया। भारत ने अंत तक नियंत्रण बनाए रखते हुए 6-2 की जीत दर्ज की। पूजा साहू और ज्योति ने डिफेंस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दीपिका की हैट्रिक ने मैच पर किया कब्जा

दूसरे क्वार्टर में भी जारी रहा दबदबा

दूसरे हाफ में साक्षी का गोल और मजबूत डिफेंस

इस जीत के साथ भारत के 12 अंक हो गए हैं। टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही टीम का अगला मुकाबला बुधवार शाम 7 बजे जापान से होगा। जापान भी 12 अंकों के साथ अजेय है। अन्य मुकाबलों में दक्षिण कोरिया ने थाईलैंड को 1-0 से हराया, जबकि जापान ने मलेशिया को 3-1 से शिकस्त दी। भारतीय टीम अब अपने आखिरी राउंड-रॉबिन मुकाबले में जापान का सामना करते हुए टॉप पर बने रहने की कोशिश करेगी।

निगमायुक्त संजीव खिरवार ने रोहिणी क्षेत्र का किया निरीक्षण भलस्वा लैंडफिल साइट पर बायो माइनिंग कार्यों का लिया जायजा

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। निगमायुक्त संजीव खिरवार ने बुधवार को बाहरी उत्तर क्षेत्र के रोहिणी सेक्टर-23 का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निगमायुक्त ने इलाके में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

संजीव खिरवार ने बाहरी उत्तर क्षेत्र के वार्ड नंबर-27, बेगमपुर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने इलाके में सफाई व्यवस्था की स्थिति दुरुस्त बनाए रखने के आदेश दिए। रोहिणी सेक्टर-32 एवं दीप विहार का भी निरीक्षण किया एवं वहां पर धूल कम करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम दिल्ली को साफ, स्वच्छ एवं हरित शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कार्य करते हुए निगम के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में जाकर स्वयं निरीक्षण कर रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान बाहरी उत्तर क्षेत्र के उपायुक्त राघवेंद्र मीणा सहित दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, संजीव खिरवार ने आज भलस्वा लैंडफिल साइट पर जारी बायो माइनिंग कार्यों का जायजा लिया। निगमायुक्त ने भलस्वा लैंडफिल साइट कचरे के निस्तारण की प्रगति का जायजा लिया और कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर बचे कूड़े को जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए।

निगमायुक्त ने भलस्वा लैंडफिल साइट पर जमा नए कूड़े के निस्तारण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर जमा लीगेसी कचरे के निस्तारण के मासिक लक्ष्य हर हाल में पूरे किए जाने चाहिए ताकि लीगेसी कचरे का समय से निस्तारण हो सके। उन्होंने भलस्वा लैंडफिल साइट पर आ रहे नए कूड़े का निस्तारण भी जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रमुख अभियंता केके शर्मा सहित दिल्ली नगर निगम के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिल्ली में जुटेंगे देशभर के हुनरमंद कारीगर, 27 नवंबर से सजेगा हस्तशिल्प और कला का बाजार

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। 'कारीगर बाजार' के दूसरे संस्करण का आयोजन 27 नवंबर से 6 दिसंबर तक यहां के लोधी रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। दस दिन के इस आयोजन में 26 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 250 से अधिक कारीगर और शिल्पकार अपनी कला एवं हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। कैलेंडर देखें

इनमें राष्ट्रीय पुरस्कार और संत कबीर पुरस्कार से सम्मानित शिल्पकारों के साथ जीआई टैग प्राप्त कला के विशेषज्ञ, पारंपरिक बुनकर, महिला कारीगर, स्वयं सहायता समूह और उभरते हुए उद्यमी शामिल होंगे।

बाजार में बनारसी, चंदेरी, महेश्वरी और इकत जैसे पारंपरिक वस्त्रों के साथ ब्लॉक प्रिंटिंग, चिकनकारी, कच्छ कढ़ाई, मधुबनी, गोंड चित्रकला, टेराकोटा, ब्लू पॉटरी, धातु एवं लकड़ी की नक्काशी, पारंपरिक आभूषण और पर्यावरण अनुकूल हस्तशिल्प उत्पादों की विविधता देखने को मिलेगी।

इस बार कारीगर एक्सपीरियंस सेंटर भी विशेष आकर्षण होगा, जहां आगंतुक बुनाई, कढ़ाई, मिट्टी के बर्तन बनाने, चित्रकला और नक्काशी जैसी पारंपरिक कलाओं का लाइव प्रदर्शन देख सकेंगे। इसका उद्देश्य लोगों को उत्पादों के साथ-साथ उनके पीछे की कला, तकनीक और कारीगरों की पीढ़ियों से चली आ रही विरासत से जोड़ना है। कारीगर बाजार के निदेशक एवं सह-संस्थापक आमिर खान ने कहा कि पिछले संस्करण को मिले उत्साहजनक प्रतिसाद के बाद इस बार आयोजन को और व्यापक स्वरूप दिया गया है।

पूर्वी दिल्ली के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए नेशनल स्कूल गेम्स में जगह बनाने का मौका

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के स्कूली क्रिकेट खिलाड़ियों के पास राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका है। 70वें नेशनल स्कूल गेम्स 2026-27 के तहत दिल्ली की अंडर-17 बालक क्रिकेट टीम तैयार करने के लिए शिक्षा निदेशालय की स्पोर्ट्स ब्रांच 27 नवंबर से प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जा रही है। इस शिविर के जरिए पूर्वी दिल्ली के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी दिल्ली की टीम में जगह बनाने के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकेंगे। शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार, 27 नवंबर से 4 दिसंबर तक भारत नगर, अशोक विहार में क्रिकेट का कोचिंग एवं ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा।

इसके लिए दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स और सेंट्रल जोन (सीबीएसई) में निर्धारित क्रिकेट मानक पूरे करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे शिविर स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। पूर्वी दिल्ली के खिलाड़ियों के लिए राहत की बात यह है कि निर्धारित मानक पूरे करने वाले ऐसे खिलाड़ी, जिनका नाम पहले जारी चयन सूची में शामिल नहीं हो पाया था, वे भी सीधे प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर हिस्सा ले सकते हैं। ऐसे में पूर्वी दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले अंडर-17 क्रिकेट खिलाड़ियों के पास अपनी प्रतिभा साबित करने और दिल्ली टीम में जगह बनाने का अवसर है। शिविर में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर दिल्ली की टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। 10 से 15 दिसंबर तक ग्वालियर के सिंधिया स्कूल क्रिकेट ग्राउंड में 70वें नेशनल स्कूल गेम्स आयोजित होंगे। इसमें दिल्ली की टीम दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करेगी।

वैश्विक व्यवस्था में ग्लोबल साउथ की दावेदारी पर जेएनयू में होगा मंथन

नई दिल्ली। वैश्विक राजनीति में बदलते समीकरणों और आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच ग्लोबल साउथ की भूमिका और भविष्य की वैश्विक व्यवस्था पर मंथन के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में 28 से 30 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इंटरनेशनल स्टडीज एसोसिएशन-एशिया पैसिफिक (आईएसए एपी) के इस सम्मेलन की मेजबानी जेएनयू का सेंटर फॉर इकोनॉमिक स्टडीज एंड प्लानिंग (सीईएसपी) करेगा। सम्मेलन की थीम हाशिये से नेतृत्व तक : ग्लोबल साउथ और एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय व्यवस्था का भविष्य रखी गई है। इसमें दुनिया की बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों, ब्रिक्स, जलवायु सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व में भारत की भूमिका पर चर्चा होगी।

19 आईआईटी की महिला शिक्षकों ने की संस्थागत सहयोग और नेतृत्व पर चर्चा



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। आईआईटी में महिला शिक्षकों की भागीदारी बढ़ाने, उन्हें नेतृत्व के अधिक अवसर उपलब्ध कराने और संस्थानों के बीच सहयोग मजबूत करने के उद्देश्य से आईआईटी दिल्ली में आईआईटी महिला फैकल्टी मीट आयोजित की गई। इसमें देश के 19 आईआईटी की महिला फैकल्टी सदस्यों और शैक्षणिक नेतृत्व से जुड़े प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में महिला शिक्षकों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार करने, मार्गदर्शन, शोध में सहयोग और नेतृत्व की संभावनाओं पर चर्चा हुई। आईआईटी दिल्ली के एकेडमिक आउटरीच एंड न्यू इनिशिएटिव्स कार्यालय की ओर से आयोजित इस बैठक का उद्देश्य महिला शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ साझा प्रयासों को ठोस पहल में बदलना था। बैठक की शुरूआत में आईआईटी दिल्ली की एसोसिएट डीन (एकेडमिक्स, आउटरीच एंड न्यू इनिशिएटिव्स) प्रो. शिल्पी शर्मा ने कहा कि महिला नेतृत्व को जोड़ने और आगे बढ़ाने के लिए एक निरंतर और संगठित आवाज की जरूरत है। साझा संवाद को व्यावहारिक प्रगति में बदलना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने कहा कि संस्थान में छात्राओं, महिला कर्मचारियों और शिक्षकों की हिस्सेदारी बढ़ रही है, लेकिन लैंगिक समानता का लक्ष्य हासिल करने के लिए अभी काफी काम करना बाकी है। उन्होंने अकादमिक संस्थानों में लैंगिक संवेदनशीलता, समानता और महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान इसके लिए प्रतिबद्ध है।

विदेश जाने से रोके जाने पर सौरव दास ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संयोजक सौरव दास को मंगलवार देर रात दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ब्रिटेन जाने वाली उड़ान में सवार होने से रोक दिया गया। इसके बाद बुधवार को उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। सौरव दास को ऑक्सफोर्ड यूनियन में 1 दिसंबर को होने वाले पैनल डिस्कशन सहित ब्रिटेन के कई विश्वविद्यालयों में कॉकरोच मूवमेंट पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्हें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में भी कार्यक्रमों में भाग लेना था। हवाई अड्डे पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने उनके पासपोर्ट को फ्लैग कर दिया। दास के अनुसार, उड़ान से महज कुछ घंटे पहले विदेश मंत्रालय की ओर से उनके जन्मस्थान से संबंधित विवरणों में विसंगतियों का हवाला देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें न तो कोई लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) दिखाया गया और न ही यात्रा प्रतिबंध से संबंधित कोई आदेश। दास के वकील ने अदालत में दलील दी कि वे अब भी 27 नवंबर की उड़ान से ब्रिटेन पहुंच सकते हैं, इसलिए मामले की तत्काल सुनवाई आवश्यक है। दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने याचिका को 26 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।सीजेपी नेताओं का आरोप है कि यह कार्रवाई राजनीतिक विरोध और युवा आंदोलन से जुड़े होने के कारण की गई है। पार्टी ने कहा कि दास के पास वैध पासपोर्ट और वीजा था तथा उनकी पूर्व जमानत शर्तों में विदेश यात्रा पर कोई प्रतिबंध नहीं था।

इंजीनियर राशिद मामले में ईडी ने मांगा समय

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को बारामूला के सांसद अब्दुल राशिद शेख उर्फ इंजीनियर राशिद की याचिका पर सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगा। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने एजेंसी को समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर तय की। ईडी की ओर से अधिवक्ता राहुल त्यागी ने विशेष लोक अभियोजक से परामर्श करने और आवश्यक निर्देश लेने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। पिछली सुनवाई में बचाव पक्ष ने दलील दी थी कि राउज एवेन्यू स्थित विशेष एनआईए अदालत ने ऐसे ईमेल के आधार पर आरोप तय किए, जिसका संबंध राशिद से नहीं था। यह ईमेल कथित तौर पर सह-आरोपी यासीन मलिक को भेजा गया था। बचाव पक्ष ने 1.20 करोड़ रुपये की अस्थायी कुर्की को भी राशिद से जोड़ने पर सवाल उठाए थे।

डूसू कार्यकारिणी चुनाव का बिगुल बजा, तीन दिसंबर को होगा मतदान

27 नवंबर तक नामांकन करा सकेंगे, नामांकन पत्रों की जांच भी उसी दिन होगी

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में डूसू छात्र संघ चुनाव संपन्न होने के बाद इसकी कार्यकारिणी बनाने के लिए चुनाव होंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की 11 सदस्यीय कार्यकारी परिषद (एग्जीक्यूटिव काउंसिल) के चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यकारिणी चुनाव के लिए मतदान तीन दिसंबर को होगा। उसी दिन चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया 27 नवंबर को समाप्त हो जाएगी।

चुनाव कार्यक्रम के अनुसार इच्छुक उम्मीदवार 27 नवंबर दोपहर दो बजे तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद दोपहर 2:30 बजे से नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की जाएगी और शाम पांच बजे तक योग्य उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। इसके अगले दिन यानी 28 नवंबर को उम्मीदवार शाम चार बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद शाम पांच बजे चुनाव मैदान में डटे अंतिम उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी।

तीन दिसंबर को मतदान सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर एक बजे तक चलेगा। मतदान संपन्न होने के महज डेढ़ घंटे बाद, दोपहर 2:30 बजे से मतों की गिनती शुरू कर दी जाएगी और शाम तक नतीजे स्पष्ट हो जाएंगे। चुनाव से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं नॉर्थ कैंपस स्थित डीयू के गेट नंबर-4 के सामने बॉटनी विभाग के पास बने कॉन्फ्रेंस सेंटर में चुनाव अधिकारी के कार्यालय से संचालित होंगी।

इस चुनाव में केवल डूसू केंद्रीय परिषद (सेंट्रल काउंसिल) के सदस्य ही हिस्सा ले सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान प्रवेश के लिए चुनाव कार्यालय से जारी गेट पास दिखाना अनिवार्य होगा, जिसके लिए संबंधित कॉलेज के प्रिंसिपल या विभागाध्यक्ष से सत्यापित फॉर्म जमा करना होगा। साथ ही, उम्मीदवारों को अपने कॉलेज या संस्थान का वैध पहचान पत्र भी साथ रखना होगा। चुनाव के नतीजे घोषित होते ही डूसू की 11 सदस्यीय कार्यकारिणी की टीम पूरी हो जाएगी।

कैंटीन के बाहर प्रदर्शन करने पर जामिया ने 10 से अधिक छात्रों को थमाया नोटिस

बिलकिस बानो के समर्थन में प्रदर्शन के लिए जुटे थे विभिन्न छात्र संगठनों के सदस्य

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया प्रशासन ने निर्धारित स्थल के बजाय सेंट्रल कैंटीन के बाहर प्रदर्शन करने पर 10 से अधिक छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सोमवार को बिलकिस बानो मामले के संबंध में विभिन्न छात्र संगठनों के सदस्यों ने कैंटीन के बाहर प्रदर्शन किया था। चीफ प्रॉक्टर कार्यालय की ओर से जारी नोटिस में छात्रों से पूछा गया है कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। इसके लिए लिखित जवाब मांगा गया है।

नोटिस के अनुसार, छात्रों ने निर्धारित प्रदर्शन स्थल से हटकर सेंट्रल कैंटीन के बाहर सभा की और परिसर में प्रदर्शन संबंधी नियमों का उल्लंघन किया। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि हाईकोर्ट के निदेशों के तहत जामिया में गेट नंबर-18 को प्रदर्शन के लिए निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद विभिन्न छात्र संगठनों के सदस्य कैंटीन के बाहर जुटे। प्रदर्शन में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्टर भी साझा किए गए थे। इस दौरान भाषण और नारेबाजी हुई, जिससे परिसर की सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं। वहीं, विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी चल रही हैं।

नोटिस पाने वाले छात्रों में अलग-अलग विभागों के फैजान अहमद, मोहम्मद आकिब, एबिन, ओसामा खान और साहिल फिरोज खान सहित अन्य छात्र शामिल हैं। इनमें आठ छात्र जामिया की एनएसयूआई इकाई के बताए जा रहे हैं। नोटिस में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रदर्शन में शामिल कुछ छात्रों ने सुरक्षा कर्मचारियों को अपने पहचान पत्र नहीं दिखाए। इसे विश्वविद्यालय के अध्यादेश-14 के तहत अनुशासनहीनता और गंभीर कदाचार माना गया है। कुछ छात्रों को पहले जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का भी इसमें उल्लेख किया गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

जामिया के एक अधिकारी ने बताया कि सेंट्रल कैंटीन के आसपास करीब 10 विभाग संचालित होते हैं। परीक्षा के दौरान इस क्षेत्र में प्रदर्शन जैसी गतिविधियों से शैक्षणिक और सामान्य कामकाज प्रभावित होता है। इसे देखते हुए करीब 10 से 12 छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

ट्रेड फेयर में छूट की बहार, आधी कीमत पर मिल रहे जैकेट-स्वेटर



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। व्यापार मेले में छूट की बहार आ गई है। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए उत्पादों की कीमतों में भारी कटौती की है। कहीं जैकेट और स्वेटर आधी कीमत पर मिल रहे हैं, तो कहीं दो सामान खरीदने पर 60 फीसदी तक छूट दी जा रही है। सर्दियों के कपड़ों से लेकर फुटवियर और घरेलू उपयोग के उत्पादों तक पर छूट मिलने से मेले में खरीदारी बढ़ने लगी है। निजी दुकानों के साथ झारखंड सरकार के पवेलियन में भी विभिन्न उत्पादों पर 45 फीसदी तक छूट दी जा रही है। ऐसे में लोग मेले में सिर्फ घूमने नहीं, बल्कि पसंदीदा सामान की खरीदारी करने भी पहुंच रहे हैं।

मेले के हॉल में दुकानों के बाहर लगे छूट के बोर्ड ग्राहकों का ध्यान खींच रहे हैं। जैकेट, स्वेटर, हुडी और पुलोवर की दुकानों पर सर्दियों की खरीदारी करने वालों की भीड़ नजर आ रही है। वहीं फुटवियर और घरेलू उपयोग के उत्पादों की दुकानों पर भी ग्राहक पसंद के सामान तलाश रहे हैं। कई लोग एक दुकान पर सामान पसंद करने के बाद दूसरी दुकानों में उसकी कीमत पता कर रहे हैं। इसके बाद दुकानदारों से मोलभाव कर कीमत कम कराने की कोशिश भी कर रहे हैं। यानी मेले में खरीदारी के दौरान छूट के साथ मोलभाव का भी अलग रंग देखने को मिल रहा है।

पालम निवासी सान्या मेले में स्वेटर और जैकेट खरीदने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि यहां सर्दियों के कपड़ों पर करीब 50 से 60 फीसदी तक छूट मिल रही है। इतनी छूट मिलने से बजट में पसंद के कपड़े खरीदने का अच्छा मौका मिल रहा है। वहीं पालम से ही आईं मानसी ने छूट का फायदा उठाते हुए फुटवियर खरीदे। उन्होंने बताया कि यहां पसंद के डिजाइन कम कीमत पर मिल गए।

द्वारका निवासी मोहित ने हॉल नंबर एक और दो में खरीदारी की। उन्होंने बताया कि मेले में दुकानदारों से मोलभाव करने का भी मौका मिलता है।

आनंद विहार में एक्यूआई 356 पर पहुंचा, चार केंद्रों पर हवा बहुत खराब

डीटीयू में 325 और नॉर्थ कैंपस में 313 दर्ज हुआ एक्यूआई, 59 में से 56 केंद्रों पर मिले आंकड़े, 29 जगह हवा खराब श्रेणी

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में बुधवार को भी वायु प्रदूषण से राहत नहीं मिली। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 220 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में है। आनंद विहार 356 एक्यूआई के साथ राजधानी का सबसे प्रदूषित निगरानी केंद्र रहा। वहीं, चार केंद्रों पर एक्यूआई 300 के पार पहुंचने से हवा बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इसके उलट श्री अरबिंदो मार्ग में सबसे कम 132 एक्यूआई रहा।

राजधानी के कुल 59 निगरानी केंद्रों में से 56 पर वैध आंकड़े उपलब्ध हुए। इनमें 29 केंद्रों पर एक्यूआई 201 से 300 के बीच रहा, जबकि 23 केंद्रों पर यह 101 से 200 के बीच दर्ज किया गया। चार केंद्रों पर एक्यूआई 301 से 400 के बीच रहा। इनमें आनंद विहार (356), डीटीयू (325), नॉर्थ कैंपस (313) और बुराड़ी क्रॉसिंग (305) शामिल हैं। वहीं, कैंटोनमेंट, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और एनएसयूटी जाफरपुर के पर्याप्त आंकड़े नहीं मिल सके।

इलाकों के बीच प्रदूषण का अंतर भी काफी अधिक रहा। श्री अरबिंदो मार्ग में सबसे कम 132 एक्यूआई दर्ज किया गया। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 137, आईएमडी लोधी रोड में 144 और पटपड़गंज में 143 एक्यूआई रहा। इसके मुकाबले आनंद विहार और डीटीयू में हवा बहुत खराब श्रेणी में रही। इस तरह राजधानी के सबसे साफ और सबसे प्रदूषित निगरानी केंद्रों के एक्यूआई में 224 अंकों का अंतर रहा।

कैंटोनमेंट स्टेशन का फिर गायब रहा डेटा

कैंटोनमेंट निगरानी केंद्र का आंकड़ा बुधवार को उपलब्ध नहीं हुआ। इससे पहले 24 नवंबर को यहां एक्यूआई 346 दर्ज किया गया था, जो देश के निगरानी केंद्रों में सबसे अधिक था। वहीं, 21 नवंबर को इस केंद्र का एक्यूआई 84 रहा था। लगातार आंकड़े उपलब्ध नहीं होने से इस स्टेशन की वायु गुणवत्ता का आकलन प्रभावित हो रहा है।

आनंद विहार में धूल, विवेक विहार में एनओ-2 प्रमुख प्रदूषक

प्रदूषण के स्रोतों के लिहाज से भी बुधवार के आंकड़े अलग तस्वीर दिखाते हैं। आनंद विहार में पीएम 10 प्रमुख प्रदूषक रहा। यह मोटे धूल कणों की अधिकता का संकेत देता है। निर्माण गतिविधियों और सड़कों से उड़ने वाली धूल इसकी संभावित वजह हो सकती है। वहीं, विवेक विहार में एक्यूआई 270 दर्ज हुआ और यहां नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ-2) प्रमुख प्रदूषक रहा। यह गैस मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक गतिविधियों से निकलती है।

44 केंद्रों पर पीएम 2.5 प्रमुख प्रदूषक

राजधानी के 44 निगरानी केंद्रों पर पीएम 2.5 सबसे प्रमुख प्रदूषक रहा, जबकि 11 केंद्रों पर पीएम 10 का स्तर प्रमुख रहा। विवेक विहार में एनओ-2 प्रमुख प्रदूषक दर्ज किया गया। पीएम 2.5 के सूक्ष्म कण सांस के जरिए फेफड़ों के भीतर तक पहुंच सकते हैं।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	03260006	फ्लेक्सिबल पोली विनाइल क्लिओरे (पी वी सी) फ्लोरिंग फॉर ए सी	15707 MTR	14.12.2026
02	03260990	विनाइल कोटेड उफोल्स्तेरी फैब्रिक (आर्टिफीसियल लेदर) फॉर एन ए सी कावेस	299890 MTR	14.12.2026
03	09262131	नकल फॉर बी सी एन एच एल	9487 NOS	28.12.2026
04	09272586	सेकेंडरी लाशिंग चैन	2928 NOS	04.01.2027

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 62/2026-2027 दिनांक 25.11.2026 4094/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला: समुद्र की गहराई से लेकर झरने की खूबसूरती तक, तकनीक से जीवंत हुए नजारे

● मेले में अंडमान-निकोबार और मध्य प्रदेश के पवेलियन में डिजिटल अनुभव बना आकर्षण

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में इस बार खरीदारी और राज्यों की संस्कृति के साथ आधुनिक तकनीक भी लोगों को खूब आकर्षित कर रही है। यहां आने वाले दर्शक समुद्र के भीतर की दुनिया से लेकर पहाड़ों से गिरते झरने तक का अनुभव कर रहे हैं। अंडमान-निकोबार पवेलियन में बनाया गया 3डी एलईडी रूम लोगों को समुद्र की गहराइयों में पहुंचने का एहसास करा रहा है, वहीं मध्य प्रदेश पवेलियन में विशाल एलईडी वॉल पर दिखाया जा रहा बहता झरना दर्शकों को अपनी ओर खींच रहा है। भारत मंडपम के हॉल-तीन के प्रथम तल पर अंडमान-निकोबार पवेलियन का पवेलियन है। उसमें 3डी एलईडी रूम मेले में आने वाले लोगों के लिए खास आकर्षण बना हुआ है। कमरे के फर्श से लेकर दीवारों तक समुद्री दुनिया के दृश्य इस तरह प्रदर्शित किए गए हैं कि यहां पहुंचने वाले लोगों को लगता है कि वे वास्तव में समुद्र के अंदर मौजूद हैं। चारों तरफ पानी, समुद्री जीवों और पानी के भीतर की दुनिया के दृश्य लोगों को एक अलग ही अनुभव देते हैं। बच्चे ही नहीं, बड़े भी इस अनूठे अनुभव को अपने कैमरों में कैद करते नजर आ रहे हैं। यहां लोग कुछ देर रुककर समुद्र की दुनिया को करीब से महसूस कर रहे हैं।



पवेलियन में दिखती तकनीक की झलक

वहीं, हॉल नंबर-चार में मध्य प्रदेश पवेलियन में विशाल एलईडी वॉल पर प्रदर्शित किया जा रहा झरना लोगों का ध्यान खींच रहा है। स्क्रीन पर ऊंचाई से नीचे गिरता पानी और उसके आसपास का प्राकृतिक दृश्य इतना जीवंत नजर आता है कि दर्शक कुछ पल के लिए खुद को झरने के सामने खड़ा महसूस करते हैं। पानी के बहने का दृश्य लोगों को काफी पसंद आ रहा है। दोनों पवेलियन में तकनीक के इस इस्तेमाल ने मेले को एक नया अनुभव दिया है।

हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का मॉडल देखने उमड़ रही भीड़

रेलवे के पवेलियन में हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का प्रतिरूप लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां सूरत में बन रहे हाईस्पीड रेल स्टेशन का मॉडल प्रदर्शित किया गया है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। लोग खासतौर पर यह जानने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं कि इस आधुनिक स्टेशन पर यात्रियों को कौन-कौन सी सुविधाएं मिलेंगी और इसका स्वरूप कैसा होगा। मॉडल के जरिए स्टेशन की संरचना और आधुनिक सुविधाओं की झलक दिखाई जा रही है। इसके अलावा पवेलियन में अलग-अलग दौर के रेल इंजनों के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए हैं।

छठ पर टिप्पणी कर घिरे यश महेश्वरी, कार्रवाई की मांग



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। स्टैंडअप कॉमेडियन (हास्य कलाकार) यश महेश्वरी छठ पर्व पर विवादित टिप्पणी करने के बाद आलोचनाओं से घिर गए हैं। टखिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने यश महेश्वरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब महेश्वरी के स्टैंडअप कार्यक्रम का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। यह क्लिप 21 नवंबर को उनके यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था। क्लिप में महेश्वरी ने बिहार में छठ पर्व वर विवाहित महिलाओं के सिंदूर लगाने की परंपरा को लेकर विवादित टिप्पणी की। इसके बाद यश की आलोचना हुई और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग उठने लगी।

लोजपा (रामविलास) ने एक बयान में कहा कि पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार शाम चार बजे दक्षिण दिल्ली के महिला अपराध प्रकोष्ठ थाने में दिल्ली पुलिस को औपचारिक शिकायत सौंपेगा। इसमें कॉमेडियन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

पार्टी ने कहा कि छठ केवल एक पर्व नहीं, बल्कि बिहार की करोड़ों महिलाओं की आस्था, भक्ति, आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। पार्टी ने आरोप लगाया कि छठ पर्व, सिंदूर और बिहार की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को लेकर की गई टिप्पणियों से करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। पार्टी ने बताया कि यह शिकायत राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रणब कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सौंपेगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर वितरित की गईं किट

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को 9वें पोषण माह के तहत ह्यआंगन का मिलनह्ल कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोनिया विहार स्थित जीरो पुश्ता पर दिल्ली सरकार के मंत्री एवं स्थानीय विधायक कपिल मिश्रा ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं को सम्मानित किया और उन्हें किट वितरित की। महिला एवं बाल विकास विभाग के उत्तर-पूर्व जिला कार्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम का संदेश सशक्त बालक-सशक्त भारत रहा।



मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा, मातृ स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के भविष्य को मजबूत बनाने की आधारशिला हैं। उनकी मेहनत, संवेदनशीलता और सेवा भावना समाज के लिए महत्वपूर्ण है। आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान वास्तव में समाज की उस शक्ति का सम्मान है, जो निस्वार्थ भाव से देश की भावी पीढ़ी के निर्माण में जुटी हुई है। ऐसे में सरकार आंगनबाड़ी कार्यकताओं के सम्मान, सहयोग और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने महिलाओं से अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे साझा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में तुकमीरपुर और सोनिया विहार सहित विभिन्न क्षेत्रों में विधायक कार्यालयों के माध्यम से जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

मिरांडा हाउस में शोध और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए अलग सुविधाएं शुरू

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज में स्नातक छात्रों के शोध और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष सुविधाएं शुरू की गई हैं। कॉलेज में स्नातक शोधार्थियों के लिए विशेष स्थान आवंटित किए गए हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यालय (ओआईपी) के लिए भी अलग सुविधा शुरू की गई है। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) बिजयलक्ष्मी नंदा ने बुधवार को इन सुविधाओं की शुरूआत की।



कॉलेज से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों के चौथे वर्ष की शुरूआत के बाद शोध के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। इन कमरों में छात्रों को शोध परियोजनाओं, बहुविषयक अध्ययन और अकादमिक संवाद के लिए अनुकूल माहौल मिलेगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें अकादमिक अनुसंधान से जोड़ना है।वहीं, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यालय के माध्यम से विदेशी विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी, छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान और संयुक्त शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। कॉलेज का मानना है कि इन सुविधाओं से विद्यार्थियों और शोधकताओं को वैश्विक स्तर पर अकादमिक जुड़ाव के अधिक अवसर मिलेंगे।

दिल्ली पुलिस ने चेन स्नेचिंग के मामले में आदतन अपराधी को किया गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान चेन स्नेचिंग के मामले में एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी दी कि इस अपराधी के खिलाफ 25 से अधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं, जिनमें स्नेचिंग, लूट, डकैती, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट (हथियार कानून) से जुड़े मामले शामिल हैं।



अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने न्यू अशोक नगर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आदतन अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। यह कार्रवाई 27 अक्टूबर को मॉर्निंग वॉक के दौरान एक व्यक्ति की सोने की चेन छीनने की घटना के बाद की गई थी।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता विजय कुमार सेठ 27 अक्टूबर को सुबह लगभग 7 बजे, ह्यपार्वती विहार अपार्टमेंटह्ल के पास मॉर्निंग वॉक पर जा रहे थे। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने कथित तौर पर उनकी सोने की चेन और उसमें लगा ह्यओमह्ल का पेंडेंट छीन लिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद, न्यू अशोक नगर थाने में पुलिस ने बीएनएस की धारा 304(2)/3(5) के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पूर्वी जिले के एंटी-स्नैचिंग एंड बर्गलरी (एएसबी) सेल की एक विशेष टीम बनाई गई। जांच के दौरान, टीम ने आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्ध मोटरसाइकिल के आने-जाने के रास्तों का पता लगाया। शिकायतकर्ता ने फुटेज में दिख रहे दो लोगों की पहचान उन संदिग्धों के रूप में की, जिन पर अपराध करने का आरोप है।

शुरूआत में एएनपीआर फुटेज से पता चला कि मोटरसाइकिल पर जो रजिस्ट्रेशन नंबर लगा था, वह जांच करने पर एक स्कूटर के नाम पर रजिस्टर्ड निकला। इससे साफ हुआ कि उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। रूट का पीछे की ओर विश्लेषण करते हुए, टीम ने संदिग्धों के आने-जाने के रास्ते का पता लगाया, जो न्यू अशोक नगर, कल्याणपुरी और नाला रोड से होकर गुजरता था।

सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि संदिग्धों ने अपनी पहचान छिपाने और पकड़े जाने से बचने के लिए रास्ते में अपने कपड़े, हेलमेट, बैठने की स्थिति और मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट बदल ली थी। गाजीपुर अंडरपास के पास के एएनपीआर फुटेज की और जांच करने पर मोटरसाइकिल का असली रजिस्ट्रेशन नंबर सामने आया। इसके मालिक का पता लगाने और बाद में की गई फील्ड जांच की मदद से, पुलिस मोटरसाइकिल के मालिकाना हक तक पहुंचने और उससे जुड़े लोगों की पहचान करने में सफल रही।

जांच के दौरान पता चला कि संदिग्धों में से एक, जिसकी पहचान जुबैर के रूप में हुई है, उसने यह मोटरसाइकिल अपने ससुर असलम को दे दिया था। असलम ने बताया कि बाद में उसने यह मोटरसाइकिल अपने एक पुराने परिचित नाहिद आजाद को दे दी थी, जो बार-बार मांगने पर भी इसे वापस नहीं कर रहा था। काफी कोशिशों के बाद भी शुरूआत में नाहिद का पता नहीं चल सका। पता चला कि वह कोई रेगुलर मोबाइल सिम कनेक्शन इस्तेमाल नहीं कर रहा था।

कड़कड़डूमा कोर्ट के पास उसके होने की सूचना मिलने पर, एएसबी सेल की टीम ने जाल बिछाया और नाहिद आजाद को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान, नाहिद ने बताया कि चेन छीनने की घटना के समय उसके साथ उसका एक साथी, अफजल भी था। उसने बताया कि जेल में रहने के दौरान उसकी अफजल से जान-पहचान हुई थी और वे दोनों वाई-फाई के जरिए ह्यजंगलीह्ल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करके बातचीत करते थे।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने यह भी बताया कि वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और छीनी गई सोने की चेन अभी उसके साथी अफजल के पास हैं, जो मोदीनगर इलाके में रहता है। अधिकारियों ने कहा कि सह-आरोपी को खोजने और छीनी गई संपत्ति व मोटरसाइकिल बरामद करने की कोशिशें जारी हैं।

करतारपुर कॉरिडोर खोलने की मांग पर हस्तक्षेप से इनकार

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर को दोबारा खोलने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार ने नागरिकों के हित में सुरक्षा कारणों से कॉरिडोर बंद करने का फैसला लिया था। हालांकि, अदालत ने उम्मीद जताई कि अधिकारियों के समक्ष लंबित याचिकाकर्ता के प्रतिवेदन पर विचार किया जाएगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नितिन वासुदेव सांब्रे और न्यायमूर्ति संजय शर्मा की पीठ ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सात मई 2025 से कॉरिडोर बंद करने का निर्णय लिया था।



पीठ ने स्पष्ट किया कि इस नीतिगत फैसले में न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है। पारदर्शिता पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका दायर कर केंद्र सरकार को कॉरिडोर दोबारा खोलने की संभावना पर विचार करने का निर्देश देने की मांग की थी।

22 वर्षीय महिला के साथ सहकर्मियों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, दो महिला समेत तीन गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार स्थित एक कैफे में आयोजित पार्टी के दौरान 22 वर्षीय युवती के साथ उसके दो सहकर्मियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं।

इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़िता और आरोपी एक ही कैफे में काम करते थे। यह घटना सोमवार रात की बताई जा रही है, जब महिला प्रीत विहार के सल्तनत कैफे में अपने सहकर्मियों के साथ एक पार्टी में शामिल हुई थी। बताया जा रहा है कि रात करीब 11:30 बजे कैफे बंद होने के बाद भी यह ग्रुप अंदर ही शराब पीता और नाचता रहा। वे अंदर इसलिए रुक सके क्योंकि वहां काम करने वाले एक कर्मचारी के पास कैफे की चाबी थी।



पार्टी मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे तक चली, जिसके बाद सभी लोग कैफे से बाहर निकले। महिला ने आरोप लगाया है कि पार्टी के दौरान दो पुरुषों ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया, जबकि बाकी सहकर्मियों ने इस अपराध में उनका साथ दिया।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत चार पुरुषों और दो महिलाओं समेत कुल छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस ने ई-रिक्शा यात्री से लूटपाट मामले में दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने न्यू अशोक नगर थाना इलाके में चाकू की नोक पर लूटपाट के मामले में दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी दी कि आरोपियों ने शक से बचने और आसानी से अपराध को अंजाम देने के लिए एक ऐसे ई-रिक्शा का इस्तेमाल किया, जिसमें उनके परिवार के सदस्य भी सवार थे।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर को रात करीब 11 बजे न्यू अशोक नगर थाने को शिकायतकर्ता राजेश कुमार की एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि एक ई-रिक्शा चालक ने चाकू की नोक पर उनसे पांच हजार रुपए लूट लिए हैं। उस समय ई-रिक्शा में दो महिलाएं और दो बच्चे भी सवार थे।

जांच के दौरान पता चला कि उसी रात करीब 10.30 बजे, शिकायतकर्ता नोएडा टी-पॉइंट से आनंद विहार बस टर्मिनल जाने के लिए ई-रिक्शा में बैठा था। ई-रिक्शा में पहले से ही दो महिलाएं और दो बच्चे सवार थे। रास्ते में चालक ने अपनी पत्नी और बच्चों को घर छोड़ने के बहाने ई-रिक्शा को धर्मशिला अस्पताल की तरफ मोड़ दिया। इसके बाद वह शिकायतकर्ता को धर्मशिला पुल के पास एक सुनसान जगह पर ले गया, जहां उसने चाकू दिखाकर उसे डराया-धमकाया और जबरन उसके पैसे और जरूरी दस्तावेज छीन लिए।

पुलिस के अनुसार, महिलाओं ने भी कथित तौर पर शिकायतकर्ता को डराया-धमकाया और उसे ड्राइवर की बातें मानने के लिए मजबूर किया। इसके आधार पर न्यू अशोक नगर थाने में बीएनएस की धारा 309(4)/3(5) के तहत



एफआईआर दर्ज की गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच के दौरान ई-रिक्शा के रजिस्टर्ड मालिक, कल्याणपुरी निवासी अंसार (55 वर्ष) का पता चला। उसने बताया कि इस गाड़ी को आमतौर पर उसका बेटा जुबैर चलाता है। आगे की जांच में पता चला कि जुबैर और उसका बहनोई, नजरे आलम, सनलाइट कॉलोनी थाने में दर्ज एफआईआर में भी शामिल थे, जो लूट के एक अन्य मामले से जुड़ी थी।

लगातार तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और स्थानीय खुफिया जानकारी के जरिए पुलिस टीम को कुछ सुराग मिले, जिससे दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में संदिग्धों का पता चला। 20 नवंबर को जुबैर (22 वर्ष) को तुर्कमान गेट इलाके से पकड़ा गया। इसके बाद 21 नवंबर को नजरे आलम (22 वर्ष) को लाजपत नगर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। जांच में वह लूट में शामिल कथित ड्राइवर के रूप में पहचाना गया था। साथ ही, नजरे आलम की पत्नी (23 वर्ष) और जुबैर की माँ (50 वर्ष) को भी लाजपत नगर इलाके से ढूंढ निकाला गया और गिरफ्तार कर लिया गया।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
समाज कल्याण विभाग
7वाँ तल, एम.एस.ओ. भवन, आई.पी. एस्टेट, दिल्ली-110002

छह अतिरिक्त जिलों एवं एक मौजूदा हॉटस्पॉट के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की SMILE योजना (Support for Marginalized Individuals for Livelihood and Enterprise) के अंतर्गत दिल्ली के छह अतिरिक्त जिलों एवं एक मौजूदा हॉटस्पॉट में भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास हेतु कार्यान्वयन के लिए पात्र गैर-सरकारी संगठनों (NGOs)/स्वैच्छिक संगठनों (VOs) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इच्छुक एवं पात्र NGOs/VOs इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर आवश्यक विवरण एवं दस्तावेजों सहित अपना आवेदन सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विस्तृत EOI दस्तावेज प्राप्त करने एवं अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट देखें:
https://socialwelfare.delhi.gov.in/

जारीकर्ता:
निदेशक
समाज कल्याण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
7वाँ तल, एम.एस.ओ. भवन, आई.पी. एस्टेट,
दिल्ली-110002
Director
Department of Social Welfare
Govt. of NCT of Delhi
7th Floor, MSO Building, I.P. Estate
New Delhi-110002

DIP/Shabdarth/Classified/0294/26-27

बल्लभगढ़ में 26 नवंबर को आयोजित होगा रोजगार मेला

100 से अधिक पदों पर होंगे साक्षात्कारः उपायुक्त आयुष सिन्हा

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद : उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा बल्लभगढ़ स्थित उपमंडल रोजगार कार्यालय के प्रांगण में 26 नवंबर 2026 को प्रातः 9 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में क्षेत्र की लगभग 7 से 8 प्रतिष्ठित निजी कंपनियां भाग लेंगी। आयुष सिन्हा ने बताया कि रोजगार मेला में माइक्रो मशीनस, टाटा स्ट्राइव, शिवालिक फैशन तथा शाही एल्पाइन एपेयरल्स सहित अन्य निजी नियोजक शामिल होंगे। इन कंपनियों द्वारा 100 से अधिक रिक्त पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों के साक्षात्कार लिए जाएंगे। रोजगार मेला में 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा सहित विभिन्न शैक्षणिक योग्यताएं रखने वाले युवाओं को निजी संस्थानों में रोजगार प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने इच्छुक युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने बायोडाटा की 4-5 प्रतियां साथ लेकर निर्धारित तिथि एवं समय पर रोजगार मेले में पहुंचें और इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



रावल क्रिकेट अकादमी ने 125 रन से जीता मुकाबला

फरीदाबाद। चैतन्य गर्ग के शानदार शतक और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रावल क्रिकेट अकादमी ने स्मार्ट क्रिकेटर्स अकादमी को 125 रन से हरा दिया। सोहना स्थित मैदान पर खेले गए मुकाबले में रावल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाए। चैतन्य गर्ग ने 110 रन की शानदार पारी खेली। जय गौतम और राजीव कुमार ने 53-53 रन का योगदान दिया। स्मार्ट क्रिकेटर्स अकादमी की ओर से नमित ने आठ ओवर में 66 रन देकर दो विकेट हासिल किए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्मार्ट क्रिकेटर्स अकादमी की टीम 29 ओवर में 163 रन पर सिमट गई।

सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद :हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक के उपरान्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़क सुरक्षा के सभी प्रबंध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी धुंध के मौसम के दृष्टिगत सभी सड़क स्वामित्व एजेंसियां नागरिकों की सुरक्षा के लिए सड़क सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करें। सड़कों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्पष्ट साइनेज, रिफ्लेक्टर और रोड मार्किंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने एफएमडीए, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें), नगर निगम, एनएचएआई, एचएसवीपी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप रोड मार्किंग, साइनेज, रिफ्लेक्टर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करवाई जाए ताकि नागरिकों को आवागमन के दौरान असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को जिला में चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) पर सड़क सुरक्षा के सभी प्रबंध करवाए जाएं तथा यातायात जाम की समस्या से सम्बंधित स्थानों पर भी सुगम आवागमन के लिए प्रबंध करें।

उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षित एवं सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग प्रभावी एवं जवाबदेह तरीके से कार्य करें।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया, डीसीपी हिमाद्रि कौशिक, आरटीए सचिव मुनीश सहगल सहित एचएसवीपी, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



फरीदाबाद में शुरू हुई फिल्म 'कंचा पीस की शूटिंग

अब फिल्मी दुनिया में भी चमकेगा औद्योगिक नगरी का नाम

सुमित गोयल

फरीदाबाद : केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि औद्योगिक नगरी फरीदाबाद की पहचान अब तक उद्योगों और कारोबार के लिए रही है, लेकिन अब यह शहर फिल्म जगत में भी अपनी नई पहचान बनाने की तैयारी में है। उन्होंने आज फिल्म 'कंचा पीसह्न की शूटिंग का शुभारंभ क्लैप देकर किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इस फिल्म की पूरी शूटिंग फरीदाबाद में ही होगी और इसके निमार्ता से लेकर कलाकारों तक अधिकांश लोग इसी शहर से जुड़े हैं। इसे फरीदाबाद में स्थानीय स्तर पर फिल्म निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। 'कंचा पीसह्न एक हास्य प्रधान रोमांचक पारिवारिक फिल्म है, जिसे हर आयु वर्ग के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है।

फिल्म की शुरूआत के अवसर पर शहर के उद्योगपति, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग और फिल्म जगत की हस्तियां मौजूद रहीं। इनमें फिल्म अभिनेता संजय मिश्रा, डायरेक्टर रामजी बाली, निमार्ता डॉ प्रदीप मोहंती, विजय राज, नीरज सूद, हितेश शर्मा, प्रदीप्ता मोहंती, इनामुक हक, मेघना मलिक, अश्वत भट, केसी मोहंती, प्रेमलता देवी, डॉ. प्रतिमा मोहंती, प्रवीण मोहंती, प्रतिष्ठा और उद्योगपति संदीप सिंघल प्रमुख रूप से शामिल रहे। फिल्म के शुभारंभ अवसर पर मौजूद लोगों ने इसे शहर की स्थानीय प्रतिभाओं और सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने वाला प्रयास बताया।

फरीदाबाद के लिए गर्व की बात:

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद के लिए यह गर्व की बात है कि यहां बनने वाली फिल्म की पूरी शूटिंग शहर में ही की जा रही है। इससे फरीदाबाद की पहचान उद्योगों के साथ फिल्म जगत में भी बनेगी। स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

पहली बार यहां होगी पूरी शूटिंग:

फिल्म अभिनेता संजय मिश्रा ने कहा कि इस फिल्म में उनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका है। यह एक पारिवारिक फिल्म है। उनके अभिनय जीवन में यह पहला अवसर है, जब किसी फिल्म की पूरी शूटिंग फरीदाबाद में ही करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शकों को फिल्म पसंद आएगी। निर्देशक रामजी बाली ने कहा कि किसी फिल्म की पूरी शूटिंग फरीदाबाद में होना अपने आप में बड़ी बात है। यह पारिवारिक फिल्म है और सभी वर्गों के दर्शकों के देखने योग्य होगी। इस तरह के प्रयासों से शहर के लोगों को फिल्म निर्माण से जुड़ने का अवसर मिलेगा। फिल्म निमार्ता डॉ. प्रदीप मोहंती ने कहा कि फरीदाबाद को अब तक औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता रहा है। उनका प्रयास है कि शहर का नाम फिल्म जगत में भी पहचान बनाए। पूरी फिल्म की शूटिंग फरीदाबाद में होना इसी दिशा में एक सार्थक कदम है।



सेक्टर-29 के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर ही मौत

आक्रोशित भीड़ ने लगाया जाम

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद। सेक्टर-29 के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और आरोपी डंपर चालक को हिरासत में ले लिया।

मृतक की पहचान सेक्टर-29 हाउसिंग बोर्ड निवासी रविंद्र मिश्रा (40-42 वर्ष) के रूप में हुई है। वह शीशा और एल्युमिनियम का काम करते थे। परिवार में उनके दो बेटे हैं, जो घर पर पिता के लौटने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन इस भीषण हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर लौटते समय रास्ते में ही डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

लोगों ने किया सड़क जाम, पुलिस ने चालक को पकड़ा टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई और गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है तथा आरोपी डंपर चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



फरीदाबाद के होटल में मिला डीयू छात्रा का शव, बॉयफ्रेंड बेहोश

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद :फरीदाबाद में एक होटल के कमरे से दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की 19 वर्षीय छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई।शुरूआती तौर पर इसे सुसाइड माना जा रहा था, लेकिन कमरे से मिले दो नोट और परिस्थितियों के आधार पर पुलिस अब हत्या के बाद खुदकुशी के एंगल से मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, छात्रा अपने बॉयफ्रेंड विपिन यादव (24) के साथ होटल के कमरा नंबर 204 में ठहरी थी।मंगलवार सुबह कमरे में छात्रा का शव मिला, जबकि विपिन बेहोशी की हालत में पड़ा था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था।कमरे के पास चूहे मारने की दवा के रैपर भी मिले हैं।

पुलिस के मुताबिक, विपिन ने 23 नवंबर को कमरा नंबर 204 बुक कराया था।सीसीटीवी फुटेज में विपिन सोमवार शाम कमरे के बाहर जाते और बाद में लौटते दिखा।मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे होटल स्टाफ ने कमरा खाली कराने के लिए दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला।मास्टर चाबी से कमरा खोला गया तो अंदर छात्रा मृत मिली और विपिन बेहोश था। बताया जा रहा है कि छात्रा सुबह यूनिवर्सिटी जाने के लिए घर से निकली थी।शाम तक वापस न लौटने और फोन बंद आने पर परिजनों को चिंता हुई। दोपहर 12बजे छात्रा ने अपनी मां को फोन कर बताया कि वह यूनिवर्सिटी में है और कुछ देर में घर आ जाएगी, दोपहर 3:00 के बाद मां का फोन उठाना बंद कर दिया।लेकिन देर रात तक वह नहीं लौटी। इसके बाद घर वालों ने पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस को कमरे से विपिन के हस्ताक्षर वाले दो नोट मिले हैं पहले नोट में विपिन ने खुद को और छात्रा को आठ साल से एक-दूसरे से प्यार करने वाला बताते हुए लिखा कि दोनों दुनिया से परेशान होकर यह कदम उठा रहे हैं।उसने पहले छात्रा को मारने और फिर खुद को मारने की बात लिखी।यह भी जिक्र है कि उसने तीन-चार बार फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की थी, लेकिन हर बार बच गया, इसलिए वह जहर खा रहा है। उसने अपनी लाइव लोकेशन और सुसाइड की आखिरी लोकेशन फोन पर छोड़ने की बात भी लिखी।

दूसरे नोट में अलग-अलग लोगों से लिए और उन्हें दिए गए पैसों का हिसाब दर्ज है। इसमें विपिन के 50 हजार रुपये, हरिमोहन पंडित के 3.50 लाख रुपये तथा श्याम बिहारी यादव के 1.50 लाख रुपये का जिक्र है। साथ ही 50 हजार रुपये कैश होने की बात भी लिखी गई है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और क्राइम टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने चूहे मारने की दवा के रैपर जब्त कर लिए हैं और सीसीटीवी फुटेज व कॉल डिटेल खंगाली जा रही है।अधिकारियों का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा और हर पहलू से जांच जारी है



शराब के नशे में धुत युवकों का कहर

120 की रफ्तार से दौड़ रही दिल्ली नंबर वैगनआर ने खड़ी दो कारों को मारी जोरदार टक्कर

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद : शहर के एनआईटी पांच नंबर इलाके में मंगलवार की देर रात रफ्तार और शराब के नशे का खौफनाक मंजर देखने को मिला। रात करीब दो बजे डीसीपी ऑफिस के सामने खड़ी दो कारों को दिल्ली नंबर की एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सड़क किनारे खड़ी दोनों गाड़ियां आगे और पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों और शुरूआती जानकारी के अनुसार, दिल्ली नंबर की वैगनआर कार में तीन युवक सवार थे, जो शराब के नशे में धुत थे। कार की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है। पांच नंबर स्थित डीसीबी ऑफिस के सामने पहुंचते ही चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और वहां पहले से खड़ी दो गाड़ियों में सीधी टक्कर मार दी।

टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए। इस दुर्घटना में वैगनआर चला रहे युवक के दोनों हाथों में गंभीर फ्रैक्चर आ गया है, जबकि कार की पिछली सीट पर बैठे दो अन्य युवकों को भी चोटें आई हैं। गनीमत रही कि खड़ी कारों के अंदर उस समय कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा जानी नुकसान हो सकता था।

हादसे की सूचना मिलते ही रात में स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



चिप्स और चाउमीन खाने के बाद बिगड़ी दो भाइयों की तबीयत

एक की मौत; दूसरा आईसीयू में भर्ती

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद :नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में चिप्स और चाउमीन खाने के बाद दो सगे भाइयों की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसमें आठ वर्षीय राघव की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके बड़े भाई कुणाल (10) का आईसीयू में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, नेहरू कॉलोनी निवासी पिता शमशेर सेक्टर-58 में मोटर मैकेनिक का काम करते हैं और उनके तीन बेटे हैं।पुलिस के मुताबिक, 21 नवंबर को राघव स्कूल से घर आने के बाद चने खाकर ट्यूशन गया था।शाम करीब सात बजे लौटने पर उसने मां से भूख लगने की बात कही, जबकि उस समय घर में चावल बन रहे थे।इसी बीच कुणाल भी वहां आ गया और दोनों भाई 10-15 रुपये लेकर घर से बाहर निकल गए।

बताया जा रहा है कि बाहर दोनों भाइयों को उनका चचेरा भाई मिला, जिसके पास चिप्स थे।तीनों ने साथ बैठकर चिप्स खाए और इसके बाद दोनों भाइयों ने बाजार में चाउमीन भी खाई।

घर लौटने के कुछ समय बाद राघव ने मां से चक्कर आने और उल्टी जैसा महसूस होने की शिकायत की।पहले मां को लगा कि शायद भूख के कारण ऐसा हो रहा है, लेकिन कुछ ही देर में कुणाल की भी हालत बिगड़ने लगी और उसे भी उल्टियां होने लगीं।

दोनों बच्चों की तबीयत एक साथ बिगड़ने से परिवार घबरा गया और परिजन उन्हें तुरंत एनआईटी-3 स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां हालत गंभीर होने पर उन्हें दूसरे बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया गया।उपचार के दौरान राघव की हालत लगातार बिगड़ती गई और रात में उसकी मौत हो गई।वहीं, कुणाल को आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है और फिलहाल उसकी हालत में सुधार होने की जानकारी सामने आई है।

डबुआ थाना प्रभारी सुमेर सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों बच्चों ने शाम को चाउमीन खाई थी, जिसके बाद तबीयत खराब हुई। शुरूआती तौर पर फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसे अभी मौत का प्रमाणित कारण नहीं माना जा सकता।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं

आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें : दीप भाटिया

पलवल (एजेंसी)। सरस्वती महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसके शुभारंभ पर हरियाणा राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य दीप भाटिया मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्हें अपनी योग्यता, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर आगे बढ़ना चाहिए। महिलाओं को स्वयं को कमजोर समझने के बजाय अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। सेमिनार का विषय हाशिए से मुख्यधारा तक- संगठित और असंगठित कार्य क्षेत्रों में महिलाएं रहा। दीप भाटिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एआई से संबंधित एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर और कार्यस्थल दोनों की जिम्मेदारियां बखूबी निभा रही हैं।

श्रीलंका के सिविल सेवा अधिकारियों ने समझी प्रशासनिक कार्यप्रणाली

फरीदाबाद (एजेंसी)। श्रीलंका के सिविल सेवा अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को दौरा कर जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, ई-गवर्नेंस और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने परिवार पहचान पत्र, डिजिटल राजस्व रिकॉर्ड, ऑनलाइन नागरिक सेवाओं और पुलिस की आधुनिक तकनीक आधारित कार्यप्रणाली में विशेष रुचि दिखाई। अधिकारियों ने दोनों देशों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं और सुशासन के अनुभवों को भी साझा किया। उपायुक्त आयुष सिन्हा, अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया और पुलिस के संयुक्त आयुक्त राजेन्द्र कुमार मीणा ने प्रतिनिधिमंडल को जिले में किए जा रहे प्रशासनिक सुधारों की जानकारी दी।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भः निविदा नोटिस सं० 44 / 2026–2027 दिनांक **23.09.2026** क्रम संख्या 06

1. निविदा सं० 15265111 नियत तिथि **26.11.2026**

i. उपरोक्त संदर्भित टेंडर की नियत तिथि **26.11.2026** से बढ़ाकर **17.12.2026** कर दी गई है।

शेष सभी नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। **www.ireps.gov.in**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 4096/2026

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा नोटिस सं. 16 / 2026–2027 दिनांक 27.05.2026 क्रम संख्या 06

1. निविदा सं० 15235 293A नियत तिथि 01.12.2026

i. उपरोक्त संदर्भित टेंडर की नियत तिथि 01.12.2026 से बढ़ाकर 22.12.2026 कर दी गई है।

शेष सभी नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। **www.ireps.gov.in**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 4095/26

नूंह के गांवों में शराब ठेकों के खिलाफ ग्रामीण लामबंद, डीसी को सौंपा ज्ञापन



नूंह (एजेंसी)। नूंह जिले के गांव कुरथला और आलदोका में शराब के ठेकों और कथित तौर पर बढ़ती नशाखोरी को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज होने लगा है। दोनों गांवों के ग्रामीणों ने बुधवार को जिला उपायुक्त अखिल पिलानी को ज्ञापन सौंपकर गांवों में शराब के ठेके हटाने और नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि स्कूल, मंदिर और गांव की फिरनी के इतने नजदीक शराब का ठेका संचालित करने की अनुमति कैसे दी गई।

ग्रामीणों के अनुसार, कुरथला गांव में शराब का ठेका स्कूल, मंदिर और गांव की फिरनी से 100 मीटर से भी कम दूरी पर स्थित है। इस संबंध में पहले भी गांव में पंचायत आयोजित कर ठेके को दूसरी जगह शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूछा कि जब गांव के लोग एकजुट होकर ठेका हटाने की मांग कर रहे हैं तो उनकी शिकायत पर समाधान क्यों नहीं किया जा रहा।

ग्रामीणों ने गांवों में शराब के ठेकों के अलावा चिट्टा, गांजा, सूखा नशा और अवैध शराब की कथित बिक्री पर भी चिंता जताई। उनका आरोप है कि गांवों में नशे का प्रभाव किशोरों तक पहुंच रहा है और 13 से 17 वर्ष तक के बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यह उम्र बच्चों के पढ़ने-लिखने और खेलकूद में आगे बढ़ने की है, लेकिन नशे की बढ़ती प्रवृत्ति उनके भविष्य के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है।

ग्रामीणों ने मांग की कि कुरथला और आलदोका गांवों से शराब के ठेकों को तत्काल हटाकर आबादी से बाहर शिफ्ट किया जाए। यदि तत्काल ठेका हटाना संभव नहीं है तो इसे कम से कम आबादी से दो किलोमीटर दूर स्थापित किया जाए।

साथ ही आगामी आबकारी नीति में दोनों गांवों को शराब के ठेकों से मुक्त रखने का प्रावधान किया जाए। ग्रामीणों ने कथित तौर पर बिक रहे सूखे नशे और अवैध शराब के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने की मांग की। जिला उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आगामी आबकारी नीति में शराब के ठेके हटाने की उनकी मांग पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा मौजूदा आबकारी नीति के तहत भी मामले की जांच करवाकर उचित कदम उठाने की बात कही।

गोद लिए स्कूलों का क्लास 1-2 अफसरों को करना होगा निरीक्षण



गुरुग्राम (एजेंसी)। सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए अब प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही सीधे उनकी एसीआर से जुड़ जाएगी। अपनी एसीआर को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को साल में कम से कम तीन बार गोद लिए गए स्कूलों का दौरा करना होगा। अगर निरीक्षण किए बिना ही रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है तो वह अधूरी मानी जाएगी।

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए हैं कि क्लास-1 और क्लास-2 के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में उनके द्वारा गोद लिए गए स्कूलों, स्कूलों के दौरों और निरीक्षणों का विवरण दर्ज करने के लिए एक विशेष कॉलम जोड़ा जाएगा। एसीआर में जोड़े जाने वाले विशेष कॉलम में अधिकारी द्वारा गोद लिए गए स्कूल का नाम, वहां किए गए दौरों की संख्या और निरीक्षण के दौरान की गई समीक्षा का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों को अपनी वार्षिक स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट के साथ स्कूल निरीक्षण रिपोर्ट भी संलग्न करनी होगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गोद लिए गए स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों और शिक्षकों से बातचीत करें, शिक्षण गतिविधियों की स्थिति समझें, उपलब्ध सुविधाओं के उपयोग की समीक्षा करें तथा सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करें। उन्होंने कहा कि इस पहल का अंतिम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक स्कूल अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप बेहतर ढंग से कार्य करे।

मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए हैं कि स्कूलों का निरीक्षण निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार किया जाए और निरीक्षण के दौरान सामने आए तथ्यों एवं सुझावों को उचित रूप से दर्ज किया जाए, ताकि उन पर आगे आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि एसीआर में निरीक्षण संबंधी विवरण शामिल करने से प्रशासनिक जिम्मेदारी और स्कूलों के वास्तविक सुधार के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। इस व्यवस्था से स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था और संसाधनों के उपयोग की नियमित निगरानी हो सकेगी। साथ ही, सामने आने वाली कमियों की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कदम उठाने में भी मदद मिलेगी।

लोकतंत्र मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका अहम : सुभाष बराला



गुरुग्राम (एजेंसी)। लोकतंत्र को मजबूत बनाने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में युवाओं की भूमिका अहम है। युवाओं को संविधान में निहित मूल्यों को समझकर उन्हें अपने व्यवहार में अपनाना चाहिए। यह बात राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बुधवार को एमडीयू के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सीपीएएस), गुरुग्राम में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय युवा संसद में कही। संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मॉडल संसद के माध्यम से संसदीय कार्यवाही का जीवंत प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुभाष बराला ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके सपनों के अनुरूप लैंगिक समानता, सामाजिक समरसता और समावेशी समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व के श्रेष्ठ संविधानों में से एक है। युवाओं को संविधान की विशेषताओं का अध्ययन करने के साथ उसमें निहित मूल्यों का सम्मान करना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने कहा कि संविधान न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित भारत का विजन प्रस्तुत करता है। युवाओं को संवैधानिक मूल्यों को अपने आचरण का आधार बनाकर राष्ट्रसेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से जागरूक नागरिक और जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता बनने के साथ सशक्त, समावेशी एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान और वंचित एवं कमजोर वर्गों के लिए संवैधानिक सुरक्षा प्रावधान सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. करमबीर गिल और युवा संसद की ग्रुप कोऑर्डिनेटर डॉ. शालिनी शर्मा ने भी विचार रखे। एमडीयू-सीपीएएस की निदेशक प्रो. कविता ढुल ने स्वागत भाषण दिया। युवा संसद के संयोजक प्रो. अनुपम कुरवाल ने आयोजन की अवधारणा एवं उद्देश्य बताए। डॉ. विजय राठी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डॉ. कविता दहिया और डॉ. सुनील खरब ने मंच संचालन किया। युवा संसद के समापन पर निर्णायक मंडल ने मेगन, अंशिका, अक्ष, मोहम्मद जुनेद, कार्तिकेय शुक्ला और संदीप भारद्वाज को सर्वश्रेष्ठ छह वक्ताओं के रूप में चुना। कार्यक्रम में हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. पवन, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. रणदीप राणा, कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, डीन सीडीसी प्रो. राजेश पुनिया, निदेशक जनसंपर्क सुनीत मुखर्जी सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

सफाई और विकास कार्यों में आरडब्ल्यूए की भागीदारी की मांग



गुरुग्राम (एजेंसी)। शहर की बुनियादी सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से यूनाइटेड गुरुग्राम आरडब्ल्यूए (यूजीआर) ने निगम आयुक्त डॉ. पंकज को पत्र सौंपकर विकास कार्यों में आरडब्ल्यूए की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की है। बुधवार को यूजीआर के संयोजक प्रवीण यादव और सह-संयोजक चैताली मंदोत्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने निगम आयुक्त से मुलाकात की। यूजीआर पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष रखे गए पांच प्रमुख नीतिगत मुद्दों पर निगमायुक्त के साथ सार्थक चर्चा हुई और उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाया है। पत्र में मांग की गई है कि किसी भी क्षेत्र में विकास कार्यों के एस्टीमेट स्थानीय आरडब्ल्यूए के परामर्श से आवश्यकता के अनुरूप तैयार किए जाएं। साथ ही, वर्क ऑर्डर की प्रति संबंधित आरडब्ल्यूए को देने और इसे एमसीजी पोर्टल पर सार्वजनिक करने की मांग की गई है। यूजीआर का आरोप है कि वर्क ऑर्डर सार्वजनिक न होने के कारण ठेकेदार टेंडर की 10 प्रतिशत शर्तों का भी पालन नहीं करते। संगठन ने ठेकेदारों को भुगतान से पहले आरडब्ल्यूए से संतुष्टि प्रमाण पत्र' लेने की पुरानी व्यवस्था को दोबारा लागू करने पर जोर दिया।

दस फीसदी कम दर पर सफाई को तैयार आरडब्ल्यूए को मिले काम

सफाई व्यवस्था को लेकर सुझाव दिया गया कि जो आरडब्ल्यूए मौजूदा ठेकेदारों से 10 प्रतिशत कम दर पर सड़कों की सफाई की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं, उन्हें यह कार्य सौंपा जाए। इसके लिए आरडी सिटी आरडब्ल्यूए के वर्ष 2025 के त्रिपक्षीय समझौते का उदाहरण दिया गया, जहां बेहतर सफाई के बावजूद निगम द्वारा अब तक भुगतान नहीं किया गया है।

संपत्तिकर में कचरा शुल्क न जोड़ने की अपील

घरों से कूड़ा एकत्रित पर यूजीआर ने दैनिक गीले व सप्ताह में दो बार सूखे कचरे के उठान, ई-कचरे के लिए प्रत्येक जोन में कम से कम तीन एजेंसियों को सूचीबद्ध करने और गांवों व अनधिकृत कॉलोनियों में बिना शुल्क की परवाह किए अनिवार्य कचरा उठान की मांग की। इसके अलावा, संपत्तिकर में कचरा संग्रहण शुल्क जोड़ने के प्रस्ताव को रद्द करने की अपील की गई है, क्योंकि इससे निवासियों पर दोहरा आर्थिक बोझ पड़ेगा और बहुमंजिला मकानों के सभी तलों से कचरा उठान बंद होने से खुले में कचरा फेंकने की समस्या बढ़ेगी। यूजीआर ने इन सभी मुद्दों पर निरंतर फॉलो-अप करने की बात कही है। वहीं निगम आयुक्त ने भी प्रतिनिधि मंडल की मांगों को सुनकर जल्द सुधार व बदलाव करने का आश्वासन दिया है।

होटल में युवती की मौत का मामला हत्या में बदला

फरीदाबाद (एजेंसी)। सेक्टर-37 स्थित होटल में दिल्ली विश्वविद्यालय की 19 वर्षीय छात्रा अरुणा की मौत के मामले में पुलिस की जांच हत्या की ओर मुड़ गई है। होटल के कमरे से मिले दो हस्तलिखित नोट में युवती के प्रेमी विपिन यादव ने आठ साल पुराने प्रेम संबंधों का जिक्र करते हुए अरुणा की हत्या के बाद खुद भी जान देने की बात लिखी है। हालांकि, पुलिस अभी मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा। पुलिस के अनुसार, कुरैशीपुर गांव निवासी अरुणा और विपिन 23 नवंबर को सेक्टर-37 स्थित होटल जोया पहुंचे थे। दोनों ने होटल में कमरा नंबर 204 बुक कराया था। होटल की सीसीटीवी फुटेज में विपिन सोमवार शाम कमरे से बाहर निकलता दिखाई दिया, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। मंगलवार दोपहर होटल कर्मचारियों ने कमरा खुलवाया तो अरुणा मृत अवस्था में मिली। कमरे से चूहे मारने की दवा के खाली रैपर भी बरामद हुए हैं। मामले की जांच के दौरान पुलिस को कमरे से विपिन के हस्ताक्षर वाले दो नोट मिले। एक नोट में उसने अरुणा के साथ आठ साल से प्रेम संबंध होने का उल्लेख करते हुए उसकी हत्या के बाद आगरा नहर में कूदकर खुद भी जान देने की बात लिखी है। दूसरे नोट में कई लोगों के साथ लाखों रुपये के लेन-देन का हिसाब दर्ज है। परिजनों ने शव की पहचान अरुणा के रूप में की। पुलिस अब फरार विपिन की तलाश में जुटी है। मामले की जांच कर रहे धौज थाना प्रभारी अनिल कुमार के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम के बाद ही अरुणा की मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। कमरे से चूहे मारने की दवा के रैपर मिले हैं। ऐसे में आशंका है कि युवती को यही दवा दी गई थी। अभी तक हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस विपिन की तलाश कर रही है। नोट में आगरा नहर में कूदने की बात लिखे जाने के बाद, वहां भी पुलिस टीम भेजी गई है। टीम नहर में उसकी तलाश कर रही है। इसके अलावा होटल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

कंपनी को क्लेम की राशि ब्याज सहित देने के निर्देश

गुरुग्राम (एजेंसी)। दस्तावेज न मिलने का झूठा बहाना बनाकर बुजुर्ग मरीज का मेडिक्लेम खारिज करना ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए ऑफ इंडिया लिमिटेड को भारी पड़ गया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, गुरुग्राम के अध्यक्ष संजीव जिंदल तथा सदस्य ज्योति सिवाच और खुशविंदर कौर की पीठ ने बीमा कंपनी को सेवा में गंभीर लापरवाही और अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी करार दिया। आयोग ने पीड़ित ग्राहक को ब्याज सहित पूरा क्लेम और 41 हजार रुपये का अतिरिक्त हर्जाना देने का आदेश दिया है। गुरुग्राम के झाड़सा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी कृष्ण गोपाल ने ओरिएंटल इंश्योरेंस की बैंक साथी पॉलिसी ले रखी थी।चार लाख रुपये के सम-इंश्योर्ड वाली यह पॉलिसी 25 अगस्त 2024 से 24 अगस्त 2025 तक वैध थी, जिसके लिए उन्होंने 29 हजार 684 रुपये का प्रीमियम भरा था। पॉलिसी अवधि के दौरान यूरिन (पेशाब) संबंधी समस्या होने पर उन्हें आपातकालीन स्थिति में राजीव चौक के पास सिविल लाइंस रोड स्थित पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रोस्टेट ग्रंथि बढ़ने के कारण उनकी टीयूआरपी सर्जरी की गई। इलाज के बाद उन्हें 24 मार्च 2025 को छुट्टी दी गई और इस दौरान उनके 65 हजार 509 रुपये खर्च हुए। इसके बाद दोबारा वही समस्या होने पर वह 27 मार्च 2025 से 29 मार्च 2025 तक फिर से पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती रहे, जिसमें 37 हजार 409 रुपये का और खर्च आया।

मेडिक्लेम दावा खारिज करने का मामला

इलाज के बाद कृष्ण गोपाल ने 24 जून 2025 को कुल एक लाख दो हजार 918 रुपये के मेडिकल बिल, डिस्चार्ज समरी, जांच रिपोर्ट और कैंसिल चेक समेत सभी मूल दस्तावेज बीमा कंपनी में जमा कराए। 16 जुलाई 2025 को बीमा कंपनी ने पत्र भेजकर कुछ सवाल पूछे, जिनका शिकायतकर्ता ने विधिवत जवाब भी दे दिया। इसके बावजूद बीमा कंपनी टालमटोल करती रही और 17 अक्तूबर 2025 को पॉलिसी की धारा 5.6 (ई) के तहत आवश्यक दस्तावेज न मिलने का हवाला देते हुए उनका क्लेम खारिज कर दिया।

आयोग में शिकायत और सुनवाई

परेशान होकर पीड़ित ने 26 नवंबर 2025 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के तहत आयोग में शिकायत दर्ज कराई। सुनवाई के दौरान नोटिस तामील होने के बावजूद टीपीए कंपनी पेश नहीं हुई, जिस पर आठ जनवरी 2026 को उनके खिलाफ एकतरफा कार्यवाही की गई, जबकि तय 45 दिनों में जवाब दाखिल न करने पर 23 फरवरी 2026 को ओरिएंटल इंश्योरेंस का बचाव अधिकार समाप्त कर दिया गया।

बीमा कंपनियों को भुगतान का आदेश

आयोग ने शिकायतकर्ता द्वारा पेश किए गए सभी मेडिकल बिलों, रसीदों, क्वेरी लेटर और साक्ष्यों को सही मानते हुए 18 नवंबर 2026 को अपना फैसला सुनाया। आयोग ने दोनों विपक्षी कंपनियों को संयुक्त रूप से आदेश दिया है कि वह 26 नवंबर 2025 से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ एक लाख दो हजार 918 रुपये की क्लेम राशि का भुगतान करें। इसके अलावा मानसिक प्रताड़ना के लिए 30 हजार रुपये मुआवजा और 11 हजार रुपये मुकदमा खर्च के रूप में 45 दिनों के भीतर देने होंगे। तय समय में भुगतान न करने पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगेगा और धारा 72 के तहत सजा व जुमार्ने की कार्यवाही भी की जा सकेगी।

राजीव गांधी पार्क में दिव्यांगजनों के लिए बनेगा विशेष ओपन जिम



सोहना (एजेंसी)। शहर के राजीव गांधी पार्क में अब दिव्यांगजन भी आम नागरिकों की भांति योग और शारीरिक अभ्यास कर सकेंगे। नगर परिषद सोहना ने दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए पार्क में एक विशेष ओपन जिम स्थापित करने की कवायद शुरू कर दी है। इस परियोजना पर नगर परिषद की ओर से करीब 22 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके तैयार होने के बाद दिव्यांगजन अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय पार्क में आकर व्यायाम कर सकेंगे और अपनी शारीरिक ताकत व ऊर्जा को बढ़ा सकेंगे। नगर परिषद की योजना के तहत इस विशेष ओपन जिम में 10 से 12 अलग-अलग प्रकार के आधुनिक अभ्यास उपकरण लगाए जाएंगे, जिन्हें दिव्यांगजनों की शारीरिक क्षमता बढ़ाने और सहज उपयोग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस पहल से दिव्यांगजनों को बड़ा आर्थिक लाभ भी मिलेगा, क्योंकि नियमित व्यायाम के लिए उन्हें अब निजी थेरेपी सेंटरों पर जाकर महंगी फीस नहीं चुकानी पड़ेगी।

नगर परिषद के एसडीओ संदीप राठी ने बताया कि राजीव गांधी पार्क में दिव्यांगजनों के लिए विशेष ओपन जिम बनाने का कार्य दिसंबर माह के आखिर तक पूरा कर लिया जाएगा। नए साल की शुरूआत में नगर परिषद की ओर से दिव्यांगजनों को इस आधुनिक ओपन जिम का तोहफा समर्पित कर दिया जाएगा।

प्रदूषण से निपटने में तेजी लाएं अधिकारी : निगम आयुक्त

गुरुग्राम (एजेंसी)। शहर में बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण, यातायात व्यवस्था में सुधार और बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर नगर निगम ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने बुधवार को वार्षिक कार्ययोजना-2026 के तहत विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में लंबित परियोजनाएं पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण और सड़क सुधार के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम और फरीदाबाद में 200 नई बसें शामिल करने के लक्ष्य का 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। वहीं, 80 प्रस्तावित इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों में से 25 शुरू किए जा चुके हैं। यातायात जाम की समस्या दूर करने के लिए चिह्नित 33 स्थानों में से 30 पर सुधार कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष तीन स्थानों पर भी जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए गए।

कैमरे लगाने में देरी जताई नाराजगी

इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत प्रस्तावित 165 इकाइयों में से 96 स्थापित हो चुकी हैं, जबकि 69 पर काम जारी है। निगम आयुक्त ने कैमरा लगाने में देरी और डाटा रिपोर्टिंग में कमी पर नाराजगी जताते हुए सभी उपकरणों को जल्द चालू करने तथा नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा।

धूल नियंत्रण के लिए मशीनों की कार्यशीलता पर जोर

पर्यावरण संरक्षण के तहत शहर में अब तक 41 हजार पेड़ और चार लाख झाड़ियां लगाई जा चुकी हैं। नगर निगम प्रतिदिन 1500 मीट्रिक टन निर्माण एवं विध्वंस कचरे के प्रसंस्करण का लक्ष्य हासिल कर रहा है। इसके अलावा 1200 मीट्रिक टन नए ठोस कचरे के प्रसंस्करण की व्यवस्था की जा रही है। शहर में 19 एंटी-स्मॉग गन कार्यशील हैं, जबकि 10 वाटर स्प्रिंकलर में से छह चालू हैं। शेष चार को तीन से चार दिन में शुरू करने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त ने सड़क पुनर्विकास, मैकेनिकल स्वीपिंग, सड़क किनारे पार्किंग और हरियाली विकसित करने के कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी समीक्षा बैठकों में विभागों के नामित नोडल अधिकारी अपडेटेड और सत्यापित रिपोर्ट के साथ उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें और योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखाई देना चाहिए।

निगमायुक्त ने दिए समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश



गुरुग्राम (एजेंसी)। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. पंकज ने बुधवार को 30 से अधिक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। इस बैठक का उद्देश्य शहर की नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना और स्थानीय समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने अपने इलाकों की विभिन्न समस्याएं निगमायुक्त के समक्ष रखीं।

चर्चा के दौरान सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, सड़क बत्ती और पेयजल आपूर्ति जैसे कई मुद्दे उठाए गए। सामुदायिक केंद्रों, बागवानी, पार्कों, सड़कों और सीवर व्यवस्था से संबंधित समस्याओं पर भी विस्तार से बात हुई। निगमायुक्त ने सभी संयुक्त आयुक्तों और कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की आरडब्ल्यूए के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें। डॉ. पंकज ने अधिकारियों को स्थानीय समस्याओं का प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अनावश्यक देरी से बचने और प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।निगमायुक्त डॉ. पंकज ने बताया कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं देना है। उन्होंने कहा कि आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि नागरिकों की अपेक्षाओं से सीधे जुड़े होते हैं। इसलिए उनके सुझाव और प्रतिक्रिया निगम के लिए महत्वपूर्ण हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को आरडब्ल्यूए के साथ नियमित समन्वय रखने के निर्देश दिए गए। निगम का प्रयास है कि केवल शिकायतें दूर न हों, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाओं का अनुभव भी हो।

दादा भैया तालाब का 2 करोड़ में होगा जीर्णोद्धार



मानेसर (एजेंसी)। नगर निगम मानेसर वार्ड नंबर-12 के गांव मानेसर स्थित दादा भैया तालाब का विकास और जीर्णोद्धार कराएगा। इस कार्य पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह योजना पुराने तालाब की मरम्मत कर उसे नया रूप देगी। इसका उद्देश्य गांव के पुराने जलस्रोत को बचाना और पानी जमा करने की बेहतर व्यवस्था करना है। गांव मानेसर में भूजल स्तर लगातार गिरने से ग्रामीणों को पानी की समस्या हो रही है। तालाब के जीर्णोद्धार से बारिश का पानी जमा होगा, जिससे भूजल स्तर बढ़ने में मदद मिलेगी। निगम जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करेगा। इस परियोजना से ग्रामीणों को घूमने और बैठने के लिए बेहतर जगह मिलेगी। इससे बुजुर्गों और बच्चों को खाली समय बिताने का अच्छा स्थान मिलेगा।

गांव मानेसर के दादा भैया तालाब का करीब दो करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू किया जाएगा। तालाब के विकसित होने से बारिश का पानी जमा हो सकेगा और जमीन के नीचे पानी का स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

सम्पादकीय

भारत-नेपाल संबंधों में नए सहयोग का अध्याय

भारत और नेपाल के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये साझा इतिहास, संस्कृति, परंपरा, आस्था और सामाजिक जुड़ाव की मजबूत बुनियाद पर टिके हुए हैं। दोनों देशों के बीच सदियों पुराने पारिवारिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध रहे हैं। खुली सीमा, सांस्कृतिक समानता और परस्पर निर्भरता ने इन रिश्तों को विशिष्ट पहचान दी है। ऐसे में नेपाल के प्रधानमंत्री की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान हुए समझौतों, विकास परियोजनाओं और नई घोषणाओं को दोनों देशों के भविष्य के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। यह यात्रा केवल औपचारिक मुलाकातों और कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और तकनीकी सहयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी को नई दिशा देने का प्रयास दिखाई देता है। इस यात्रा के दौरान अयोध्या और जनकपुर के बीच सरयू-कमला एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ विशेष महत्व रखता है। अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मभूमि और जनकपुर माता सीता की जन्मभूमि के रूप में विश्वभर में श्रद्धा का केंद्र हैं। इन दोनों धार्मिक और सांस्कृतिक नगरों को रेल सेवा से जोडड़ा केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं है, बल्कि भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत को और मजबूत करने का प्रयास भी है। इससे धार्मिक पर्यटन, स्थानीय व्यापार और दोनों देशों के नागरिकों के बीच आवागमन को बढ़ावा मिल सकता है। यदि इस रेल सेवा के साथ पर्यटन सुविधाओं, सुरक्षा, आवास और स्थानीय परिवहन का भी विस्तार किया जाए तो यह भारत-नेपाल सांस्कृतिक पर्यटन का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती है। भारत और नेपाल के बीच संपर्क सुविधाओं का विस्तार आर्थिक सहयोग की दृष्टि से भी बेहद जरूरी है। बनबसा में नए एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) का शिलान्यास तथा भैरहवा, सुनौली और दोधारा चांदनी में आईसीपी निर्माण की प्रगति सीमा पार व्यापार को व्यवस्थित और सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इसी प्रकार धारचूला और दार्चुला के बीच नए सीमा-पार मोटर-योग्य पुल का उद्घाटन सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए आवागमन और व्यापार की नई संभावनाएं पैदा करेगा। भारत और नेपाल की सीमाओं पर रहने वाले नागरिकों के लिए सड़क, पुल और व्यापारिक सुविधाएं केवल विकास परियोजनाएं नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी आवश्यकताएं हैं। ऊर्जा सहयोग इस यात्रा का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष है। नेपाल जलविद्युत उत्पादन की अपार संभावनाओं वाला देश है, जबकि भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताएं स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के नए अवसर प्रदान करती हैं। 669 मेगावाट की लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना का शिलान्यास इस दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस परियोजना से नेपाल की विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ भारत और नेपाल के बीच ऊर्जा व्यापार को भी मजबूती मिल सकती है। जलविद्युत क्षेत्र में सहयोग दोनों देशों के लिए परस्पर लाभकारी साबित हो सकता है। नेपाल को निवेश, रोजगार और राजस्व मिलेगा, जबकि भारत को स्वच्छ ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध हो सकते हैं। इसी क्रम में मोतिहारी-अमलेखगंज तेल पाइपलाइन के दूसरे चरण का राष्ट्र को समर्पण तथा प्रस्तावित सिलीगुड़ी-झापा पेट्रोलियम पाइपलाइन के झापा टर्मिनल का शिलान्यास ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से उल्लेखनीय हैं। पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन व्यवस्था विकसित होने से परिवहन लागत, समय और आपूर्ति संबंधी जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है।

चुनावी महासंग्राम की राह पर उत्तर प्रदेश

निर्मल रानी



उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सदस्यों के लिये होने वाले आम चुनाव, फरवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के साथ ही देश के 4 अन्य राज्यों पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भी संभवतः फरवरी-मार्च 2027 की शुरूआत में ही विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इन सभी पाँचों राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च से मई 2027 के बीच समाप्त हो रहा है। इन पांच राज्यों के अलावा, वर्ष 2027 के अंत यानी नवंबरझदिसंबर में दो अन्य राज्यों गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव निर्धारित हैं। इन विधान सभा चुनावों को 2029 के प्रस्तावित लोकसभा चुनावों के सेमी फाइनल के रूप में भी देखा जा रहा है। वैसे तो इन सभी पांचों राज्यों में चुनाव बेहद दिलचस्प होने की संभावना है परन्तु सबसे चुनौतीपूर्ण चुनाव उत्तर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के आधार अपनी चुनावी बिसात बिछाने वाला देश का यह सबसे बड़ा प्रदेश इस बार न केवल साम्प्रदायिक बल्कि जातीय समीकरणों में भी बुरी तरह उलझ चुका है। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर के बाद, निर्वाचन आयोग ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले ड्राफ़्ट मतदाता सूची जारी कर दी है और नाम जोड़ने व सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 17 नवंबर 2026 को जारी ड्राफ़्ट मतदाता सूची में उत्तर प्रदेश में कुल 13.58 करोड़ मतदाता दर्ज किए गए हैं। 10 अप्रैल 2026 को एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम सूची की तुलना में इस मसौदा सूची में 18,84,113 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में महिला मतदाताओं की संख्या में 10,96,828 और पुरुष मतदाताओं की संख्या में 7,87,449 का इजाफा हुआ है। इससे पहले एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 15.44 करोड़ मतदाताओं की जांच के बाद 12.55 करोड़ नाम बरकरार रखे गए थे और लगभग 2.89 करोड़ नाम सूची से हटाए गए थे। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि पंचायत और विधानसभा मतदाता सूची के भ्रम के कारण 1 करोड़ 27 लाख हिंदू मतदाताओं के नाम सूची में नहीं जुड़ पाए हैं। इसके मद्देनजर भाजपा ने हर बूथ पर मतदाता जोड़ने के लिए एक महीने का विशेष अभियान शुरू किया है। इसी तरह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी ने भी मतदाता सूची में संभावित गड़बड़ियों और नाम कटने के मुद्दों पर सवाल उठाए हैं और अपने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की निगरानी के लिए सक्रिय किया है। उधर मुस्लिम समाज भी न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जानबूझ कर पूर्व नियोजित तरीके से एक बड़ी साजिश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायत कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के इस चुनाव में जहां भाजपा बनाम इण्डिया गठबंधन (कांग्रेस+समाजवादी पार्टी) चुनावी मुकाबला होने की संभावना थी वहीं मायावती की बहुजन समाज पार्टी भी शुरू से ही अपनी डफली अलग ही बजा रही है। कुछ राजनैतिक विश्लेषक इसे मायावती द्वारा भाजपा को लाभ पहुँचाने की कोशिश की नजर से भी देख रहे हैं। परन्तु पिछले दिनों असदुद्दीन ओवैसी की ए आई एम आई एम ने उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा सांसद और 'भीम आर्मी' के प्रमुख चंद्रेशखर की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से चुनाव पूर्व समझौता कर उत्तर प्रदेश के राजनैतिक हल्कों में खलबली पैदा कर दी है।

श्वेत क्रांति, पोषण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा

सुरेश सिंह बैस शाश्वत



भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के साथ पशुपालन का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। गाँवों में दूध उत्पादन केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की आर्थिक सुरक्षा, पोषण और आत्मनिर्भरता का आधार है। दूध की प्रत्येक बूँद के पीछे पशुपालक का परिश्रम, पशुओं की देखभाल और ग्रामीण जीवन की निरंतर साधना छिपी होती है।

भारत में 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया जाता है। यह दिवस श्वेत क्रांति के जनक माने जाने वाले डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वर्ष 2014 में भारतीय डेयरी क्षेत्र से जुड़े संगठनों ने इस दिवस को मनाने की पहल की थी। इसका उद्देश्य दुग्ध उत्पादन, पोषण और डेयरी क्षेत्र में देश के योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

भारत में दुग्ध उत्पादन को संगठित और व्यापक बनाने में डॉ. वर्गीज कुरियन की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने सहकारी डेयरी मॉडल को मजबूत करने तथा किसानों को दूध के विपणन और प्रसंस्करण से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। गुजरात के आनंद से विकसित सहकारी आंदोलन ने देश में दुग्ध क्षेत्र के विस्तार को नई दिशा दी। ह्यऑपरेशन फ्लडह्न के माध्यम से भारत में दूध उत्पादन और वितरण की व्यवस्था को व्यापक बनाने का प्रयास किया गया। इससे अनेक दुग्ध उत्पादकों को संगठित बाजार तक पहुँच मिली और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डेयरी गतिविधियों का महत्त्व बढ़ा। भारत का डेयरी क्षेत्र आज भी सहकारिता, पशुपालन और ग्रामीण रोजगार के लिए एक महत्त्वपूर्ण आधार है। श्वेत क्रांति की सबसे बड़ी सीख यह है कि जब स्थानीय उत्पादकों को संगठन, तकनीक, उचित बाजार और सामूहिक निर्णय की शक्ति मिलती है, तो छोटे स्तर का उत्पादन भी बड़े आर्थिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है। दूध प्रोटीन, कैल्शियम और अन्य पोषक तत्त्वों का स्रोत है। संतुलित आहार में दूध और दुग्ध उत्पाद उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं। बच्चों की वृद्धि, हड्डियों के स्वास्थ्य और शरीर की पोषण संबंधी आवश्यकताओं के संदर्भ में इनका महत्त्व है। हालांकि, हर व्यक्ति की पोषण संबंधी जरूरतें अलग होती हैं और दूध सभी के लिए अनिवार्य या समान रूप से उपयुक्त नहीं होता। दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षित भंडारण पर ध्यान देना भी आवश्यक है। मिलावट, दूषित दूध और अनुचित रखरखाव स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। इसलिए उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक पहुँचने की पूरी प्रक्रिया में स्वच्छता और गुणवत्ता नियंत्रण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

डेयरी व्यवसाय ग्रामीण परिवारों को नियमित आय का अवसर देता है। विशेषकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए दूध उत्पादन कृषि आय के साथ एक अतिरिक्त आर्थिक सहारा बन सकता है। पशुपालन से जुड़े कार्यों में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। पशुओं को चारा देना, दुहना, देखभाल करना और दूध की बिक्री की व्यवस्था संभालना ग्रामीण महिलाओं के श्रम और कौशल का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन पशुपालकों के सामने चारे की बढ़ती लागत, पशु चिकित्सा सुविधाओं की कमी, बाजार में मूल्य की अनिश्चितता और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियाँ भी हैं। इनके समाधान के लिए गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएँ, संतुलित पशु आहार, प्रशिक्षण, बेहतर शीत शृंखला और पारदर्शी खरीद व्यवस्था आवश्यक है। दुग्ध उत्पादकों को उचित मूल्य और समय पर भुगतान मिलना चाहिए। सहकारी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत करके ग्रामीण परिवारों की आय और सौदेबाजी की क्षमता बढ़ाई जा सकती है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की कोशिश में पशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। स्वच्छ आवास, पर्याप्त पानी, संतुलित आहार, समय पर उपचार और मानवीय व्यवहार अच्छे पशुपालन के मूल आधार हैं। इसके साथ डेयरी क्षेत्र में जल उपयोग, गोबर प्रबंधन और चारे की उपलब्धता पर भी ध्यान देना जरूरी है।

देश-विदेश में बढ़ा राजस्थान फाउंडेशन का दायरा, अब 51 चैप्टर

वर्ष 2023 में थे केवल 12 चैप्टर, पिछले तीन वर्षों में 39 नए बनाए

उत्तम भारत संवाददाता



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए पिछले 3 वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी क्रम में प्रवासियों के लिए नए विभाग का गठन, राजस्थान फाउंडेशन द्वारा नए चैप्टर का गठन, जिलों में प्रवासी प्रकोष्ठ का गठन, प्रवासी राजस्थानी दिवस, प्रवासियों के साथ निरंतर संवाद, देश-विदेश में प्रवासी मीट सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

राजस्थान फाउंडेशन का नेटवर्क अब 51 चैप्टर तक विस्तारित हो गया है। इनमें 25 राष्ट्रीय और 26 अंतरराष्ट्रीय चैप्टर शामिल हैं। वर्ष 2023 में राजस्थान फाउंडेशन के केवल 12 चैप्टर थे, जो भी क्रियाशील नहीं थे। इन सभी को क्रियाशील करने के साथ ही पिछले तीन वर्षों में 39 नए चैप्टर बनाए गए हैं।

28 नए चैप्टर गठित, 11 के गठन की प्रक्रिया शुरू

राजस्थान फाउंडेशन द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के साथ जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए नए चैप्टर का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 16 अक्टूबर, 2026 को प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम के दौरान 11 नए चैप्टर गठित करने की घोषणा की थी। इन सभी चैप्टर के गठन तथा अध्यक्षों के मनोनयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025 के अवसर पर 14 नए चैप्टर गठित करने की घोषणा की थी। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा अब इन सभी 14 चैप्टर का गठन कर इन्हें क्रियाशील कर दिया गया है। इनमें 9 अंतरराष्ट्रीय और 5 राष्ट्रीय चैप्टर शामिल हैं। साथ ही, 14 नए चैप्टर्स का पूर्व में ही गठन किया जा चुका है। राजस्थान फाउंडेशन के इस विस्तार से विश्वभर में बसे प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवाद, समन्वय और सहभागिता को नई गति मिलेगी। इससे प्रवासी समुदाय को राज्य के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और निवेश संबंधी विकास कार्यों से जोड़ने में भी मदद मिलेगी। इन चैप्टर के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों के बीच मजबूत नेटवर्क विकसित होगा। इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, निवेश प्रोत्साहन, कौशल एवं तकनीकी सहयोग, शिक्षा, पर्यटन तथा समाजसेवा के क्षेत्रों में नई संभावनाओं का विस्तार होगा।

26 अंतरराष्ट्रीय चैप्टर

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका), मनामा (बहरीन), कुवैत सिटी (कुवैत), मस्कट (ओमान), कुआलालंपुर (मलेशिया), बैंकॉक (थाईलैंड), हांगकांग, ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), टोरंटो (कनाडा), दुबई (संयुक्त अरब अमीरात), दोहा (कतर), रियाद (सऊदी अरब), लंदन (यूनाइटेड किंगडम), न्यूयॉर्क (अमेरिका), सिंगापुर, टोक्यो (जापान), मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया), काठमांडू (नेपाल), कंपाला (युगांडा), म्यूनिख (जर्मनी) और नैरोबी (केन्या) में चैप्टर क्रियाशील हैं। इसके अतिरिक्त सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड), मिलान (इटली), डबलिन (आयरलैंड) और नॉर्डिक (स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड) में नए चैप्टर्स की घोषणा की जा चुकी है।

25 राष्ट्रीय चैप्टर

देश में फरीदाबाद (हरियाणा), तिरुवनंतपुरम (केरल), लुधियाना (पंजाब), वाराणसी (उत्तर प्रदेश) और गंगटोक (सिक्किम), मुंबई (महाराष्ट्र), अहमदाबाद (गुजरात), सूरत (गुजरात), इंदौर (मध्य प्रदेश), पुणे (महाराष्ट्र), दिल्ली, रांची (झारखंड), कोलकाता (पश्चिम बंगाल), बेंगलुरु (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु), हैदराबाद (तेलंगाना), कोयंबटूर (तमिलनाडु), भुवनेश्वर (ओडिशा) और गुवाहाटी (असम) में राजस्थान फाउंडेशन के चैप्टर संचालित हैं। इसके अतिरिक्त रायपुर (छत्तीसगढ़), लखनऊ (उत्तर प्रदेश), पटना (बिहार), सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल), पणजी (गोवा) और विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) में नए चैप्टर्स की घोषणा की जा चुकी है।

दूसरा प्रवासी राजस्थानी दिवस: 8 से 10 दिसम्बर तक भव्य आयोजन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में 10 दिसम्बर को हर वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस क्रम में दूसरा प्रवासी दिवस आगामी 10 दिसम्बर आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत 8 दिसम्बर को झुंझुनूं के खेतड़ी स्थित अभयगढ़ में शेखावाटी हेरिटेज मीट और 9 दिसम्बर को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रवासी सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। 10 दिसंबर को जयपुर के जेईसीसी में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

मानसिंह गुर्जर हत्याकांड: फरार सुनील मीणा पर 10 हजार का इनाम घोषित



टोंक (एजेंसी)। बंशीपुरा मोड़ के पास हुए मानसिंह गुर्जर हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी सुनील मीणा पर पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा ने बुधवार को 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस की विभिन्न टीमें फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। दतवास थाना प्रभारी निरमा मीणा के नेतृत्व में पुलिस दल आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रहा है। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन इस जघन्य हत्याकांड में शामिल अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी गहनता से जांच कर रहा है।

सोशल मीडिया विवाद और अपहरण

16 नवंबर की रात बंशीपुरा मोड़ से तुर्किया की ओर सड़क किनारे मानसिंह गुर्जर गंभीर घायल अवस्था में मिला था। उसे चाकसू उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि सोशल मीडिया पर हुई गाली-गलौज और पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने मानसिंह को कार से अगवा किया था और लोहे के पाइप से उस पर गंभीर मारपीट की थी।

मुख्य आरोपी भेजा गया जेल पुलिस ने मुख्य आरोपी सचिन गुर्जर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कार तथा लोहे का पाइप जब्त कर लिया। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने आरोपी सचिन को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अब फरार आरोपी सुनील मीणा की तलाश में जुटी है।

बहरोड़ में डंपर से टकराई कार, तीन युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

बहरोड़ (एजेंसी)। जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर दहमी पुलिया के पास बुधवार रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पांचों युवक कार में सवार होकर शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में कार आगे चल रहे डंपर से टकरा गई। हादसा रात करीब 1:30 बजे हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और डंपर जब्त कर जांच शुरू कर दी। मृतक देवेंद्र के भाई सचिन के अनुसार, देवेंद्र कुमार, हेमंत कुमार, हरीश कुमार, हर्ष कुमार और साहिल कुमार कार से भगवाड़ी गांव में अपने चचेरे भाइयों के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे।

500 किलोमीटर पीछा कर मध्य प्रदेश से पकड़ा गया दुष्कर्म का आरोपी

उदयपुर (एजेंसी)। उदयपुर की सवीना थाना पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में आरोपी सतीश परमार को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 500 किलोमीटर पीछा कर आरोपी को पकड़ा और किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब किया। राजस्थान के उदयपुर में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में सवीना थाना पुलिस ने आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम ने करीब 500 किलोमीटर तक पीछा किया। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर किशोरी को भी सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

16 नवंबर की रात घर से लापता हुई थी किशोरी



थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने सवीना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 16 नवंबर 2026 की रात करीब 10 बजे उनकी नाबालिग बहन बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। परिजनों ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

तकनीकी संसाधनों से मिली आरोपी की लोकेशन

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर थानाधिकारी दलबीर सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। लोकेशन ट्रेस होने के बाद पुलिस टीम ने करीब 500 किलोमीटर तक पीछा किया और मध्य प्रदेश में आरोपी सतीश परमार को हिरासत में ले लिया। आरोपी सतीश परमार डूंगरपुर जिले के दोवड़ा का निवासी है। उसके पिता का नाम मनोहरलाल है।

पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर सवीना थाने पहुंची। यहां पूछताछ और जांच के दौरान अपराध की पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी को भी सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी के खिलाफ नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

जैसलमेर में संतोष निर्विरोध चुनी गईं, बीकानेर में बगावत



जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान की 37 जिला परिषदों में जिला प्रमुख चुनाव के लिए नामांकन हुए। जैसलमेर में 21 वर्षीय संतोष कुमारी निर्विरोध चुनी गईं। दौसा और सवाई माधोपुर में भी कांग्रेस प्रत्याशियों का निर्वाचन तय है। बीकानेर में कांग्रेस की बगावत और सलूम्बर में त्रिकोणीय समीकरण ने मुकाबले को रोचक बना दिया है।

राजस्थान में जिला प्रमुख चुनाव के लिए बुधवार को सभी 37 जिला परिषदों में राजनीतिक हलचल तेज हो गई। नामांकन के साथ ही कई जिलों में मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है। कांग्रेस ने जैसलमेर से अपना खाता खोलते हुए 21 साल की संतोष कुमारी को निर्विरोध जिला प्रमुख बनवा लिया है। वह राजस्थान की सबसे कम उम्र की जिला प्रमुख बताई जा रही हैं। सवाई माधोपुर और दौसा में भी कांग्रेस प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है।

दूसरी ओर, कुछ जिलों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है तो कहीं निर्दलीय और क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशियों ने चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। बीकानेर में कांग्रेस के लिए असहज स्थिति बन गई है। पार्टी ने विधायक सुशीला डूडी की बहू निकिता डूडी को प्रत्याशी बनाया, लेकिन पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल की बेटी सरिता ने निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया। जैसलमेर में कांग्रेस प्रत्याशी संतोष कुमारी के सामने किसी अन्य दल या निर्दलीय उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। ऐसे में उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया। संतोष वार्ड 21 से कांग्रेस के टिकट पर जीती थीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को 6,137 वोटों से हराया था। उनकी उम्र 21 साल 36 दिन बताई गई है। वह 12वीं पास हैं। सामान्य सीट पर कांग्रेस ने अनुसूचित जनजाति वर्ग की प्रत्याशी को मैदान में उतारा था। सवाई माधोपुर में कांग्रेस की आशा बैरवा का जिला प्रमुख बनना भी तय है। वह पूर्व मंत्री अशोक बैरवा की पत्नी हैं। वार्ड 15 से निर्वाचित आशा के सामने किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। दौसा में कांग्रेस विधायक डीडी बैरवा की पत्नी बीना बैरवा भी जिला प्रमुख पद के लिए अकेली उम्मीदवार हैं। दोनों का निर्विरोध निर्वाचन होने की स्थिति बन गई है।

बीकानेर में कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई

बीकानेर में जिला प्रमुख चुनाव कांग्रेस के लिए चुनौती बन गया है। पार्टी ने विधायक सुशीला डूडी की बहू निकिता डूडी को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल की बेटी सरिता ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया। सरिता ने पार्टी के भीतर टिकट वितरण को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि कांग्रेस में काम करने वाले कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है।

जयपुर में सूरा और गुर्जर के बीच मुकाबला

जयपुर जिला परिषद में कांग्रेस ने यशवीर सूरा को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। भाजपा की ओर से वार्ड 22 से निर्वाचित राजेश कुमार गुर्जर ने नामांकन दाखिल किया है। जिला परिषद की 57 सीटों में कांग्रेस के 42, भाजपा के 13 और आरएलपी के दो सदस्य हैं। बहुमत के लिए 29 सदस्यों का समर्थन जरूरी है। इस लिहाज से कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत है।

बाड़मेर में हनुमान बेनीवाल भी मैदान में

बाड़मेर जिला प्रमुख चुनाव में आरएलपी ने वार्ड 25 से निर्वाचित हनुमान बेनीवाल को प्रत्याशी बनाया है। यहां कांग्रेस से गफूर अहमद और भाजपा से खंगार सिंह ने भी नामांकन किया है। नागौर में भी आरएलपी ने पांचाराम को मैदान में उतारा है। डीडवाना-कुचामन में आरएलपी के शिवपाल ने नामांकन किया है।

चूरू में राठौड़ परिवार की बहू भाजपा प्रत्याशी

चूरू में भाजपा ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की बहू कनिका सिंह को जिला प्रमुख पद का प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस की ओर से प्रकाश बुडानिया ने नामांकन दाखिल किया है। दोनों दलों के नेताओं ने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मोर्चा संभाल लिया है।

झुंझुनूं में कांग्रेस ने 22 साल की कोमल पर लगाया दांव

झुंझुनूं में कांग्रेस ने 22 वर्षीय कोमल भंवरिया को प्रत्याशी बनाया है। यहां जिला परिषद की 41 सीटों में कांग्रेस के 29, भाजपा के 11 और एक निर्दलीय सदस्य हैं।

स्वामी: गायत्री मीडिया, प्रकाशक व संपादक: शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मुद्रक: रजनी कुमारी द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, बी-42, नोएडा, सेक्टर-7, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित व बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।
RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

भिवंडी में चिकन शोरमा खाने से 43 लोग बीमार गर्भवती महिला और 10 बच्चे अस्पताल में भर्ती

ठाणे, एजेंसी।

महाराष्ट्र के भिवंडी में चिकन शोरमा खाने के बाद फूड पॉइजनिंग का बड़ा मामला सामने आया है। शोरमा खाने से अब तक 43 लोग बीमार हो गए हैं, जिनमें एक गर्भवती महिला और 10 बच्चे भी शामिल हैं। सभी मरीजों को इंदिरा गांधी स्मृति रुग्णालय (आईजीएम) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मरीजों के मुताबिक, अंजुर पट्टी नाके के पास स्थित एक दुकान से शोरमा खाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। किसी को पेट में तेज दर्द, किसी को उल्टी और दस्त की शिकायत हुई, तो किसी को बुखार और चक्कर आने लगा। शुरूआत में लोगों ने इसे सामान्य पेट दर्द समझा लेकिन जब एक साथ कई लोगों की तबीयत खराब हुई, तब पता चला कि फूड पॉइजनिंग है।



पीड़ित शेख इरफान जाफर हुसैन ने बताया कि उन्होंने परसों रात अंजुर पट्टी नाके से शोरमा खाया था। उनका बच्चा शोरमा लेकर आया था, जिसे उन्होंने खा लिया। अगले दिन सुबह से ही उनके पेट में मरोड़ शुरू हो गई। दोपहर में न्यूज देखने के बाद उन्हें पता चला कि शोरमा खाने से ही लोगों की तबीयत खराब हो रही है। शाम तक उन्होंने प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया लेकिन आराम नहीं मिला। रात करीब 12 बजे उन्हें चक्कर और बुखार आ गया, जिसके बाद परिजन उन्हें आईजीएम अस्पताल लेकर आए।

दूसरे मरीज ने बताया कि उन्होंने रात साढ़े नौ से साढ़े दस बजे के बीच शोरमा खाया था। अगले दिन दोपहर एक-डेढ़ बजे से उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें बार-बार दस्त हो रहे हैं, पेट में ऐंठन हो रही है और उल्टी जैसा महसूस हो रहा है। रात चार बजे उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि उनके साथ कई और लोग भी इसी वजह से अस्पताल में भर्ती हैं।

मरीज की बहन नाजिया ने बताया कि उनके भाई को पेट में तेज दर्द हुआ, फिर बुखार आ गया और बाद में बीपी लो हो गया। पहले उन्हें प्राइवेट अस्पताल में दिखाया गया, जहां से उन्हें आईजीएम अस्पताल रेफर किया गया।

वसई-विरार में 11वीं मंजिल की खिड़की से गिरी 6 साल की बच्ची, मौत

पालघर, एजेंसी।

महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई-विरार इलाके में 11वीं मंजिल की लॉबी की खिड़की से गिरने के कारण 6 साल की एक बच्ची की मौत हो गई। इस घटना से बच्ची का परिवार गहरे सदमे में है। वहीं, हाउसिंग सोसाइटी के अन्य लोग भी बच्ची की असामयिक मौत पर शोक जता रहे हैं। यह घटना पालघर जिले के वसई-विरार इलाके में नायगांव ईस्ट स्थित नवकार टावर में मंगलवार शाम करीब 3.45 बजे हुई। नायगांव पुलिस थाने में दर्ज एडीआर के अनुसार, मृत बच्ची की पहचान मिताली दिनेश सुतार (6 वर्ष) के रूप में हुई है।



शिकायत के अनुसार, मिताली अपने घर के सामने रहने वाली एक छोटी बच्ची के साथ खेलने के लिए इमारत की 11वीं मंजिल पर स्थित लॉबी में गई थी। दोनों बच्चियां वहां खेल रही थीं। इसी दौरान मंगलवार शाम करीब 4 बजे पड़ोस में रहने वाली बच्ची की मां ने मिताली के पिता दिनेश सुतार के पास आकर सूचना दी कि उनकी बेटी लॉबी की खिड़की से नीचे गिर गई है।

यह खबर सुनते ही पिता और आसपास के लोग घबराकर तत्काल इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे। वहां मिताली फायर ब्रिगेड के पाइप पर पीठ के बल गिरी हुई मिली। हादसे के बाद परिजन बिना समय गंवाए बच्ची को एम्बुलेंस की मदद से वसई पश्चिम स्थित कार्डिनल अस्पताल लेकर पहुंचे।

अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्ची की ईसीजी जांच की। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। शाम करीब 6.45 बजे डॉक्टरों ने मिताली को अस्पताल में भर्ती करने से पहले ही मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना को लेकर रात करीब 9.30 बजे नायगांव पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 194 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस की ओर से मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बांग्लादेश सीमा के पास कुशियारा नदी से लापता बीएसएफ जवान का शव बरामद

गुवाहाटी, एजेंसी।

असम के श्रीभूमि जिले में बांग्लादेश सीमा के नजदीक कुशियारा नदी से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के लापता सैनिक के. बेनू का शव बरामद हुआ है। बेनू रविवार रात असम के कछार जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध मवेशी तस्करों के एक गिरोह का पीछा करते हुए बराक नदी में कूदने के बाद लापता हो गए थे। बीएसएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) ने जवान का शव मिलने की पुष्टि की। साथ ही, उन्होंने पहले की उन खबरों को भी खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि बेनू को बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों ने जिंदा बचा लिया था और बांग्लादेश ले गए थे। डीआईजी ने साफ किया कि कांस्टेबल के जिंदा मिलने की खबरें गलत थीं।

अधिकारियों के मुताबिक, बेनू और हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव कटिगोरा इलाके में हरिनगर बॉर्डर आउटपोस्ट पर तैनात थे। उन्होंने चार से पांच संदिग्ध मवेशी तस्करों को बॉर्डर के पास घूमते देखा। बीएसएफ के जवानों को देखते ही संदिग्ध तस्कर गिरफ्तारी से बचने के लिए नदी में कूद गए। इसके बाद दोनों सुरक्षाकर्मी उनका पीछा करने के लिए नदी में उतरे।

जितेंद्र यादव तैरकर सुरक्षित नदी के किनारे वापस आ गए लेकिन बेनू तेज बहाव में फंस गए और बह गए। सोमवार सुबह बीएसएफ कंपनी कमांडर ने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मिलकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

लापता कांस्टेबल का पता लगाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), रिवर पुलिस और दूसरी एजेंसियों के कर्मियों को लगाया गया।

पश्चिम बंगाल नगर निकाय भर्ती घोटाले में सीबीआई ने पूर्व मंत्री सुजीत बोस के साले को भेजा समन

कोलकाता, एजेंसी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नगर निकाय भर्ती घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत बोस के साले को पूछताछ के लिए बुलाया है। एजेंसी के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई सूत्रों के अनुसार, आरोप है कि सुजीत बोस ने भर्ती से जुड़े भ्रष्टाचार में अपने साले को भी शामिल किया था। जांचकताओं ने उसे बुधवार दोपहर तक एजेंसी के दफ्तर में पेश होने के लिए कहा है, ताकि वह इस घोटाले में अपनी कथित भूमिका और वित्तीय लेनदेन के बारे में अपना बयान दर्ज करा सके। यह समन 21 नवंबर को सीबीआई अधिकारियों की ओर से दक्षिण कोलकाता की प्रेसीडेंसी सेंट्रल जेल में सुजीत बोस से



पूछताछ करने के चार दिन बाद आया है। पूर्व अग्निशमन सेवा मंत्री से लगभग तीन घंटे तक पूछताछ की गई थी। हालांकि, जांचकर्ता उनके जवाबों से संतुष्ट नहीं थे, इसलिए उन्होंने आगे की पूछताछ के लिए उनके साले को बुलाने का फैसला किया। एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, आरोप है कि सुजीत बोस ने भर्ती से जुड़ी गड़बड़ियों में अपने साले का इस्तेमाल किया और उसकी नौकरी भी लगवाई। सीबीआई यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या उन्हें इस कथित भ्रष्टाचार से कोई आर्थिक लाभ मिला था और भर्ती प्रक्रिया में उनकी क्या भूमिका थी? प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी नगर निकाय भर्ती घोटाले की जांच कर रहा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद, 11 मई को ईडी ने सुजीत बोस को गिरफ्तार किया था। हालांकि सीबीआई ने पहले इस मामले में जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें बोस का नाम नहीं था लेकिन बाद में ईडी ने अपनी चार्जशीट में पूर्व मंत्री और उनके बेटे का नाम शामिल किया।

बाद में, सीबीआई ने जेल के अंदर सुजीत बोस से पूछताछ करने की अनुमति के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत से मंजूरी मिलने के बाद, 21 नवंबर को सीबीआई अधिकारियों की एक टीम ने उनसे पूछताछ की। जांचकर्ता मुख्य रूप से दक्षिण दमदम नगर पालिका में हुई अनियमित नियुक्तियों में उनकी कथित भूमिका की जांच कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का सीवान दौरा, डीएम और एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा



सिवान, एजेंसी।

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को सीवान के दौरे पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। दरौंदा प्रखंड के चिंतामनपुर स्थित विवि गिरी यूनिवर्सिटी सह ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम आयोजित होगा। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा से लेकर यातायात और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पहुंचेंगे, जहां वे मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री व्हाइट कोट सेरेमनी में शामिल होंगे और एमबीबीएस बैच-2026 का उद्घाटन भी करेंगे। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर कॉलेज प्रबंधन के साथ-साथ जिला प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सीवान के जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने जिले के सभी वरिष्ठ एवं संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने परिसर के अलग-अलग हिस्सों का बारीकी से जायजा लिया और मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों के आवागमन, पार्किंग की व्यवस्था, आम लोगों की आवाजाही और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही मौके पर मौजूद अधिकारियों और संबंधित कर्मियों से तैयारियों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर आने-जाने वाले रास्तों, वाहनों की पार्किंग और अतिथियों के बैठने की व्यवस्था को भी व्यवस्थित करने पर जोर दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रहनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं, ममता मेडिकल कॉलेज में आयोजित होने वाली व्हाइट कोट सेरेमनी और एमबीबीएस बैच-2026 के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

चतरा में पुलिस और राहुल दुबे गैंग के बीच मुठभेड़, एक अपराधी घायल



चतरा, एजेंसी।

झारखंड के चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह पुलिस और राहुल दुबे गैंग के सदस्यों के बीच मुठभेड़ में एक अपराधी को गोली लगी है। घायल को पुलिस ने हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस फरार अपराधियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गैंग के कुछ सक्रिय अपराधी टंडवा इलाके में मौजूद हैं। इसके बाद पुलिस की टीम ने इलाके में अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस और अपराधियों का आमना-सामना हो गया। मुठभेड़ में एक अपराधी गोली लगने से घायल हो गया। राहुल दुबे गैंग के सदस्यों के साथ पिछले कुछ दिनों में पुलिस की यह तीसरी मुठभेड़ है।

इससे पहले 23 नवंबर को हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डाटोखुर्द स्थित रेलवे साइडिंग के पास पुलिस और गिरोह के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें दो अपराधी घायल हुए थे। उनकी पहचान हजारीबाग के पदमा निवासी दीप नारायण भगत और चतरा के नगवां निवासी राहुल कुमार उर्फ रॉकी के रूप में हुई थी। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। मुठभेड़ के दौरान दो अन्य अपराधी फरार हो गए थे।

इससे पहले छह नवंबर को हजारीबाग के उरीमारी क्षेत्र के कर्मा टिल्हा जंगल में पुलिस और गिरोह के सदस्य अंशु दुबे के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें अंशु दुबे के पैर में गोली लगी थी। 30 अक्टूबर को रांची पुलिस ने इसी गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया था और इस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ था। राहुल दुबे गैंग का नाम चतरा और हजारीबाग जिले में हुई गोलीबारी की कई घटनाओं में सामने आया है।

12 नवंबर की रात टंडवा स्थित आम्रपाली कोल परियोजना के होन्हे गांव में एवीएस कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के कार्यालय पर बाइक सवार अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की थी। 19 नवंबर की रात हजारीबाग जिले के चौपारण स्थित होटल एके इंटरनेशनल के बाहर भी बाइक सवार अपराधियों ने करीब छह राउंड गोलियां चलाई थीं। इससे पहले 29 अक्टूबर को हजारीबाग के मटवारी स्थित एक होटल के बाहर फायरिंग हुई थी। 13 नवंबर को बरही के स्टेशन रोड स्थित एक होटल के बाहर भी गोलीबारी की घटना हुई थी।

हजारीबाग के होटल में शादी समारोह के दौरान गोलीबारी; एक की मौत, दूसरा घायल

हजारीबाग, एजेंसी।

झारखंड के हजारीबाग में बुधवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है। मृतक की पहचान हजारीबाग के बाबा पथ, हुरहुरू निवासी अर्णव सिंह उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। हमलावर मौके से फरार हो गए।

वारदात जिला परिषद चौक के आगे डीवीसी क्षेत्र स्थित होटल उपकार में हुई। यहां शादी समारोह में बारात का द्वार लगने के तुरंत बाद अचानक ताबड़तोड़ गोलियां चलने लगीं। उस समय होटल परिसर में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। गोलीबारी होते ही वहां भगदड़ मच गई। लोग जान बचाने



के लिए इधर-उधर भागने लगे। अर्णव सिंह उर्फ बिट्टू को गोली लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अंकित नामक एक अन्य युवक भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शादी में लड़की पक्ष हजारीबाग के बाबा पथ, हुरहुरू का रहने वाला है जबकि लड़का पक्ष चतरा जिले के सिमरिया का निवासी बताया गया है। घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। गोलीबारी के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

अनियमित बारिश के चलते कावेरी डेल्टा के किसान धान की फसल को लेकर परेशान

नागापट्टिनम। कावेरी डेल्टा के किसानों को धान की फसल सिंचाई के लिए बारिश की उम्मीद है। पिछले दो दिनों में तंजावुर, तिरुवरुर, मयिलादुथुराई और नागापट्टिनम के कई इलाकों में हल्की बारिश होने से सांबा धान की फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। तमिलनाडु किसान संरक्षण संघ के एस.आर. तमिलसेल्वन ने बताया कि पूरे डेल्टा क्षेत्र में लगभग 11.40 लाख एकड़ में धान की फसल लगी है, जिसे अगले 60 से 80 दिनों तक और पानी की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि मेट्टूर बांध इस क्षेत्र की सिंचाई की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ है, जिसके कारण किसानों को पूर्वोत्तर मानसून के बचे हुए समय में बारिश पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। 22 से 27 नवंबर के बीच बारिश होने के पूर्वानुमान ने इन चारों जिलों के किसानों में उम्मीद जगाई थी।

कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई से केरल सीएम ने बनाई दूरी, सोशल मीडिया की खबरों को बताया फर्जी

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।

केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने बुधवार को कांग्रेस के अंदर चल रही जुबानी जंग से खुद को दूर रखते हुए कहा कि पार्टी का संगठनात्मक नेतृत्व ही इन मुद्दों को संभालेगा। उन्होंने विभिन्न मीडिया संगठनों के नाम पर फैलाई जा रही कई खबरों को मनगढ़ंत बताया।

साप्ताहिक कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सतीशन ने कहा, ह्लमैं पार्टी के मामलों पर नहीं बोलूंगा। केपीसीसी अध्यक्ष और संगठनात्मक टीम जो जरूरी होगा, वह करेगी। मैं इसमें पक्षकार नहीं हूं। कांग्रेस के अंदर गुटबाजी खुलकर सामने आने के बीच उनकी यह टिप्पणी काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि वरिष्ठ नेता लगातार तीखे बयान दे रहे हैं, जिससे अंदरूनी मतभेद सार्वजनिक तमाशा बनने का खतरा पैदा हो गया है।

पार्टी और सरकार के खिलाफ खबरों, खासकर सोशल मीडिया पर, के बारे में सीएम सतीशन ने कहा कि वे फर्जी हैं और उन्हें पता है कि ये कहां से आ रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि सोशल मीडिया पर आ रही हर ऐसी खबर पर जवाब देने की जरूरत है। शुरू में मैं थोड़ा चिंतित था, लेकिन अब मुझे आदत हो गई है। ऐसी खबरें डालने वालों की ही विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है। मैं उन पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। सरकारी एलपी स्कूल टीचर (एलपीएसटी) रैंक लिस्ट के



उम्मीदवारों के चल रहे आंदोलन पर मुख्यमंत्री ने माना कि सरकार मुश्किल स्थिति में फंस गई है। नियुक्ति अनुपात में बदलाव की मांग, सेवारत शिक्षकों को बचाने की सरकार की जिम्मेदारी से टकरा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकारी लोअर प्राइमरी स्कूलों में 3.49 लाख छात्र हैं, जबकि निर्धारित छात्र-शिक्षक अनुपात 1:30 है। लेकिन मौजूदा अनुपात करीब 1:19 है, कुछ जिलों में यह 1:11 तक कम है और मलप्पुरम में सबसे ज्यादा 1:25 है।

सीएम सतीशन ने कहा कि सरकार ने आंदोलनकारी उम्मीदवारों की पांच में से चार मांगें मान ली हैं, लेकिन अनुपात वाली मांग अभी भी विवादास्पद बनी हुई है। उन्होंने लोक सेवा आयोग पर भी आरोप लगाया कि उसने जमीनी हकीकत का ठीक से आकलन किए बिना सिफारिशें कीं। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लसरकार की जिम्मेदारी मौजूदा स्टाफ को बचाने की है। जब छात्रों की संख्या घट रही है, तो हम पहले से सेवा में मौजूद शिक्षकों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सरकार की अपनी सीमाएं हैं, और हम इस स्थिति में फंसे हुए हैं।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2026-27-12** के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

1.	कार्य का विवरण	'Comprehensive repair/ renewal of E-70 brake system in 3- Phase Electric Locomotives' at Electric Loco shed Ghaziabad.
2.	कार्य की अनुमानित लागत	₹ 12,52,88,643.69
3.	धरोहर राशि	₹ 25,05,800.00
4.	निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय	18.12.2026 (15:00 Hrs.)
5.	निविदा खोलने की तिथि और समय	18.12.2026 (After 15:00 Hrs.)
6.	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in

नोट : (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।

संख्या 230-TRS-GZB-2026-27-12 दिनांक : 21.11.2026 4088/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पंजाब में भाजपा-अकाली गठबंधन बनेगी बड़ी ताकत, 'आप' से जनता परेशानः रामदास आठवले

मुंबई, एजेंसी।

पंजाब में भारतीय जनता पार्टी-अकाली दल के फिर से एक साथ आने को केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने गेमचेंजर बताया है। उनका दावा है कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार से नाराज पंजाब की जनता अब भाजपा की ओर देख रही है और गठबंधन के दम पर राज्य में सरकार बन सकती है।

आठवले ने कहा, पंजाब में प्रकाश सिंह बादल और भाजपा हमेशा लंबे समय तक एक साथ रहे थे और उनकी सत्ता भी लंबे समय तक रही थी। इसके बाद आम आदमी पार्टी की सरकार आई और उससे पहले कांग्रेस की सरकार रही थी, लेकिन अभी वहां की जनता आम आदमी पार्टी से परेशान है। वहां ड्रग्स की बहुत बड़ी समस्या है, बहुत से युवा अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं, किसानों को भी उचित मदद नहीं मिल रही है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और उसके नेतृत्व यानी भगवंत



मान और अरविंद केजरीवाल के प्रति लोगों में काफी नाराजगी है। अभी माहौल यही है कि भाजपा को सत्ता देने की भूमिका वहां के लोग तैयार कर रहे हैं। लेकिन अकाली दल और भाजपा का एक साथ आना बहुत बड़ी ताकत बन गया है। पंजाब के हित को ध्यान में रखते हुए भाजपा और अकाली दल का एक साथ आना एक महत्वपूर्ण निर्णय है और वहां भाजपा और अकाली दल की सरकार आ सकती है।

सपा-कांग्रेस सीट शेयरिंग को लेकर रामदास आठवले ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी वहां एक साथ, यानी इंडी गठबंधन के तहत, चुनाव लड़ने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जैसा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में देखा जा रहा है, अखिलेश यादव ने कांग्रेस को केवल 26 सीटें देने का ही मन बनाया है, जबकि कांग्रेस पार्टी अधिक सीटों की मांग कर रही है। मुझे नहीं पता कि दोनों के बीच क्या समझौता होगा, लेकिन समाजवादी पार्टी इतनी सीटें शायद नहीं देगी। ऐसा भी हो सकता है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ें। लेकिन क्या करना है, यह पूरी तरह उन दोनों पार्टियों पर निर्भर है।

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए रामदास आठवले ने कहा कि मैंने यह स्पष्ट कहा था कि 2019 में शरद पवार का एनडीए में आना आवश्यक था। मैंने बार-बार उन्हें बताया था कि साझा न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर एक साथ आना चाहिए। 2014 से 2019 तक पीएम मोदी ने देश के विकास को गति दी थी और अनेक क्षेत्रों में बहुत बड़ी प्रगति हुई थी। देश की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर पहुंची थी और अब चौथे स्थान पर पहुंच चुकी है। पीएम मोदी हमेशा विकास की सोच रखते हैं। हमारा लक्ष्य है कि 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में प्रथम स्थान पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि करीब 50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। हमारी सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं। कई शहरों में मेट्रो ट्रेनें, बेहतर सड़कें और आधुनिक हवाई अड्डे बने हैं। 80 करोड़ लोगों को कोविड के बाद भी अनाज दिया जा रहा है। किसानों के खातों में 6,000 रुपए वार्षिक सहायता दी जा रही है। करोड़ों किसानों के खातों में बड़ी राशि जमा की गई है और इस योजना पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

आठवले ने कहा कि कई मुद्दों पर पीएम मोदी शरद पवार का सम्मान करते थे और आज भी करते हैं। जब पीएम मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब भी वे कहते थे कि उन्होंने शरद पवार से बहुत कुछ सीखा है। इसलिए मेरा मानना था कि शरद पवार का एनडीए में आना आवश्यक था। यदि 2019 में वे एनडीए के साथ आते, तो संभव है कि 2022 के राष्ट्रपति चुनाव के समय पीएम मोदी उनके नाम पर विचार कर सकते थे।

सुप्रिया सुले ने मुख्यमंत्री बनने की अफवाहों को किया खारिज, बोलीं-पिछले 12 वर्षों से हो रहा है मेरा शपथ ग्रहण

कराड (महाराष्ट्र), एजेंसी।



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने बुधवार को मीडिया में चल रही उन अटकलों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि पार्टी प्रमुख शरद पवार ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए को समर्थन देने और संसद में आने वाले परिसीमन विधेयक का समर्थन करने के बदले उनके (सुप्रिया सुले के) लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का पद मांगा है।

महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण को उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सुप्रिया सुले ने इन खबरों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर बदलती चचाओं पर तंज कसते हुए कहा कि पहले अफवाहें थीं कि उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया जा सकता है और अब मुख्यमंत्री पद की बात हो रही है।

उन्होंने कहा, ह्लपिछले 12 वर्षों से मेरा शपथ ग्रहण हो रहा है। मेरे साथ ऐसा अन्याय न करें। 2014 से ही मैं मुख्यमंत्री बनती आ रही हूं। मुझे इन सब बातों में कोई दिलचस्पी नहीं है। मुझे बस इस बात का दुख है कि कोई मुझसे गंभीरता से उन नीतिगत कार्यों के बारे में नहीं पूछता, जिनके लिए मुझे संसद में चुनकर भेजा गया है।

सुले ने बताया कि वह वर्तमान में चार संयुक्त संसदीय समितियों (जेपीसी) और राष्ट्रीय आर्थिक नीति तय करने वाली एक वित्त समिति में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सूखे की स्थिति का सामना कर रहा है और जेपीसी में चर्चा किए जा रहे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विधेयक नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन पर सीधा असर डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर सवाल पूछे जाएं तो उन्हें खुशी होगी।

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले राजनीतिक गलियारों में नए गठबंधनों को लेकर चल रही चचाओं के बीच ये अफवाहें जोर पकड़ रही थीं, जिसके बाद सुले ने अपना यह बयान दिया। राजनीतिक हलकों में ऐसी खबरें थीं कि केंद्र सरकार के निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन विधेयक का समर्थन करने और एनडीए में शामिल होने या उसके साथ गठबंधन करने को लेकर भाजपा और शरद पवार के गुट के बीच बातचीत चल रही है।

इससे एक दिन पहले सुले ने उन खबरों का भी खंडन किया था जिनमें कहा गया था कि एनडीए में जाने से पहले शरद पवार राजनीति से संन्यास ले सकते हैं। उन्होंने इन दावों को पूरी तरह गलत बताया और याद दिलाया कि राज्यसभा सदस्य के रूप में शरद पवार का अभी भी पांच वर्ष का कार्यकाल बाकी है। उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी पार्टी परिसीमन विधेयक (डिलिमिटेशन बिल) पेश होने के बाद उस पर विचार करने के लिए तैयार है बशर्ते सभी राज्यों के लिए एक समान फॉर्मूला अपनाया जाए और महिला आरक्षण लागू किया जाए।

आतंकी नेटवर्क पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

रियासी में पांच आतंकी हैंडलर्स की संपत्तियां जब्त

रियासी, एजेंसी।

आतंकवाद को आर्थिक मदद देने वाले ढांचे के खिलाफ रियासी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पाकिस्तान स्थित पांच आतंकी हैंडलर्स की लगभग 29 कनाल अचल संपत्ति को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस स्टेशन महोर में दर्ज एफआईआर के तहत की गई है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) सहित कई और धाराएं लगाई गई हैं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया, ह्लडीजीपी नलिन प्रभात ने रियासी के पांच कुख्यात आतंकवादियों की लगभग 29 कनाल



जमीन को कुर्क करने का आदेश दिया है; ये आतंकवादी पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं।

मोहम्मद कय्यूम उर्फ अब्दुल कय्यूम, बशीर अहमद उर्फ मासूम, शौकत अली, मंजूर अहमद और इम्तियाज अहमद के खिलाफ कार्रवाई की गई है। संपत्तियों की पहचान और पुष्टि रियासी पुलिस ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर की है। जांच और जरूरी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ह्यगैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967ह्ल (यूएपीए) के संबंधित प्रावधानों के तहत संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए डीजीपी से मंजूरी ली गई।

जांच से पता चला है कि पांचों शख्स आतंकवादी प्रशिक्षण लेने के लिए पाकिस्तान चले गए थे। वे अभी सीमा पार से ह्यटेरर हैंडलरह्ल के तौर पर काम कर रहे हैं और इस क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों को निर्देशित करने, उनमें मदद करने और उनका समन्वय करने में शामिल हैं।

जांच में यह भी सामने आया कि इन संपत्तियों को आगे किसी और को बेचा या हस्तांतरित किया जा सकता था और इससे मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने और उन्हें जारी रखने के लिए किया जा सकता था। पुलिस पूरे जिले में शांति, सुरक्षा और जन-सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने केपीएससी भर्ती घोटाले के सभी मामलों को एसआईटी को सौंपने का दिया निर्देश

बेंगलुरु, एजेंसी।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं से जुड़े सभी मामलों को विशेष जांच टीम (एसआईटी) को सौंपने का निर्देश दिया है। यह कदम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में हुए नए खुलासों के बाद उठाया गया है। ईडी ने कथित तौर पर पशुपालन और मत्स्य पालन विभाग में 400 पशु चिकित्सा अधिकारी पदों की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं का खुलासा किया है। इसकी जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

ईडी ने इस मामले के सिलसिले में केपीएससी के पूर्व अध्यक्ष



शिवशंकरप्पा साहूकार और केपीएससी की सदस्य बीवी गीता को गिरफ्तार किया है। जांच के हिस्से के रूप में आईएएस अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार और बसवराज कन्ना से भी पूछताछ की गई है।

ईडी के खुलासों पर संज्ञान लेते हुए जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि ये आरोप पूरी सार्वजनिक भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि ईडी की ओर से साझा की गई जानकारी को विधान सौधा पुलिस थाने भेजी जाए, जहां संज्ञेय अपराध पाए जाने पर नए मामले दर्ज किए जाएं। ऐसे मामलों को बाद में एसआईटी को सौंप दिया जाना चाहिए।

कोर्ट ने ईडी और एसआईटी को यह भी निर्देश दिया है कि वे एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हुए अपनी-अपनी जांच स्वतंत्र रूप से करें। दोनों एजेंसियों से 8 जनवरी, 2027 को अद्यतन स्थिति रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसकी टिप्पणियों को किसी व्यक्ति के दोषी होने या अपराध में शामिल होने का निष्कर्ष नहीं माना जाना चाहिए। इन आरोपों को अभी कानून के अनुसार साबित किया जाना बाकी है।

पश्चिम बंगाल में बढ़ी ठंड, कोलकाता में तापमान में भारी गिरावट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में ठंड बढ़ गई है। बुधवार को उत्तर की ओर से आ रही हवाओं के असर से राज्य के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट आने का अनुमान जताया है। साथ ही, पूरे राज्य में मौसम के शुष्क (सूखा) रहने की संभावना है। दक्षिण बंगाल के बीरभूम जिले के सूरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर बंगाल के मैदानी इलाकों में पुंडीबारी में सबसे कम न्यूनतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस रहा। पहाड़ी इलाकों में दार्जिलिंग पीटीओ में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस क्षेत्र में ठंड की शुरूआत का संकेत है।

पंजाब में अकाली दल ही बड़ा भाई, भाजपा के साथ मिलकर बनेगी एनडीए सरकार: मंत्री दिलीप जायसवाल

पटना, एजेंसी।

पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले अकाली दल और भाजपा के गठबंधन को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। बिहार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि अकाली दल से भाजपा का बहुत पुराना रिश्ता है और दोनों दलों का मिजाज मिलता है। वहीं, एआईटीसी सांसद सौगत रॉय ने दावा किया कि पंजाब में मुकाबला आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच है।

मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा, ह्लअकाली दल से भाजपा का बहुत पुराना रिश्ता है। पहले भी हम अकाली दल के साथ पंजाब में एनडीए की सरकार बना चुके हैं। अकाली दल के नुमाइंदे, जो संसद के सदस्य हैं, भारत सरकार में मंत्री रह चुके हैं। अकाली दल और भाजपा का मिजाज मिलता है, क्योंकि लोग नशामुक्त और अपराधमुक्त पंजाब चाहते हैं। पंजाब इससे त्रस्त हो चुका है। भाजपा ने अकाली दल को पंजाब में अपना बड़ा भाई बताया है और अब अकाली दल और भाजपा की सरकार वहां बनेगी।

पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने कहा कि अगर वे नशामुक्त राज्य बनाना चाहते हैं, तो अच्छा है। अमित शाह को पहले ही यह करना



चाहिए था। लेकिन पंजाब में अकाली दल और भाजपा के गठबंधन को ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी। वहां मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच है। ये लोग अभी तस्वीर में नहीं हैं।

भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से मुलाकात संबंधी बयान पर एआईटीसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि इसमें सच्चाई है या नहीं, यह कैसे बताया जाएगा? सुवेंदु अधिकारी तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए थे और इसका कारण वे प्रणब मुखर्जी को बताते हैं। लेकिन प्रणब मुखर्जी अब इस दुनिया में नहीं हैं। तो हम कैसे सत्यापित करेंगे कि मुख्यमंत्री सच बोल रहे हैं या नहीं?

यूपी चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर उन्होंने कहा कि सीटों के बारे में अभी कुछ पक्का नहीं हुआ है। बातचीत चल रही है और हम लोग आशा करते हैं कि इंडी गठबंधन के दोनों पक्षों में समझौता होगा। राजीव गांधी की हत्या को लेकर राहुल गांधी के दावे पर सौगत रॉय ने कहा कि राहुल गांधी के पिता की हत्या हुई थी। इसे लेकर उनके परिवार में बहुत दुख है।

झारखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र शुरू, सरकार ने नए एसओपी के बाद एसआईआर कराने का रखा संकल्प प्रस्ताव

रांची, एजेंसी।

संसद से पारित माइन्स एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेग्युलेशन) एक्ट और एसआईआर के मुद्दे पर आहूत झारखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुधवार को शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन राज्य सरकार की ओर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वर्तमान प्रक्रिया पर रोक लगाने का संकल्प प्रस्ताव पेश किया गया है।

इस संकल्प में एसआईआर के वर्तमान स्वरूप में बदलाव कर नये सिरे से पुनरीक्षण कराने की मांग की गयी है इस प्रस्ताव में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की मौजूदा प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार से सभी राज्यों और राजनीतिक



दलों के साथ चर्चा करने का आग्रह किया है। सरकार ने एसआईआर कराने पर सैद्धांतिक सहमति जताई है, लेकिन दस्तावेजों की अनिवार्यता, तकनीकी खामियों और प्रक्रियागत जटिलताओं को दूर करने के बाद नए सिरे से पुनरीक्षण कराने की मांग की है। संकल्प में कहा गया है कि एसआईआर की मौजूदा प्रक्रिया में कई व्यावहारिक कठिनाइयां हैं, जिनके कारण पात्र मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार चाहती है कि सभी राज्यों और छोटे-बड़े राजनीतिक दलों के साथ व्यापक चर्चा कर ऐसी प्रक्रिया और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाए, जो सरल, पारदर्शी और सर्वमान्य हो।

पलामू में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, पिता ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

पलामू, एजेंसी।

झारखंड के पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एक 30 वर्षीय विवाहिता का शव उसके घर के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान दूजा देवी के रूप में हुई है। उसके पिता ने पति अमित कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक, बुधवार तड़के करीब 3:30 बजे डायल 112 पर घटना की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस की टीम लगभग चार बजे बाजार समिति रोड स्थित घटनास्थल पर पहुंची। वहां घर के अंदर महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिला।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, घटना के समय पति-पत्नी अलग-अलग कमरों में सो



रहे थे। पुलिस ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने पुलिस को दिए बयान में अपने दामाद पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उनका कहना है कि अमित कुमार छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर उनकी बेटी से झगड़ा करता था। पिता ने आशंका जताई है कि दूजा देवी की हत्या करने के बाद उसके शव को फंदे से लटका दिया गया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, पति अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके दो बच्चे हैं। इनमें 10 साल का बेटा और पांच साल की बेटी शामिल हैं। उसके अनुसार, घटना के वक्त दोनों बच्चे अपनी मां के साथ सो रहे थे। रात में बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्यों की नींद खुली। इसके बाद घरवालों को महिला के फंदे से लटके होने की जानकारी मिली।

पति ने घटना के संबंध में पुलिस को अपना पक्ष बताया है। दूजा देवी और अमित कुमार की शादी वर्ष 2018 में हुई थी। घटना के समय घर में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस पारिवारिक विवाद, घटनास्थल की परिस्थितियों और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पिता के आरोपों की भी जांच की जा रही है।

निजी बसों के किराये में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही राज्य सरकार

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार 2018 के बाद पहली बार निजी बसों के किराये में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। बस संचालकों ने कई बार अपील की है कि डीजल की बढ़ती कीमतों और रखरखाव के खर्च के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। परिवहन आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि इसका यात्रियों पर क्या असर पड़ेगा और जल्द ही कोई फैसला लिया जा सकता है। तमिलनाडु में चेन्नई, मदुरै, नागरकोइल और नीलगिरी को छोड़कर बाकी इलाकों में लगभग 4,600 निजी बसें चलती हैं। संचालकों का कहना है कि हाल के वर्षों में इन बसों को चलाने का खर्च लगातार बढ़ा है जबकि यात्रियों से लिया जाने वाला किराया आठ साल पहले तय किए गए स्तर पर ही बना हुआ है। बस मालिकों ने सरकार को दिए गए अपने आवेदनों में मुख्य रूप से डीजल और स्पेयर पार्ट्स के खर्च का जिक्र किया है।

'चाहे जो अपराधी हो, उसको सजा मिलनी चाहिए' मदरसे के नाबालिगों द्वारा दो लोगों के साथ मारपीट पर बोले मनसे नेता

मुंबई, एजेंसी।

शिवसेना के शिंदे गुट के संतोष पवार से जुड़े कथित वायरल वीडियो और घाटकोपर के एक मदरसे को बीएमसी की ओर से नोटिस जारी करने को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) नेता संदीप देशपांडे की प्रतिक्रिया सामने आई है।

घाटकोपर के एक मदरसे के नाबालिगों द्वारा दो लोगों के साथ मारपीट किए जाने के बाद बीएमसी की ओर से वहां नोटिस जारी किए जाने पर, मनसे नेता संदीप देशपांडे ने कहा, मुझे नहीं पता कि दावा क्या है, और मैं किसी भी अपराध को धर्म से जोड़कर नहीं देखता। अपराधी तो अपराधी होता है; उसका धर्म क्या है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर उन्होंने अपराध किया है, तो उन्हें सजा मिलनी चाहिए, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। संदीप देशपांडे ने कहा, मदरसे



पर कार्रवाई की मांग किसने की है? जिन्होंने कार्रवाई की मांग की है, वे हर मामले को धर्म से जोड़ना चाहते हैं। मेरा मानना है कि अपराधी चाहे जो हो, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, उसे सजा मिलनी चाहिए। उसका धर्म क्या है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

शिवसेना नेता संतोष पवार के नकदी के बंडलों के साथ कथित तौर पर दिखाई देने वाले एक वीडियो पर संदीप देशपांडे ने कहा, देखिए, वार्ड नंबर 226 के शिवसेना शाखा प्रमुख का जो वीडियो सामने आया है, मुझे लगता है कि इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए कि वीडियो में वह किस नेता का जिक्र कर रहे हैं और उन्हें पैसे किसने दिए। अगर पैसे दिए गए, तो क्यों दिए गए, यह पैसा कहां से आया और इतनी बड़ी रकम का उन्होंने क्या किया?

उन्होंने कहा, इन सभी सवालों के जवाब सामने आने चाहिए। शिवसेना के लोग कह रहे हैं कि ह्ययह आठ महीने पुराना मामला है। अगर आठ महीने पहले किसी की हत्या हो जाए और आठ महीने बाद इसका पता चले, तो क्या इसकी जांच नहीं होगी?

क्या सिर्फ इसलिए जांच नहीं होगी क्योंकि मामला पुराना है? मुझे लगता है कि सवाल यह नहीं है कि वीडियो कितने महीने पुराना है; सवाल यह है कि क्या यह घटना हुई है या नहीं।

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति :–	133-SRDEE-G-DLI-2026-27. रेल भवन में बिजली आपूर्ति व्यवस्था की विश्वसनीयता/रिडंडेंसी में सुधार के लिए, पावर बस–बार ट्रंकिंग की व्यवस्था सहित विद्युत कार्य।
निविदा की अनुमानित लागतः–	रू0 62350698.00/–
कार्यालय का पताः–	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली, 110055
बयाना राशिः–	रू0 1247000.00/–
निविदा निवेदन की दिनांक व समयः–	17.12.2026, 13.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समयः–	17.12.2026, 13.00 बजे
वेब साइट व नोटिस बोर्ड :–	www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 4087/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

दो लड़के चुनाव परिणाम से पहले ही हो चुके विफल: योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही ये विफल हो चुके हैं। गठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा?

मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की ऐसी स्थिति उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम है। जनता बार-बार इन दलों को खारिज कर रही है। मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक निजी न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बदली तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्ष की राजनीति, गठबंधन, आगामी चुनाव और अपनी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए।

सपा-कांग्रेस के गठबंधन पर तंज, एनडीए में कोई विवाद नहीं

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने धर्म, नियम, मान्यताएं और शिष्टाचार होते हैं। लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, वह उनके आपसी तालमेल पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि इनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक तरफ अपमानित हो रहे हैं और दूसरी तरफ उसी को सामान्य बताने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एनडीए में सीटों के बंटवारे और सहयोगी दलों के बीच कथित मतभेदों पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में किसी तरह का विवाद नहीं है।

राम भक्तों से समाजवादी पार्टी को माफी मांगनी चाहिए

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन के प्रति बदली राजनीतिक भाषा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नावों की सवारी हमेशा खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। यदि 90 के दशक में ही यह सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफी मांगने से कोई व्यक्ति छोटा नहीं होता। उन्होंने अपने राजनीतिक आधार को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का वोट बैंक हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो भारत के संविधान और देश की विरासत में विश्वास करता है। भाजपा की राजनीति किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं है। पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत पर काम करती है।

कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस, महिला और व्यापारी की सुरक्षा सर्वोपरि

बुलडोजर कार्रवाई और एनकाउंटर को लेकर विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में सफल रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून को चुनौती देने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना भाजपा का संकल्प: ब्रजेश पाठक

लखनऊ, एजेंसी।



भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को दो दिवसीय सामाजिक संपर्क बैठक का आयोजन राजभवन कॉलोनी स्थित उपमुख्यमंत्री आवास पर किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भाजपा सामाजिक संपर्क अभियान संयोजक डॉ. नीरज सिंह ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से संवाद किया। बैठक में धानुक, सोनकर, स्वर्णकार, बहेलिया, बढ़ई, विश्वकर्मा एवं भुर्जी समाज के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव आया है, उसे हम सभी ने अपनी आंखों से देखा है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश को गुंडों और अपराधियों का प्रदेश कहा जाता था। समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि बहन-बेटियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। परिवार के लोग अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते थे। लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। आज अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो रही है। जब भी गुंडे और माफिया सक्रिय होते हैं, सबसे अधिक अत्याचार गरीबों और कमजोर वर्गों पर होता है। भाजपा सरकार ने ऐसे तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई कर आम जनता में सुरक्षा का विश्वास पैदा किया है।

उन्होंने विश्वकर्मा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन और निर्माण के प्रतीक हैं। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती के दिन ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी मनाया जाता है। विश्वकर्मा समाज देश और प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला समाज है। समाज के लोग अपने हुनर, परिश्रम और कौशल से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं।

कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के तरीकों से रुबरु हुए प्रशिक्षु आईपीएस

मुरादाबाद। डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में बुधवार को प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरआर-78 आईपीएस बैच के 12 प्रशिक्षु अधिकारियों को पुलिसिंग के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्हें कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के तरीकों से भी रुबरु कराया गया। इस दौरान वक्त के रूप में मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि पुलिसिंग का उद्देश्य केवल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं बल्कि आमजन में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना भी है। पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था के साथ जनसंवाद और जनहितकारी पुलिसिंग प्राथमिकता देनी चाहिए।

श्री काशी विश्वनाथ धाम से निकली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

वाराणसी, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश की धर्मनगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम से बुधवार को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री रामचरितमानस नवाह्न पाठ महायज्ञ समिति की ओर से आयोजित नौ दिवसीय रामायण महायज्ञ के समापन के उपरांत श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद लक्ष्मीकुंड में विसर्जित किया गया।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को महायज्ञ का विधिवत समापन हुआ था। इसके बाद बुधवार को भू-देवों ने श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं का पूजन किया। उन्हें दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। तत्पश्चात स्वदेशी फूलों से सुसज्जित वाहन पर श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं को विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में सबसे आगे संस्था का बैनर चल रहा था, जबकि पीछे बैंड-बाजे की मधुर धुन पर रामधुन गूंज रही थी। हाथों में धार्मिक पोथियां लेकर 108 भू-देव शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा श्री काशी विश्वनाथ धाम से प्रारंभ होकर बांसफाटक, गोदौलिया और गिरजाघर होते हुए लक्सा स्थित वार्ड संख्या 90 के लक्ष्मीकुंड पहुंची। यहां परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती समारोह की तैयारियों के लिए छह सदस्य नामित

लखनऊ, एजेंसी।

किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले अंतर्गत नूरपुर में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की ओर से छह सदस्यों को नामित किया गया है। इन सदस्यों को समारोह की व्यवस्थाओं और तैयारियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती पर 23 दिसंबर को नूरपुर में विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पार्टी की ओर से वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। नामित सदस्य आपसी समन्वय के साथ समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देंगे।

उन्होंने बताया कि नामित सदस्यों में संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी, पूर्व सांसद एवं आरएलडी संसदीय बोर्ड के चेयरमैन केसी त्यागी, बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान, बिजनौर के सांसद चंदन चौहान, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र शर्मा तथा पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल शामिल हैं। मयंक त्रिवेदी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

देव दीपावली पर हनुमान गढ़ी में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

फरुर्खाबाद, एजेंसी।

देव दीपावली के पावन पर्व पर महाभारत कालीन ऐतिहासिक हनुमान गढ़ी सिद्धपीठ में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने संकटमोचन हनुमान के दरबार में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर बजरंगबली के जयकारों, घंटे-घड़ियालों की गूंज और रामनाम संकीर्तन से गुंजायमान रहा। 35वें श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान गढ़ी परिसर में सोमवार से चल रहे अखंड रामचरितमानस पाठ का मंगलवार दोपहर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ समापन हुआ। इसके बाद श्री हनुमान गढ़ी ट्रस्ट की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। सनातन परंपरा के अनुरूप सबसे पहले सैकड़ों साधु-संतों के लिए संत भोज आयोजित किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने संतों का पूजन-सत्कार कर उन्हें कंबल और दक्षिणा भेंट की। इसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए भंडारा शुरू हुआ, जो देर तक चलता रहा। देव दीपावली पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

रालोद में कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थामा पार्टी का दामन

लखनऊ, एजेंसी।

राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का जनाधार बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे संगठन विस्तार अभियान के तहत बस्ती में कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह के नेतृत्व में बस्ती प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने रालोद में शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में अखिल भारतीय गोस्वामी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं बलरामपुर के जिला पंचायत सदस्य महंत ध्रुव भारती, कुदरहा की पूर्व ब्लॉक प्रमुख गोस्वामी कुमकुम भारती, महादेवा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष (बसपा) अरुण कुमार चौधरी, ग्राम प्रधान बारीघाट, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लालगंज वीरेंद्र कुमार (बब्लू), ग्राम प्रधान बैडारी मुस्तहकम अभिषेक यादव, ग्राम प्रधान उमरिया ओमकार चौधरी, ग्राम प्रधान चौबाह रमेश यादव, प्रधान प्रतिनिधि भक्तुपुर संतोष यादव और प्रधान प्रतिनिधि भेड़वा जितेंद्र कुमार शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने सभी नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए किसान, मजदूर, नौजवान और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष कर रहा है। पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर नए लोगों का जुड़ना संगठन के लिए उत्साहजनक है। इससे पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और उसकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नए सदस्य चौधरी चरण सिंह की वैचारिक विरासत को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने दी।

जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता: ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से आत्मीय भेंट एवं संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं, अपेक्षाओं और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता की और समस्याओं के शीघ्र, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनशिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतने तथा प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है। सबकी सेवा और सबका सम्मान ही हमारा ध्येय है। जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार आमजन के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और प्रत्येक नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विद्यार्थी संविधान की भावना को व्यवहार में उतारें: प्रो. राकेश सिंह



जौनपुर, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने भारतीय संविधान की मूल प्रति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की भूमिका के प्रति जागरूक किया।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। विद्यार्थियों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों की भी जानकारी होनी चाहिए। समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों को अपने व्यवहार में अपनाकर ही राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी संविधान की भावना को व्यवहार में उतारकर सशक्त, संवेदनशील और जवाबदेह लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में संवैधानिक चेतना विकसित करने के साथ उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं।

कार्यक्रम में दंतोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल राय और डॉ. राजित राम सोनकर ने विद्यार्थियों को संविधान की मूल प्रति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना, मूल संरचना और स्वतंत्रता के बाद समय-समय पर किए गए संवैधानिक संशोधनों की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि संविधान महज कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और नागरिक अधिकारों का जीवंत आधार है।

विमान के केबिन का शोर कम करने पर शोध शुरू करेंगे: अभय करंदीकर



कानपुर, एजेंसी।

इंजन के कंपन से विमान के केबिन में होने वाले शोर को कम करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर और वैश्विक इंजीनियरिंग कंपनी रोल्स-रॉयस ने संयुक्त शोध शुरू किया है। छह महीने की इस परियोजना में इंजन के कंपन, उससे पैदा होने वाले शोर और यात्रियों के आराम पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन कर समाधान तलाशे जाएंगे। यह बातें बुधवार को आईआईटी कानपुर में परियोजना के शुभारंभ अवसर पर नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर ने कहीं। परियोजना में विमान के ढांचे का एक मॉडल तैयार किया जाएगा, जिससे उड़ान के दौरान पैदा होने वाली परिस्थितियों का अध्ययन किया जा सके। इसमें कंपन उत्पन्न करने वाली मशीन और आवाज व कंपन मापने वाले सेंसर लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि इंजन के कंपन विमान के ढांचे में किस तरह फैलते हैं और केबिन में शोर का कारण बनते हैं।

शोध में गणितीय पद्धतियों के साथ प्रयोगात्मक परीक्षण भी किए जाएंगे। परियोजना का पहला चरण शुरू हो चुका है, जबकि परिणामों के आधार पर आगे के चरण भी शुरू किए जा सकते हैं।

संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थी 'हयात पैलेस' में लेंगे औद्योगिक प्रशिक्षण

उत्तम भारत संवाददाता



मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और व्यावसायिक दक्षता का परिचय देते हुए एक बार फिर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के नौ होनहार विद्यार्थियों का चयन बुधवार विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय होटल श्रृंखला ह्यहयात पैलेसह्व गुरुग्राम में छह माह के औद्योगिक प्रशिक्षण (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग) के लिए हुआ है।

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में जितेंद्र शर्मा, राकेश कुमार, नेपाल, नितिन यादव, धनंजय, सुनील कुमार, अनुराग मौर्य एवं मोहम्मद रईस प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों का चयन होटल प्रबंधन द्वारा आयोजित एक कठिन साक्षात्कार और कौशल मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद किया गया है। संस्कृति स्कूल आफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म की असिस्टेंट प्रोफेसर शुभांगी सक्सेना बताया कि इन सभी चयनित विद्यार्थियों का छह माह का प्रशिक्षण आगामी 18 जनवरी 2027 से विधिवत रूप से प्रारंभ होगा। इस अवधि के दौरान विद्यार्थियों को होटल उद्योग के चार प्रमुख विभागोंकृफूड एंड बेवरेज सर्विस, कलिनरी (पाक कला/किचन), हाउसकीपिंग और फ्रंट ऑफिस में कार्य करने का अवसर मिलेगा। इस व्यावहारिक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अतिथि सत्कार (हॉस्पिटैलिटी), होटल संचालन की बारीकियों, प्रबंधन कौशल और आधुनिक उद्योग मानकों को करीब से सीखने और समझने का अनुभव प्राप्त होगा।

हयात पैलेस, गुरुग्राम के प्रबंधन की ओर से सभी प्रशिक्षु विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान आकर्षक मासिक स्टाइपेंड (मानदेय) की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के करियर की नींव मजबूत करने के साथ-साथ भविष्य में स्थायी रोजगार के द्वार भी खोलेगा। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति, प्रबंधन तंत्र तथा स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के संकाय सदस्यों (फैकल्टी) ने सभी चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम और विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के सर्वश्रेष्ठ अवसर उपलब्ध कराने की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

जिलाधिकारी ने किया 39वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ, बच्चों ने दिखाया दमखम

दौड़, लंबी कूद, गोला और चक्का फेंक सहित विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

फरुर्खाबाद, एजेंसी।



पुलिस लाइन फतेहगढ़ में बुधवार को 39वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा और शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इनसे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होने के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि खेल हमें निरंतर प्रयास करने, चुनौतियों का सामना करने और हार-जीत को समान भाव से स्वीकार करने की सीख देते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी के समक्ष अनुशासित पीटी प्रदर्शन भी किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। प्रतियोगिता के तहत 50, 100, 200, 400 और 600 मीटर दौड़, रिले रेस, चक्का फेंक, गोला फेंक और लंबी कूद सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इनमें बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर अपनी गति, क्षमता और खेल कौशल का परिचय दिया।

समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद कृपाशंकर सिंह ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेना भी बड़ी उपलब्धि है। निरंतर अभ्यास, परिश्रम और अनुशासन से ही खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। बेसिक शिक्षा विभाग ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को खेल के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस दौरान अवनीश चौहान, जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश मिश्रा, देवेश यादव, वीरेंद्र त्रिवेदी सहित शिक्षकगण, अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भीमताल झील की गहराई और गाद का होगा वैज्ञानिक आकलन

पुनर्जीवन के लिए तैयार होगी कार्ययोजना, चार दिवसीय सर्वेक्षण पूरा: कैड़ा

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। भीमताल झील के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवनेशन अथॉरिटी (रअफ्फ्अ) ने पहल तेज कर दी है। जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा के निर्देश पर 20 से 23 नवंबर तक झील का चार दिवसीय बैथिमेट्रिक सर्वेक्षण पूरा किया गया।



आधुनिक तकनीक से किए गए सर्वेक्षण में झील की गहराई, जल भंडारेण क्षमता और तल में जमा गाद का वैज्ञानिक आकलन किया गया। मोटर बोट पर इकोसाउंडर और डीजीपीएस उपकरणों की मदद से झील के विभिन्न हिस्सों की गहराई और भौगोलिक स्थिति दर्ज की गई। मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि भीमताल झील क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर झील के पुनर्जीवन, गाद निकासी और जल भंडारण क्षमता के बेहतर प्रबंधन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इससे झील के दीर्घकालिक संरक्षण को वैज्ञानिक आधार मिलेगा।

विद्यार्थियों को दिलाया राष्ट्र प्रथम का संकल्प, चरित्र निर्माण पर दिया जोर

उत्तम भारत संवाददाता

विकासनगर (देहरादून)। अटल उत्कर्ष राजकीय इंटर कॉलेज बरोटीवाला में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के तहत प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के मार्गदर्शन में संचालित अभियान के निदेशक डॉ. रविन्द्र कुमार सैनी ने विद्यार्थियों को 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' का संकल्प दिलाते हुए आदर्श नागरिक बनने का आह्वान किया।

डॉ. सैनी ने विद्यार्थियों से दैनिक अभिवादन में 'जय हिंद' का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सहयोगी डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य कृपाल सिंह चौहान ने अभियान की सराहना



करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द सिंह चौहान ने किया। इस दौरान डॉ. कुलवंत सिंह, पूर्णिमा, लक्ष्मण सिंह सजवाण, रश्मि नेगी, डॉ. अंकित शर्मा, रघुराज, अभिषेक दीक्षित सहित शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष ने पेश की मिसाल, निराश्रित गोवंशों के लिए दिए 11 हजार रुपये

उत्तम भारत संवाददाता

चमोली। खाकी वर्दी में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने के साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए थराली के थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने मानवीय पहल की है। उन्होंने सूना गांव स्थित गौ सदन में आश्रय ले रहे 42 निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण के लिए अपने वेतन से 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने यह धनराशि सामाजिक कार्यकर्ता गंगा सिंह को सौंपी। गौ सदन में वर्तमान में 42 बेसहारा गोवंशों को आश्रय दिया जा रहा है। पुलिस अधिकारी की ओर से दी गई सहायता राशि से गोवंशों के लिए चारा, भूसा और पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान विनोद चौरसिया ने क्षेत्रवासियों से भी गौ सदन के संचालन और गोवंशों की देखभाल



के लिए अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेजुबान पशु अपनी पीड़ा किसी से कह नहीं सकते। उन्हें भूख, ठंड और सड़क हादसों जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पशुपालकों को अपने पशुओं को बेसहारा छोड़ने के बजाय उनकी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

पशुओं को सुरक्षित रखना ही सच्ची गोसेवा है। गौ सदन में सामाजिक कार्यकर्ता गंगा सिंह, प्रेमचंद देवराड़ी और अन्य सदस्य निराश्रित गोवंशों की देखभाल में जुटे हैं। क्षेत्रीय लोग भी इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

चमोली पुलिस ने की अपील

चमोली पुलिस ने पशुपालकों से अपने पशुओं को सड़कों पर बेसहारा नहीं छोड़ने की अपील की है। साथ ही निराश्रित गोवंश दिखाई देने पर इसकी सूचना गौ सदन अथवा स्थानीय प्रशासन को देने का आग्रह किया है, ताकि पशुओं को सुरक्षित आश्रय और उचित देखभाल मिल सके।

लंबित राजस्व वादों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : डीएम

मासिक स्टाफ समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली और विकास कार्यों की समीक्षा

उत्तम भारत संवाददाता

चम्पावत। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अधिकारियों को राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। बुधवार को जिला सभागार में आयोजित मासिक स्टाफ समीक्षा बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली, राजस्व एवं फौजदारी वादों, नामांतरण, निर्माण कार्यों और जनसामान्य से जुड़ी सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करें। धारा-34 के तहत लंबित प्रकरणों की नियमित बैठक कर समीक्षा करने तथा एलआर एक्ट के अंतर्गत लंबे समय से लंबित वादों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में आने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। इसके लिए संबंधित



अधिकारी और पटवारी आवेदकों को उनके प्रकरण की स्थिति और आगे की प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी दें। साथ ही समन एवं नोटिस की समय पर तामील, चरित्र सत्यापन और अंश निर्धारण के मामलों में भी समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में तहसीलों में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को राजस्व भवनों के निर्माण में तेजी लाने को कहा। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा के दौरान किसानों के अभिलेख समय से अद्यतन करने के निर्देश दिए।

आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध गतिविधियों के विरुद्ध छापेमारी तेज करने और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा लंबित मजिस्ट्रियल जांच निर्धारित समय में पूरी करने तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का वास्तविक स्थिति के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने आपदा राहत से संबंधित लंबित मामलों में तेजी लाने के साथ आगामी शीतलहर से बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए ई-ऑफिस सहित ऑनलाइन माध्यमों का अधिकाधिक उपयोग करने पर भी जोर दिया।

बैठक में उपजिलाधिकारी चम्पावत बीसी पंत, उपजिलाधिकारी टनकपुर प्रमोद कुमार, जिला शासकीय अधिवक्ता विद्याधर जोशी, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र लाल सहित संबंधित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

रुड़की में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत

हरिद्वार (एजेंसी)। रुड़की क्षेत्र में मंगलवार रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई,जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक ही रात में तीन युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है।

पुलिस के अनुसार,पहला हादसा कलियर थाना क्षेत्र के रहमतपुर रोड पर हुआ। यहां बाइक सवार दो युवक निमार्णाधीन पुलिया से टकरा गए। हादसे में लंढौरा निवासी अज्जू उर्फ अजय (32) पुत्र ऋषिपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी आकाश (24) पुत्र मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दूसरा हादसा रुड़की के व्यस्त बीटीगंज क्षेत्र में हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से



घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान रुड़की के रघुनाथ प्लॉट निवासी अर्श (24) पुत्र याकूब और मुजफ्फरनगर जिले के चरथावल थाना क्षेत्र के दधेड़ू खुर्द निवासी मोनू (31) के रूप में हुई है।

एसपी देहात अभय सिंह ने बताया कि दोनों हादसों में तीन युवकों की मौत हुई है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी : डीएम

उत्तम भारत संवाददाता

चम्पावत। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने लघु सिंचाई विभाग की ओर से सारा मद के अंतर्गत संचालित कालसेनझभोलेश्वर जल संरक्षण परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को शेष कार्यों में तेजी लाने और सभी निर्माण निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ताराचौड़ स्ट्रीम में निमार्णाधीन चेकडैम का जायजा लिया। इसके बाद कालसेन स्ट्रीम में निर्मित चेकडैम की स्थिति देखी और विभागीय अधिकारियों से परियोजना के तहत पूर्ण एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली।

लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विमल कुमार सूंठा ने बताया कि 261 लाख रुपये की लागत से संचालित इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना है। परियोजना के तहत 800 कंटूर, 80 रिचार्ज पिट और 25 चेकडैम बनाए जाने हैं। अब तक सभी 800 कंटूर, 70 रिचार्ज पिट और दो चेकडैम का निर्माण पूरा किया जा चुका है।



जिलाधिकारी ने रौखेत और दुधाताल स्ट्रीम में चेकडैम निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और समय पर पूरे किए जाएं।

उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत निर्मित कंटूर और चेकडैम वर्षा जल के तेज बहाव को नियंत्रित करने के साथ मिट्टी के कटाव को कम करने में सहायक होंगे। वहीं, रिचार्ज पिट के माध्यम से वर्षा जल जमीन में पहुंचेगा, जिससे भूजल स्तर में सुधार और जल स्रोतों के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

अग्निवीर भर्ती रैली में 850 युवाओं ने लगाई दौड़, 674 हुए सफल

उत्तम भारत संवाददाता

बनबसा। बनबसा सैन्य स्टेशन के मैदान में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन बुधवार को युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पिथौरागढ़ जिले की छह तहसीलों के 850 से अधिक अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में प्रतिभाग किया। नौ बैचों में आयोजित दौड़ में 674 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर अगले चरण में जगह बनाई। भर्ती प्रक्रिया के तहत सुबह से ही सेना के जवानों ने अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार युवाओं को भर्ती स्थल में प्रवेश दिया गया। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर उन्हें शारीरिक परीक्षण के अगले चरण के लिए भेजा गया। तीसरे दिन सफल अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय



परीक्षण गुरुवार को किया जाएगा, जबकि पहले और दूसरे दिन दौड़ में सफल रहे युवाओं का मेडिकल परीक्षण जारी है। जोनल भर्ती कार्यालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के अधीन सेना भर्ती कार्यालय पिथौरागढ़ की ओर से आयोजित इस भर्ती रैली का संचालन भर्ती निदेशक कर्नल अमोल दबड़घाव के निर्देशन में किया जा रहा है। भर्ती स्थल पर प्रवेश, दस्तावेजों की जांच, दौड़ और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सेना के अधिकारियों एवं जवानों ने संभाली। भर्ती रैली के चौथे दिन गुरुवार, 26 नवंबर को चम्पावत जिले की चम्पावत, पाटी और पूर्णागिरि तहसीलों के अभ्यर्थी दौड़ में हिस्सा लेंगे। सेना में भर्ती होकर देशसेवा करने का सपना संजोए युवाओं में भर्ती रैली को लेकर खासा उत्साह बना हुआ है।

पवाणी गांव अग्निकांड में 33 घर जलकर राख, स्कूल-पंचायत भवन भी खाक

उत्तरकाशी (एजेंसी)। उत्तरकाशी के मोरी तहसील के पवाणी गांव में मंगलवार शाम को लगी भीषण आग के कारण 33 घर जलकर राख हो गए। एक स्कूल और एक पंचायत भवन भी आग की चपेट में आने से पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। इससे कुल 58 परिवार प्रभावित हुए हैं। गनीमत रही कि इस घटना में अब तक किसी व्यक्ति और पशु की जान जाने की सूचना नहीं है।

उत्तरकाशी जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र ने उपजिलाधिकारी पुरोला से प्राप्त सूचना के आधार पर जानकारी दी कि इस अग्निकांड में एक स्थानीय व्यक्ति घायल हुआ है, जिसकी पहचान ओसला गांव निवासी गंगा सिंह के रूप में हुई है। गंगा सिंह मौके पर आग बुझाते हुए गिर गए थे, जिससे उन्हें चोट लगी। फिलहाल, जिलाधिकारी और आपदा प्रबंधन अधिकारी के निर्देशन में आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर राहत और बचाव की कार्रवाई की जा रही है। प्रभावित परिवारों के लिए खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की जा रही है।

वहीं, अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित आश्रय और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के



संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। राहत शिविर की व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रभावित परिवारों के लिए शेल्टर बनाए गए हैं।

इससे पहले, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पवाणी गांव में भीषण अग्निकांड में कई आवासीय भवनों के जलकर नष्ट होने का दुख जताया। उन्होंने मंगलवार को ह्यएक्सह्ल पोस्ट में लिखा, ह्लघटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन विभाग की टीमों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। साथ ही प्रभावित परिवारों के लिए आवश्यक राहत सामग्री भी भेजी जा रही है।ह्व

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने, प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अग्निकांड से हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावितों को नियमानुसार राहत प्रदान की जाएगी। सीएम ने यह भी कहा कि इस कठिन घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ी है।

भारत को जानो प्रतियोगिता में रुड़की और हरिद्वार की टीमों ने मारी बाजी



हरिद्वार (एजेंसी। भारत विकास परिषद के उत्तराखंड पश्चिम प्रांत की प्रांतीय स्तरीय भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता में रुड़की और हरिद्वार की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में रुड़की के योगी मंगलनाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर वर्ग में डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल हरिद्वार की टीम विजेता रही। दोनों विजेता टीमें दिसंबर में मेरठ में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

प्रतियोगिता का आयोजन परिषद की प्रांतीय उपाध्यक्ष रश्मि चौहान के विद्यालय एंजेल्स सीनियर सेकेंडरी एकेडमी, बहादराबाद में किया गया। इसमें प्रांत की 14 शाखाओं की ओर से सीनियर और जूनियर वर्ग की 13-13 टीमों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता क्षेत्रीय पर्यवेक्षक एवं परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सत्येंद्र मित्तल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष मनीषा सिंघल ने की, जबकि संचालन प्रांतीय महासचिव संजय गर्ग ने किया।

कार्यक्रम संयोजक एवं प्रांतीय संयोजक संस्कार डॉ. राजीव गोयल ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी।

सीनियर वर्ग में रुड़की की मुख्य शाखा की टीम योगी मंगलनाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने प्रथम, कोटद्वार की टीम टीसीजी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और हरिद्वार की पंचपुरी शाखा की टीम डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्रोण शाखा देहरादून के पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजपुर रोड को सांत्वना पुरस्कार मिला।

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए पौड़ी की टीम का होगा चयन

पौड़ी गढ़वाल (एजेंसी)। अल्मोड़ा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-21 बालक आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में पौड़ी गढ़वाल की टीम भी दमखम दिखाएगी। प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के गठन के लिए 26 नवंबर को कंडोलिया मैदान, पौड़ी में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

जिला खेल कार्यालय अल्मोड़ा की ओर से अनुसूचित जाति वर्ग के अंडर-21 बालक खिलाड़ियों के लिए यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 29 नवंबर तक हेमवती नंदन बहुगुणा खेल स्टेडियम, अल्मोड़ा में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए पौड़ी गढ़वाल की टीम को आमंत्रित किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी 26 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे कंडोलिया मैदान में चयन ट्रायल के लिए पहुंच सकते हैं।

श्रीकोटखाल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

पौड़ी गढ़वाल (एजेंसी)। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को ईशा फाउंडेशन की इकाई उत्तरा केयर हॉस्पिटल, पौड़ी गढ़वाल द्वारा एकेश्वर ब्लॉक के श्रीकोटखाल स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श किया गया।

शिविर में मुख्य चिकित्सक डॉ. जेपी चमोली ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। वहीं, एएसजी आई हास्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा भी ग्रामीणों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई और आँखों से संबंधित समस्याओं के लिए आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ईसीजी, रक्तचाप, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ऑक्सीजन स्तर, नाड़ी एवं बीएमआई जैसी विभिन्न जाँचें निशुल्क की गईं। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं।



शिविर को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता उमाकांत पांथरी का विशेष सहयोग रहा। उनके द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को शिविर की जानकारी दी गई तथा लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित कर शिविर तक पहुंचने में सहयोग किया गया। उनके स्थानीय स्तर पर किए गए जनसंपर्क एवं सहयोग से क्षेत्र के लोगों को इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने का अवसर मिला। शिविर के आयोजन एवं व्यवस्थाओं में कैंप कोऑर्डिनेटर अमन कुमार एवं सुपरवाइजर काजल रावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके द्वारा मरीजों के पंजीकरण, जांच व्यवस्था, चिकित्सा टीमों के समन्वय एवं शिविर के सुव्यवस्थित संचालन की जिम्मेदारी निभाई गई।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने तोक्यो में जापान के मंत्री नाकासोने से की मुलाकात

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने बुधवार को तोक्यो में जापान के विदेश राज्य मंत्री यासुताका नाकासोने से मुलाकात की और जापान तथा कर्नाटक के बीच आर्थिक सहयोग एवं द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुलाकात के दौरान शिवकुमार ने जापानी कंपनियों को कर्नाटक में अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया।



मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, शिवकुमार ने जापान सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को ह्यग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2027ह्ल में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

बयान में कहा गया कि शिवकुमार ने बेंगलुरु मेट्रो और बेंगलुरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) सहित प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए जापान के निरंतर समर्थन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कर्नाटक की विकास संबंधी प्राथमिकताओं पर आगे भी सहयोग मांगा।

बयान के मुताबिक, जापान के विदेश राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और भारत-जापान के मजबूत एवं पुराने संबंधों की सराहना की।

नाकासोने ने जापानी निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में कर्नाटक के महत्व को भी रेखांकित किया और जापान तथा कर्नाटक के बीच निरंतर संपर्क एवं सहयोग का स्वागत किया।

बांग्लादेश में कपड़ा श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 36 प्रतिशत बढ़ा



ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश में कपड़ा श्रमिकों के न्यूनतम मासिक वेतन में 36 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 100 डॉलर से बढ़ाकर 136 डॉलर कर दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर श्रमिकों के कई सप्ताह तक चले व्यापक विरोध प्रदर्शनों के कारण कारखानों में कामकाज और उत्पादन प्रभावित हुआ था।

चीन के बाद दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कपड़ा निर्यातक बांग्लादेश में अक्टूबर से श्रमिक अधिक वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान कई जगह हिंसक प्रदर्शन भी हुए।

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, इस संबंध में निर्णय बुधवार तड़के ढाका के सेगुनबागिचा स्थित न्यूनतम वेतन बोर्ड के कार्यालय में हुई करीब 12 घंटे की बैठक के बाद लिया गया। बैठक मंगलवार दोपहर दो बजे शुरू हुई थी और देर रात करीब दो बजे समाप्त हुई।

कारखाना मालिकों और श्रमिकों के प्रतिनिधियों के बीच सहमति नहीं बन पाने के बाद छह सदस्यीय बोर्ड ने मतदान के जरिये नए न्यूनतम वेतन का फैसला किया। न्यूनतम वेतन बोर्ड ने बांग्लादेश के रेडीमेड कपड़ा (आरएमजी) उद्योग के श्रमिकों का न्यूनतम मासिक वेतन मौजूदा 12,500 टका (100 डॉलर) से बढ़ाकर 17,000 टका (136 डॉलर) तय किया है। यह वृद्धि कारखाना मालिकों और श्रमिक प्रतिनिधियों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद की गई है। खबर के मुताबिक, वेतन का नया ढांचा एक दिसंबर से लागू होने की उम्मीद है। इसके तहत श्रमिकों को जनवरी में बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। यह व्यवस्था कारखाना मालिकों और श्रमिक प्रतिनिधियों के बीच पहले हुए समझौते के अनुरूप है।

बांग्लादेश के प्रमुख कपड़ा उत्पादन क्षेत्रों में अक्टूबर के अंत में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। श्रमिकों की मांग थी कि बढ़ती खाद्य सामग्री, आवास, परिवहन और स्वास्थ्य सेवाओं की लागत को देखते हुए उनका न्यूनतम मासिक वेतन मौजूदा 12,500 टका (100 डॉलर) से बढ़ाकर 30,000 टका (240 डॉलर) किया जाए।

बोर्ड में श्रमिकों के प्रतिनिधि बाबुल अख्तर ने कहा कि चार सदस्यों ने 17,000 टका के पक्ष में मतदान किया, जबकि दो सदस्यों ने श्रमिकों के अंतिम प्रस्ताव 18,000 टका का समर्थन किया।

इसके बाद बोर्ड ने चौथी श्रेणी के कपड़ा श्रमिकों का न्यूनतम मासिक वेतन 17,000 टका तय किया। यह मौजूदा वेतन से 4,500 टका अधिक है। नए वेतन ढांचे के तहत तीसरी श्रेणी के श्रमिकों को न्यूनतम 19,200 टका, दूसरी श्रेणी के श्रमिकों को 20,000 टका और पहली श्रेणी के श्रमिकों को 21,500 टका मासिक वेतन मिलेगा।

श्रमिकों ने बढ़ती महंगाई के बीच वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर देश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में कई सप्ताह तक प्रदर्शन किए। श्रमिक प्रतिनिधियों ने शुरूआत में न्यूनतम मासिक वेतन 32,000 टका करने का प्रस्ताव रखा था।

मजबूत आर्थिक वृद्धि से एनबीएफसी की स्थिति स्थिर रहने की उम्मीद: फिच

नई दिल्ली (एजेंसी)। मजबूत आर्थिक वृद्धि और अनुकूल नीतियों के कारण भारत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) का कारोबारी माहौल स्थिर रहने की उम्मीद है। इससे कर्ज की मांग बनी रहेगी और कंपनियों को धन जुटाने की ऊंची लागत के दबाव से राहत मिलेगी। फिच रेटिंग्स ने बुधवार को यह बात कही।

फिच ने अनुमान जताया कि महंगाई और ब्याज दरों में मामूली वृद्धि तथा वैश्विक आर्थिक वृद्धि की धीमी रफ्तार के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि दर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे



ऊंची दरों में शामिल रहेगी।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने सितंबर में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

फिच ने अपनी रिपोर्ट 'दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया की वित्तीय कंपनियों का परिदृश्य 2027' में कहा कि एनबीएफसी का गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात मोटे तौर पर स्थिर रहने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार, इसके पीछे अनुकूल आर्थिक माहौल, कर्ज वितरण में लगातार वृद्धि, आवास ऋण और सोने के बदले दिए जाने वाले ऋण जैसे कम जोखिम वाले सुरक्षित कर्ज की ओर बढ़ता रुझान तथा कर्ज देने से पहले जांच और जोखिम नियंत्रण के कड़े उपाय प्रमुख कारण हैं।

कच्चे तेल में गिरावट से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1,382 अंक चढ़ा

मुंबई (एजेंसी)। विदेशी कोषों की मजबूत आवक, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और प्रमुख बैंकों के शेयरों में लिवाली के बीच बुधवार को शुरूआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार तेजी आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 1,382.16 अंक चढ़कर 83,818.15 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 407.60 अंक की बढ़त के साथ 25,758.45 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का शेयर 3.54 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा इन्फोसिस में 3.43 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 3.19 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 2.65 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 2.13 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 2.09 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और पावर ग्रिड के शेयरों में गिरावट रही।



अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 1.42 प्रतिशत गिरकर 90.12 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 5,672.99 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

गुरु नानक देव के प्रकाश गुरुपर्व के अवसर पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद थे।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 5.30 प्रतिशत, जापान का निक्की 225 सूचकांक 2.74 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक एक प्रतिशत नीचे रहा। वहीं, हांगकांग का हैंग सेंग मामूली बढ़त में कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को ज्यादातर गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स सोमवार को 1,483.72 अंक टूटकर 82,435.99 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 450.95 अंक गिरकर 25,349.65 अंक पर रहा था।

बोतल बंद पानी की देशव्यापी जांच जारी

प्रयोगशाला नतीजों में एक-दो महीने लगेंगे: एफएसएसएआई प्रमुख

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजित पुनहानी ने बुधवार को कहा कि खाद्य नियामक देशभर से बोतल बंद पानी के नमूने एकत्र कर रहा है और इनकी प्रयोगशाला जांच करीब दो महीने में पूरी हो जाएगी।

पुनहानी ने यह भी बताया कि एफएसएसएआई जल्द ही खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल होने वाली पैकेजिंग सामग्री का निरीक्षण भी शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि यह सामग्री खाद्य पदार्थों के लिए सुरक्षित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।

बिसलेरी के बोतलबंद पानी का एक नमूना प्रयोगशाला जांच में विफल रहने के बाद एफएसएसएआई ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। नियामक ने बिसलेरी इंटरनेशनल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी भी दी है।



बोतल बंद पानी के खिलाफ कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर पुनहानी ने कहा, "हम इस प्रक्रिया में हैं। इसकी शुरूआत हो चुकी है। हम देशभर में नमूने ले रहे हैं।"

उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, "इसके पीछे कोई खास वजह नहीं है। पिछले एक साल में आपने देखा होगा कि हमने एक-एक करके कई क्षेत्रों की जांच की है। हमने डेयरी उत्पादों, मांस, अंडे, अनाज, ऊर्जा पेय और मीठे पेय पदार्थों की जांच की है। पानी भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा है।"

पुनहानी ने कहा कि एफएसएसएआई ने खाद्य उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों और उनके लेबल पर किए जाने वाले दावों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

बिसलेरी इंटरनेशनल के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया कब शुरू होगी, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सामान्य प्रक्रिया है और इस पर कार्रवाई होगी। इससे पहले, सूत्रों ने बताया था कि एफएसएसएआई के अधिकारियों ने बोतल बंद पानी कारोबार से जुड़ी सभी प्रमुख खाद्य कारोबार कंपनियों (एफबीओ) के परिसरों का निरीक्षण किया है और प्रयोगशाला जांच के लिए नमूने लिए हैं।

मनोरंजन

फवाद और माहिरा खान की नेटफ्लिक्स सीरीज पर विवाद

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकप्रिय कलाकारों फवाद खान, माहिरा खान और सनम सईद अभिनीत नेटफ्लिक्स की पहली मूल पाकिस्तानी सीरीज ह्यजो बचे हैं संग समेट लोह्ल रिलीज होने से पहले ही भारत में विवादों में घिर गई है और फिल्मकर्मियों के संगठन ह्यऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशनह्ल (एआईसीडब्ल्यूए) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर इस पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है। सीरीज का ट्रेलर मंगलवार को जारी किया गया लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चार दिसंबर को इसे भारत में भी रिलीज किया जाएगा या केवल पाकिस्तान और अन्य देशों में। एआईसीडब्ल्यूए ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और नेटफ्लिक्स इंडिया को भी भेजे गए इस पत्र में पाकिस्तान को एक ऐसा आतंकवादी देश करार दिया जो कभी भारत का भला नहीं चाहेगा।



संगठन ने पत्र में कहा, पुलवामा हमले के बाद एआईसीडब्ल्यूए ने पाकिस्तानी कलाकारों के भारतीय फिल्म उद्योग में काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने भी पाकिस्तानी कलाकारों और सामग्री पर पाबंदियां लगाई थीं। पत्र में कहा गया, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आठ मई 2025 को एक परामर्श जारी कर भारत में सभी ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों, स्ट्रीमिंग सेवाओं और मध्यस्थों से पाकिस्तानी वेब सीरीज, फिल्मों, गानों, पॉडकास्ट और अन्य डिजिटल सामग्री का प्रसारण बंद करने को कहा था। संगठन ने कहा कि इस सीरीज का भारत में रिलीज होना उक्त परामर्श की मूल भावना और देश की जनता की भावनाओं के खिलाफ होगा। एआईसीडब्ल्यूए की वेबसाइट के अनुसार, यह संगठन महाराष्ट्र सरकार से संबद्ध है और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों के अधिकारों के लिए काम करता है।

ये प्रेम मोल लिया की रिलीज से पहले टीम ने किया म्यूजिकल शाम का आयोजन

मुंबई (एजेंसी)। फिल्म निमार्ता सूरज बड़जात्या की आगामी पारिवारिक ड्रामा फिल्म ये प्रेम मोल लिया की टीम ने रिलीज से पहले एक खास म्यूजिकल शाम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कलाकारों और फिल्म से जुड़े अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस म्यूजिकल शाम की कुछ झलकियां अभिनेत्री सौम्या टंडन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और वीडियो शेयर कर इसे खूबसूरत शाम बताया। तस्वीरों और वीडियो में सौम्या टंडन नीले रंग के ट्रेडिशनल आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक खास वीडियो में श्रेया घोषाल और हिमेश रेशमिया फिल्म ह्यये प्रेम मोल लियाह्ल का टाइटल ट्रैक गाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान श्रेया ने फिल्म की स्टार कास्ट के साथ भी जश्न मनाया। कार्यक्रम में



शरवरी, सौम्या टंडन समेत फिल्म की पूरी टीम मौजूद रही। वहीं, अन्य कलाकार और टीम के सदस्य इस म्यूजिकल शाम का आनंद लेते दिखाई दिए। इस महफिल में सिंगर निहाल तौरो, म्यूजिशियन केशव आनंद और एक्ट्रेस-लिरिसिस्ट सोनिया कपूर, सीमा पाहवा, सुप्रिया पाठक समेत कई लोग शामिल हुए। वहीं, बाकी तस्वीरों और वीडियो में देखा जा सकता है कि सिंगर श्रेया घोषाल और कंपोजर हिमेश रेशमिया ने इस महफिल में अपनी आवाज और संगीतमय प्रस्तुती देते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री ने खूबसूरत शाम की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर लिखा, क्या खूबसूरत शाम थी। गुरुपर्व के दिन, तिथि के हिसाब से मेरे बर्थडे पर, छत (टेरेस) पर, पूरे चांद की रोशनी में एक छोटी-सी महफिल जमी थी। वहां हिमेश रेशमिया और श्रेया घोषाल ने लाइव गाना गाया। साथ में निहाल तौरो और केशव आनंद ने भी परफॉर्म किया और इस महफिल को होस्ट किया था।

बेटे रियान के जन्म से एक रात पहले खूब रोई थीं जेनेलिया देशमुख

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने बेटे रियान के जन्मदिन के मौके पर सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया और उन पलों को याद किया, जब वह पहली बार मां बनने वाली थीं। उन्होंने बताया कि रियान के जन्म से एक रात पहले वह काफी भावुक हो गई थीं और उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि आने वाली जिंदगी कैसी होगी। उस रात वह अपने पति और अभिनेता रितेश देशमुख के गले लगकर काफी रोई थीं।

जेनेलिया ने इंस्टाग्राम पर रियान के लिए जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए 24 नवंबर की रात का जिक्र किया। उन्होंने लिखा, मुझे आज भी 24 नवंबर की रात याद है। मैं प्रेग्नेंसी के आखिरी दौर में थी और मुझे बताया गया था कि मेरा बच्चा 25 नवंबर को इस दुनिया में आएगा। मुझे खुद भी नहीं पता था



कि इसका असल मतलब क्या है। उस रात मैं तुम्हारे बाबा की बाहों में खूब रोई थी, क्योंकि मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि आगे मेरे लिए क्या होने वाला है।

जेनेलिया ने आगे बताया कि उस दिन सिर्फ रियान का ही जन्म नहीं हुआ था, बल्कि उसी दिन उनका भी एक नए रूप में जन्म हुआ था। वह मां बनी थीं और यह पल उनकी जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा बन गया। उन्होंने लिखा, फिर 25 नवंबर आया और एक नन्हे बच्चे का जन्म हुआ, साथ ही एक मां का भी जन्म हुआ। काश मैं तुम्हें समझा पाती कि यह दिन मेरे लिए कितना मायने रखता है, लेकिन शायद मैं कभी ऐसा नहीं कर पाऊंगी। क्योंकि यह मेरी और तुम्हारे बाबा की जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण दिन है।

जेनेलिया ने अपने पोस्ट में बेटे के लिए प्यार जाहिर करते हुए आगे लिखा, ह्यचाहे जिंदगी तुम्हें किसी भी हाल में और कहीं भी ले जाए, मैं हमेशा तुम्हारे साथ रहूंगी। जन्मदिन मुबारक हो मेरे बच्चे। तुमने मुझे ह्यआईह्ल का टाइटल दिया और अब मैं अपनी पूरी जिंदगी इस टाइटल पर खरी उतरने की कोशिश करती रहूंगी।

खेल

एशिया कप राइजिंग स्टार्स फाइनल में जगह बनाने उतरेगी भारत ए

दोहा (एजेंसी)। रिकॉर्डतोड़ दोहरा शतक जड़ने वाले वैभव सूर्यवंशी पर सभी की नजरें रहेंगी लेकिन भारत ए को श्रीलंका के खिलाफ बृहस्पतिवार को एशिया कप राइजिंग स्टार्स सेमीफाइनल में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ पिछले मैचों में लिस्ट ए क्रिकेट के कई रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए 53 गेंद में 28 छक्कों और सात चौकों की मदद से 204 रन बनाये। भारत ने पाकिस्तान से मिली हार के बाद इस मैच के जरिये शानदार वापसी की। पहले मैच में नेपाल को 26 रन पर आउट करने वाले भारतीय गेंदबाज पाकिस्तान के सामने दबाव में नजर



आये। पाकिस्तान ने 300 पार का स्कोर बनाकर 48 रन से जीत दर्ज की। यूएई ने भी आठ विकेट पर 249 रन बना डाले थे लेकिन बल्लेबाजों की मददगार पिच पर सूर्यवंशी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई।

भारतीय टीम के लिये आयुष बडोनी का खराब फॉर्म चिंता का विषय है जिन्होंने दो रन बनाने के बाद पिछले मैच में खाता भी नहीं खोला। रिंकू सिंह भी नौ और छह रन ही बना सके। ऐसे में कप्तान तिलक वर्मा पर दबाव बढ गया है जिन्होंने दो मैचों में शतक लगाये लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 100 रन बनाने में 149 गेंदें खेल डाली। उन्हें अपना स्ट्राइक रेट बेहतर करना होगा। भारतीय तेज गेंदबाजों हर्षित राणा और प्रिंस यादव ने सात सात विकेट लिये हैं लेकिन महंगे भी साबित हुए। भारत भले ही अपने सितारा खिलाड़ियों के साथ उतरा हो लेकिन वे अपनी क्षमता का पूरा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। दूसरी ओर श्रीलंका टूर्नामेंट में अपराजेय रही है।

युवराज के साथ बातचीत से खामियों को दूर करने में मदद मिली : सूर्यवंशी

दोहा (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट के वंडर ब्वॉय वैभव सूर्यवंशी ने बताया कि एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ दोहरे शतक से पहले अपने आदर्श युवराज सिंह से फोन पर 30 मिनट की बातचीत से उन्हें अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करके फिर से फोकस करने में मदद मिली।

15 वर्ष के सूर्यवंशी ने 53 गेंद में 204 रन बनाये जिसमें 28 छक्के और सात चौके शामिल थे। उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक और अर्धशतक जड़ा और उनकी इस पारी के दम पर भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की। सूर्यवंशी ने कहा कि पिछले दो मैचों में औसत प्रदर्शन से उनका फोकस भटक गया था लेकिन युवराज सिंह से बात करने के बाद सब सही हो गया।

उन्होंने बीसीसीआई द्वारा डाले गए वीडियो में कहा, मैने करीब आधे घंटे तक युवराज सिंह सर से बात की। उन्होंने बल्लेबाजी के बारे में बहुत कुछ बताया। मैं कुछ चीजों को लेकर चिंतित था और मैने उनसे खुलकर बात की कि मुझे ये दिक्कत आ रही है।



उन्होंने कहा, करीब आधे घंटे तक उन्होंने मुझे बहुत कुछ समझाया। उन्होंने यही कहा कि अगर मैं 20 गेंद खेल गया तो स्कोर बहुत अलग होगा। उन्होंने तकनीकी चीजों के बारे में भी बताया जिससे काफी मदद मिली। सूर्यवंशी ने कहा कि विकेट बल्लेबाजों की मददगार थी और कुछ गलतियों को नहीं दोहराकर उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली। उन्होंने कहा, मैने कुछ गेंदों को ध्यान से देखा और गेंद बल्ले पर आराम से आ रही थी जिसके बाद मैने अपना स्वाभाविक खेल दिखाया।

आईपीएल 2027 की नीलामी में आस्ट्रेलिया के 53, दक्षिण अफ्रीका के 40 खिलाड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2027 नीलामी के लिये 17 देशों के 281 विदेशी क्रिकेटरों के नाम आये हैं जिनमें से आस्ट्रेलिया के 53 और दक्षिण अफ्रीका के 40 खिलाड़ी हैं।



बीसीसीआई ने बुधवार को बताया कि वेस्टइंडीज के 36 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उसके बाद न्यूजीलैंड (25), अफगानिस्तान (23), श्रीलंका (21), इंग्लैंड (16) और बांग्लादेश (12) के खिलाड़ी हैं। आयरलैंड के सात और जिम्बाब्वे के छह खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। एसोसिएट देशों में अमेरिका के 13, यूएई और नेपाल के दस दस, नीदरलैंड के तीन, कनाडा, जापान और स्कॉटलैंड के दो दो खिलाड़ियों के नाम दर्ज हुए हैं।

17 देशों के 281 विदेशी खिलाड़ियों के अलावा भारत के 939 खिलाड़ियों समेत कुल 1220 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। टीमों ने नीलामी से पहले 184 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है या चुना है जिससे 25 विदेशी समेत कुल 66 स्लॉट ही उपलब्ध हैं। नीलामी की अंतिम सूची चार दिसंबर को जारी होगी। नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में होगी।

अमेरिका में फिर एक विमान क्रैश दो बच्चों समेत 6 लोगों की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में एक बार फिर दिल दहला देने वाला विमान हादसा हुआ है। मिसिसिपी तट के पास मैक्सिको की खाड़ी के पानी में रात के वक्त एक छोटा सेसना 210 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार 8 और 10 साल के दो मासूम बच्चों समेत सभी छह लोगों की जान चली गई। अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने घंटों चले तलाशी अभियान के बाद समुद्र से सभी शवों को बरामद कर लिया है। लगातार हो रहे ऐसे हादसों ने देश में छोटे विमानों की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त विमान लुइसियाना के न्यू ऑरलियन्स लेकफ्रंट एयरपोर्ट से रात करीब 9:45 बजे हवा में उड़ा था। इसकी डेस्टिनेशन फ्लोरिडा का फोर्ट मायर्स था। लेकिन टेकऑफ के कुछ देर बाद ही विमान रडार से गायब हो गया और मिसिसिपी के पास्कागौला तथा हॉर्न आइलैंड के बीच समुद्र में जा गिरा। बता दें कि हॉर्न आइलैंड प्रसिद्ध गल्फ आइलैंड्स नेशनल सीशोर का हिस्सा है, जो एक संरक्षित तटीय क्षेत्र माना जाता है। विमान में चार वयस्कों के अलावा दो बच्चे सवार थे। उपलब्ध जानकारी के अनुसार,



दिया। कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता जुआन रॉस के अनुसार, शुरूआती तलाशी में बचाव दल को समुद्र की सतह पर विमान का केबिन तैरता हुआ, तीन लाइफ जैकेट और एक लाइफ राफ्ट मिला। लेकिन उस वक्त किसी यात्री का सुराग नहीं मिल पाया था। इसके बाद कोस्ट गार्ड की टीमों ने गोताखोरों की

जहाज में 8 साल का बच्चा भी सवार था
न्यू ऑरलियन्स से उड़ा था यह जहाज
पानी में तैरता मिला विमान का केबिन
छह लोग सवार थे, समुद्र ने ले ली जान

यह विमान लुइसियाना के स्लाइडेल स्थित एक प्राइवेट कंपनी के नाम रजिस्टर्ड था। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक मरने वालों की पहचान सार्वजनिक रूप से जारी नहीं की है।

समुद्र में तैरता मिला विमान का केबिन, लाइफ जैकेट और लाइफ राफ्ट

हादसे की सूचना मिलते ही अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मौके पर सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर

मदद से मैक्सिको की खाड़ी में घंटों तक तलाशी जारी रखी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाद में इस ऑपरेशन को रेस्क्यू से बदलकर रिकवरी ऑपरेशन में तब्दील कर दिया। कई घंटों की मशक्कत के अंत में दोनों बच्चों समेत सभी छह लोगों के शव समुद्र से बरामद कर लिए गए। जैक्सन काउंटी शेरिफ ऑफिस की टीम भी इस कार्रवाई में शामिल रही। सेसना 210 विमान समुद्र में किस वजह से गिरा, इसकी

इसी महीने दक्षिण फ्लोरिडा में भी गिरा था लियरजेट 60

मैक्सिको की खाड़ी का यह विमान हादसा अकेला नहीं है। इसी महीने दक्षिण फ्लोरिडा के बोका रेटन में लियरजेट 60 बिजनेस जेट जमीन से टकरा गया था, जिसमें विमान में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना के वक्त कुछ लोगों ने यह नजारा अपनी कारों के भीतर से कैमरे में कैद कर लिया था, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए थे।



आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने हादसे की पुष्टि की है। जांचकताओं की टीम अब बरामद किए गए मलबे, विमान के मेंटेनेंस रिकॉर्ड्स, हादसे के वक्त के मौसम और एयर ट्रैफिक कंट्रोल से हुई रेडियो बातचीत की गहन जांच करेगी। मैकेनिकल खराबी, खराब मौसम या इंसानी गलती – इन तीनों आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे मामलों में फाइनल रिपोर्ट आने में कई महीनों का वक्त लग सकता है।

सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को मिली राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय को उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। साथ ही, कोर्ट ने निर्देश दिया है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जाए, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई शिकायत कानूनी रूप से विचार योग्य है या नहीं।

यह मामला कर्नाटक के बीजेपी कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी के पास उनकी ज्ञात आय के स्रोतों की तुलना में कहीं अधिक संपत्ति है। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को इन आरोपों की जांच करने और उठाए गए कदमों के बारे में कोर्ट को सूचित करने का निर्देश दिया था। हालांकि, राहुल गांधी ने हाई कोर्ट के इस निर्देश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

युवाओं को झूठ पसंद नहीं है...वे अपने देश को मजबूत बनाना चाहते हैं...

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत में 'विविधता में एकता' की अवधारणा पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने बताया कि किस तरह अलग-अलग भाषाओं, अनेक बोलियों, 33 करोड़ देवी-देवताओं, और खान-पान तथा रीति-रिवाजों में भारी अंतर होने के बावजूद, भारतीय होने की भावना बनी रहती है। मोहन भागवत के अनुसार, भारत 'हम लोग' (वी द पीपल) की भावना से एकजुट है। तमिलनाडु, आंध्र, महाराष्ट्र और पंजाब के लोग एक साथ आते हैं और खुद को 'हम' के रूप में पहचानते हैं। अपनापन की यह भावना बहुत महत्वपूर्ण है, और यह केवल बाहरी खतरों के कारण पैदा नहीं होती है। अगर यह किसी खतरे की वजह से अस्तित्व में आया होता, तो उस खतरे के खत्म होते ही यह भी खत्म हो जाता। इसके विपरीत, भारत की यह भावना इतिहास के उतार-चढ़ाव और लंबे कालखंडों के दौरान लगातार विकसित होती रही है। उन्होंने कहा कि हम, भारत के लोग, प्राचीन काल से अस्तित्व में



हैं; हम आज भी हैं, और भविष्य में भी बने रहेंगे। इस भावना को केवल शब्दों या भाषा के माध्यम से व्यक्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए उदाहरणों की आवश्यकता है। ऐसी मिसालें जो एकता की इस भावना को और अधिक मजबूत करेंगी।

भागवत ने कहा कि युवाओं को झूठ पसंद नहीं है। वे अपने देश को मजबूत बनाना चाहते हैं। वे जब भी स्वयंसेवक समाज को तकलीफ में देखते हैं तो वे खुद आगे आते हैं। वे कभी संसाधनों या मदद की चिंता नहीं करते। मोहन भागवत में कार्यक्रम में आगे कहा कि भारत की युवा पीढ़ी गुलामी के प्रभावों से मुक्त है। मैं जब घूमता हूं तो मैं देखता हूं। उनमें एक प्रामाणिकता है। वे लोग झूठ का तिरस्कार करते हैं। कोई बोलने वाला प्रामाणिकता से बोलता है। अपने देश को बड़ा बनाने की उनकी इच्छा है।

ड्रग मनी हिंद महासागर के लिए बड़ा खतरा : डोभाल

माले/नई दिल्ली, एजेंसी। मालदीव की राजधानी माले में बुधवार को कोलंबो सिक्योरिटी काउंसिल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 8वीं बैठक आयोजित की गई। इसमें भारत के एनएसए अजित डोभाल ने हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, स्थिरता और साझा विरासत पर जोर दिया। ड्रग तस्करी को लेकर फिक्र जाहिर जताते हुए उन्होंने कहा कि भारत श्रीलंका, मालदीव समेत अन्य देशों के साथ जानकारी साझा कर इस पर काम कर रहा है और अब इस सहयोग को और आगे बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव की यात्रा में योगदान देने वाले सभी सदस्य देशों का धन्यवाद किया। डोभाल ने कहा, हमने एक शुरूआती विचार से शुरूआत की थी कि हिंद महासागर हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, हमारी



आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र के लोगों के हितों के लिए भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, सभी के सहयोग से आज इस मंच के पास अपना सचिवालय है, अपने महासचिव हैं और आने वाले समय में इसे और आगे ले जाने की उम्मीद है। हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय देश एक साझा समुद्री क्षेत्र साझा करते हैं और एक सभ्यतागत विरासत से जुड़े हैं जो लंबे इतिहास में आकार ले चुकी है। हमारी परंपरा हमें समुद्र के माध्यम से जोड़ती है,बांटती नहीं।

डोभाल ने याद दिलाया कि नवंबर 2020 में कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव का गठन हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता के सामूहिक विजन के साथ किया गया था। उन्होंने कहा, संगठनात्मक जड़ें जमाने के साथ-साथ सीएससी को एक एक्शन-ओरिएंटेड मंच में बदला गया है, जहां सहयोग सभी सदस्य देशों के आपसी लाभ को प्राथमिकता देता है।उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा और संरक्षा, आतंकवाद और कट्टरपंथ का मुकाबला, साइबर सुरक्षा और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) सहित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मजबूत सहयोग जारी है। यही सहयोग सीएससी की भावना को परिभाषित करता है। बैठक में ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया के प्रतिनिधियों की मौजूदगी पर खुशी जताते हुए डोभाल ने उम्मीद जताई कि ये विशिष्ट अतिथि भविष्य में इस मंच से जुड़ेंगे।

डीयू सम्मेलन में शिक्षा के भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने अपनी प्रतिष्ठित शोध पत्रिका जर्नल ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस के स्वर्ण जयंती वर्ष (1976झ2026) के उपलक्ष्य में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान शिक्षाः समस्याएँ, संभावनाएँ एवं भविष्य विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। गांधी भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित इस सम्मेलन का संयुक्त आयोजन विभाग एवं दिल्ली लाइब्रेरी एसोसिएशन द्वारा किया गया। सम्मेलन के प्रमुख आकर्षणों में दिल्ली लाइब्रेरी एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष स्वर्गीय एन. के. गोयल की स्मृति में आयोजित एन. के. गोयल स्मृति व्याख्यान शीर्षक संपादित पुस्तक का विमोचन शामिल रहा। सम्मेलन के अंतर्गत शोध पत्र प्रस्तुतियों के लिए तीन समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. रोशन रैना ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन की शोभा बढ़ाई।



इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं दिल्ली लाइब्रेरी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर के. पी. सिंह ने दो महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। पहली घोषणा के अंतर्गत उन्होंने गांधी भवन घोषणा प्रस्तुत की। इस ऐतिहासिक घोषणा पर विभाग के संकाय सदस्यों, पूर्व विद्यार्थियों, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के पेशेवरों तथा शुभचिंतकों ने हस्ताक्षर किए। यह पहल विभाग की आठ दशकों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा को एक संस्थागत पहचान प्रदान करने तथा विभागीय एलुमनी एसोसिएशन के औपचारिक एवं विधिक गठन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपनी दूसरी घोषणा में प्रो. सिंह ने विभाग के संकाय सदस्यों एवं शोधकताओं से सामूहिक ज्ञान, दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से आए 150 से अधिक शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सम्मेलन में अनेक प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं पेशेवरों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण; प्रो. गुरमोहिंदर सिंह, प्राचार्य, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज; डॉ. प्रिया राय, महानिदेशक, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी; डॉ. वी. के. जे. जीवन, पुस्तकालयाध्यक्ष, इग्नू; प्रो. मनोज कुमार जोशी; प्रो. मीरा; प्रो. मनीष कुमार; प्रो. ए. पी. सिंह; प्रो. एम. पी. सिंह; प्रो. हंसराज सुमन; प्रो. मनोज कुमार कैन; डॉ. रितु सेठी; डॉ. संगीता तालुकदार; डॉ. कुमार संजय; डॉ. हंसराज; डॉ. जे. एन. सिंह; श्री एस. एस. खसा; डॉ. प्रभात चौधरी; डॉ. निर्मल खत्री; डॉ. अशोक कुमार तथा श्री संजय कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथि सम्मिलित रहे। सम्मेलन के आयोजन सचिव प्रो. एम. मधुसूदन ने आयोजन संबंधी गतिविधियों एवं सत्रों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि सम्मेलन निदेशक प्रो. राकेश कुमार भट्ट ने उद्घाटन समारोह में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

आतंकवादी नई तकनीक का कर रहे इस्तेमाल

न्यूयॉर्क, एजेंसी। भारत ने दुनिया को आंतकियों के बदलते पैटर्न से आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र के मंच से भारत ने तकनीक के दुरुपयोग का हवाला देते हुए हैकिंग के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि आतंकवादियों और नॉन-स्टेट एक्टर्स द्वारा उभरती तकनीकों का संभावित दुरुपयोग बेहद गंभीर चिंता का विषय है। तेजी से होते तकनीकी बदलावों के दौर में संघर्ष समाधान विषय पर सुरक्षा परिषद की एक चर्चा के दौरान उन्होंने कहा, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के जरिए अधूरा, गलत या जानबूझकर बदला गया डेटा निर्णय लेने की प्रक्रिया को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। भारत ने डिजिटल बुनियादी ढांचे, साइबर सुरक्षा और उभरती हुई तकनीकों के क्षेत्र में काफी प्रगति की है।

कोलंबिया का बंधक संकट खत्म: सभी छुड़ाए, एक अपहरणकर्ता की मौत



बोगोटा, एजेंसी। *कोलंबियाई सुरक्षा बलों ने कैरेबियाई शहर काटार्जेना के एक सुपरमार्केट में धावा बोलकर दिन भर चले बंधक संकट को खत्म कर दिया है। राष्ट्रपति ने बताया कि सभी बंधकों को सुरक्षित बचा लिया गया है और एक अपहरणकर्ता मारा गया है। सिंहुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार सुरक्षा बलों के इमारत में घुसने से पहले कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। माना जा रहा था कि वहां हथियारबंद लोगों ने लगभग 20 लोगों को बंधक बना रखा था। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, राष्ट्रपति अबेलार्डो डी ला एस्प्रिएला ने कहा, राष्ट्रीय पुलिस और सशस्त्र बलों के एक असाधारण संयुक्त अभियान के जरिए सभी बंधकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बुधवार आधी रात के कुछ समय बाद, सुपरमार्केट के बाहर सुरक्षा बलों के जमा होने के दौरान, एक पुलिस हेलीकॉप्टर शॉपिंग सेंटर के ऊपर काफी नीचे मंडरा रहा था। इसके बाद, जैसे ही टैक्टिकल टीमें अंदर दाखिल हुईं, पूरे परिसर में धमाकों की आवाजें गूंज उठीं।*

अमेरिका ने अलीबाबा की सात कंपनियों पर लगाया निर्यात प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने उन्नत कंप्यूटिंग उपकरणों और अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर चिप की अनधिकृत इस्तेमालकर्ताओं तक पहुंचने की आशंका के चलते सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड और अलीबाबा की एक सहायक कंपनी समेत सात कंपनियों पर निर्यात प्रतिबंध लगा दिया है।

अमेरिकी वाणिज्य विभाग के उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो ने इन कंपनियों को अपनी एंटिटी लिस्ट में शामिल किया है। इसके बाद अमेरिकी निर्यात नियमों के दायरे में आने वाले उत्पादों, तकनीक और उपकरणों के निर्यात, पुनर्निर्यात या हस्तांतरण के लिए विशेष लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे लाइसेंस के आवेदनों को सामान्यतः खारिज किया जाएगा। ये प्रतिबंध 23 नवंबर से प्रभावी हो गए हैं। हालांकि, इन्हें औपचारिक रूप से 25 नवंबर को अमेरिकी फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित किया गया।

टर्की में ट्रंप का दावा, ईरान की सैन्य ताकत लगभग खत्म हो गई



वाशिंगटन, एजेंसी। *अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में थैंक्सगिविंग के पारंपरिक टर्की पार्डन समारोह के दौरान दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ईरान के पास अब न तो प्रभावी सेना बची है और न ही नौसेना। हालांकि, उसके पास कुछ मिसाइल दागने की क्षमता अभी भी है। इस समारोह में ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध, तेल आपूर्ति, ईंधन की कीमतों और हालिया चुनावों पर भी अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने वेस्ट वर्जीनिया में पाले गए दो टर्की फ्रीडम और फेदर्स को परंपरा के अनुसार थैंक्सगिविंग के भोज में शामिल नहीं किया,यानी उन्हें माफी दे दी गई।*

उन्होंने दावा किया कि युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में अभी होर्मुज स्ट्रेट से अधिक तेल की आवाजाही हो रही है। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की भी तारीफ की और कहा कि अस्थायी रोक की अवधि को छोड़कर कोई ईरानी जहाज इस नाकेबंदी को पार नहीं कर पाया है।

ऑस्ट्रेलिया के फ्लिंडर्स द्वीप पर जंगल की आग हुई भीषण, बाहर निकलना जानलेवा

कैनबरा, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी तट के पास स्थित फ्लिंडर्स द्वीप पर जंगल की भीषण आग ने विकराल रूप ले लिया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए जानलेवा आपातस्थिति घोषित की गई है। अधिकारियों ने प्रभावित इलाके के निवासियों और वहां मौजूद पर्यटकों को चेतावनी दी है कि अब वहां से निकलने में देर हो चुकी है और बाहर जाने की कोशिश उनकी जान के लिए खतरा बन सकती है।

तस्मानिया राज्य की अग्निशमन सेवा ने बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10:43 बजे इमरजेंसी वॉर्निंग जारी की। इसमें कहा गया कि फ्लिंडर्स द्वीप के उत्तर-पश्चिमी तटीय इलाके में अनियंत्रित आग लोगों की जान और घरों के लिए खतरा बन गई

ऑस्ट्रेलिया में जंगल की आग का खतरा केवल तस्मानिया तक सीमित नहीं है। इससे पहले 20 नवंबर को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने पर्थ के उत्तरी उपनगरों में भी जंगल की बेकाबू आग को लेकर आपातकालीन चेतावनी जारी की थी।

है। प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों और पर्यटकों को तत्काल अपनी सुरक्षा के लिए कदम उठाने को कहा गया है।



सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, अलर्ट में कहा गया, अब वहां से निकलने में बहुत देर हो चुकी है। आग निकासी के रास्तों को अपनी चपेट में ले रही है और इस समय बाहर निकलने की कोशिश जानलेवा साबित हो सकती है। आग पहुंचने से पहले किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। इस समय आग बुझाने की कोशिश न करें।

फ्लिंडर्स द्वीप ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी राज्य विक्टोरिया और मुख्य तस्मानियाई द्वीप के बीच बास स्ट्रेट में स्थित है। बुधवार को जारी आपातकालीन चेतावनी जिस इलाके के लिए थी, वहां 2021 की राष्ट्रीय जनगणना के समय लगभग 43 लोग रहते थे।

अग्निशमन अधिकारियों ने लोगों को घर के भीतर ऐसे कमरे में शरण लेने की सलाह दी है, जहां से बाहर निकलने के रास्ते स्पष्ट हों। उन्हें सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने तथा एयर कंडीशनर बंद करने को कहा गया है। चेतावनी में कहा गया कि घना धुआं और हवा के साथ उड़कर आने वाली आग की चिंगारियां आसपास के इलाकों को भी खाक कर सकती हैं। छोटी-छोटी जगहों पर आग भड़क सकती है और घरों को खतरा पैदा हो सकता है।